


वाराणसी, रविवार, 12 मार्च, 2023

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 5, वर्ष 12, अंक 32, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित


अन्दर : आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे दिन का खेल खत्म, विराट कोहली ने जड़ी फिफ्टी



अन्दर : पारसी थियेटर और अखबार अवधपंच


डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





# नौकरी दिलाने के नाम पर झटके 2.50 लाख

**रपट दर्ज**

### फर्जी साक्षात्कार भी कराया, जो चेक दिया वो भी हो गया बाउंस




**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी पटिया इलाके में रहने वाले इंजीनियर दुर्गेश सिन्हा की शिकायत पर नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने वास्तु खंड गोमती नगर, पूर्वी कमिश्नरेट लखनऊ के रहने वाली अपराजिता, उनके पति वैभव श्रीवास्तव और वैभव के पिता अनिल श्रीवास्तवके खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि दुर्गेश के छोटे भाई का नौकरी लगवाने के नाम पर सभी ने पांच लाख की मांग की। इस पर असमर्थता जताने पर 2.20 लाग्न वर्ष 2021 में लिया। इसके बाद साक्षात्कार भी कराया। इसके बाद भी नौकरी नहीं मिली। पैसा वापस लौटाने के नाम पर दो चेक भी भेजे, जो बाउंस हो गया। फोन करने पर गाली गलौज धमकी सभी देते हैं। पुलिस शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

## खाने के चक्कर में गंवाये 42 हजार

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के भगवानपुर इलाके में रहने वाली प्रज्ञा सिंह शनिवार को एक निजी फुड डिलेवरी कंपनी से खाना ऑर्डर किया। खाना तो आया नहीं उल्टे उनके खाते से 42 हजार ऑनलाइन खाते से कट गया। ये तब हुआ जब ऑनलाइन संपर्क कस्टमर केयर में किया ताकि आर्डर का पैसा रिफंड हो जाए। उनसे जालसाज ने एक एप डाउनलोड करने के बाद उनके खाते से 42 हजार उड़ा लिए। पीड़िता ने लंका थाने पर तहरीर दी।

## सूबे के दोनों डिप्टी सीएम का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**वाराणसी।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक शनिवार की सुबह वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। दोनों ने एयरपोर्ट से मिजार्पुर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव के आवास के लिए प्रस्थान किया। वाराणसी एयरपोर्ट पर दोनों की अगवानी के लिए महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, कौशलेंद्र पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या साथ में शैलेश पांडे प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी प्रांत भी उपस्थित रहे। बता दें कि शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके ओडी स्थित आवास पर गए थे। 10 मिनट तक बंद कमरे में उन्होंने जल शक्ति मंत्री से बात कर सांत्वना दी।

# भांजे की मौत के बाद मामी ने भी तोड़ा दम

**सड़क हादसा**

### शहर में इलाज के लिए आये थे सभी, कार चालक की तलाश



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के जंसा कस्बा में शुक्रवार को देर रात हुई सड़क दुर्घटना में भांजे सुहेल अहमद की मौत हो गई थी। वहीं दुर्घटना में घायल मामी साबिया खातून (35) ने भी इलाज के दौरान शनिवार को दम तोड़ दिया। साबिया का इलाज बीएचयू ट्रामा सेंटर में चल रहा था।

जानकारी के शुक्रवार को गोराई निवासी सुहेल अहमद अपनी मामी साबिया खातून और दो बच्चों को लेकर शहर में इलाज के लिए आया था। यहां से लौटते वक्त जंसा स्थित एक बाइक एजेंसी के सामने दूसरी दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। घटना स्थल पर ही सुहेल की मौत हो गयी जबकि बाइक पर बैठी मामी साबिया और दो बच्ची गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस ने सभी को ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया था। शनिवार को इलाज के दौरान साबिया खातून की मौत हो गई। एक ही परिवार में हुई भांजे और मामी की मौत से गांव में सन्नाटा छा गया वहीं परिवार में कोहराम मचा है। साबिया का पति चालक है और इसी पेशे से परिवार का भरण पोषण करता है। कार चालक की पुलिस तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### 15 को रोडवेज कर्मी करेंगे रास्ता रोको आन्दोलन

**वाराणसी।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर 15 मार्च को कैंट रोडवेज बस स्टेशन पर प्रदर्शन किया जायेगा। ईपीएस95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति देश के 27 राज्यों में पेन्शनरों के कल्याण के लिए कार्यरत एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। समिति के कार्यवाहक मंत्री शिव कुमार सिंह ने बताया कि ईपीएस 95 पेन्शनरी की जायज मांगो की केन्द्र सरकार से बंजूर करवाने हेतु संगठन की ओर से देश के प्रमुख स्थानों एक ही दिन एक ही समय पर रास्ता रोको आन्दोलन करने का निर्णय लिया है उसी निर्णय के अनुसार कैंट रोडवेज पर रास्ता रोको आन्दोलन किया जायेगा।

### होली खेले रघुबीरा अवध में...

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस के तत्वावधान में शनिवार को 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में कलाकार हरि पौडयाल ने बांसुरी वादन की




प्रस्तुति की। तबले पर गौरव चक्रवर्ती तथा उनके शिष्य फ्रांस के शिवम मुनि और मदन ने बांसुरी पर साथ दिया। कार्यक्रम का आरंभ राग हंसध्वनि में अलाप से हुआ। उसके बाद तीन ताल में बंदिशें और "होली खेले रघुबीरा अवध में " पर वाद्य वादन से समापन हुआ। कलाकारों को प्रमाणपत्र अध्यक्ष संग्रहालय दीन दयाल हस्त कला संकुल अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कलाकार द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन अंकिता खत्री ने किया।

### होली विवाद में घर बुलाकर की मारपीट

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा इलाके में रहने वाले अजय कुमार और शुभम कुमार को फोन कर हमलावरों ने शुक्रवार की रात घर से बुलाया और लाठी-डंडे से हमला कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के बीच बचाव करने पर किसी तरह हमलावरों के चंगुल से दोनों निकले। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। इस मामले में मंजू देवी, राजकुमार रामबाबू और आनंद मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी होली के दिन कहासुनी हुई थी।

### कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत समेत नौ पर केस

**चोलापुर।** एडीओ पंचायत, सेक्रेटरी, प्रधान सहित नौ के खिलाफ चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के भदवा गांव में पंचायत सहायक (अकाउंटेंट) पद पर नियुक्ति में धांधली का आरोप एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी और प्रधान सहित 9 लोगों के पर लगा। भदवा गांव की ममता कुमारी ग्राम पंचायत सहायक ( अकाउंटेंट) पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। नियुक्ति में धांधली कर दूसरे की नियुक्ति कर दी गयी। इस मामले को लेकर ममता ने थाने में रपट दर्ज कराने आयीं लेकिन यहां सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर सभी नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

# डीसीपी ने दो थानों पर सुनी फरियाद



**वाराणसी।** समाधान दिवस पर शनिवार को डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने लंका और चितईपुर थाने पर फरियादियों की शिकायतों को सुना और जांच कर निस्तारण के लिए थानाध्यक्षों को निर्देशित किया।

उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर में अंकित करके दोनों पक्षों को सूचित करते हुए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा के अन्दर कराया जाए। पुलिस उपायुक्त काशी जोन ने प्रभारी निरीक्षक लंका व थानाध्यक्ष चितईपुर के साथ थाने पर उपस्थित उपनिरीक्षकगण को निर्देशित किया कि थाना दिवस पर प्राप्त समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा के अन्दर किया जाय तथा जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं सम्बन्धित विभाग/उच्चाधिकारीगण कार्यालय के माध्यम से निस्तारण करायें थाना समाधान दिवस में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# रनिंग स्टॉफ के शोषण पर रेलकर्मी लामबंद

**आक्रोश**

### संयुक्त लाबी पर किया प्रदर्शन, 15 मार्च तक अधिकारियों को जगाने के लिए करेंगे प्रदर्शन



रेल कर्मचारियों को संबोधित करते यूआरएमयू के शाखा सचिव विंध्यवासिनी यादव

**वाराणसी।** रेलवे में कर्मचारियों के साथ किये जा रहे शोषण के विरोध में शनिवार को कर्मचारियों ने कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के संयुक्त लॉबी पर भोजनवकाश पर प्रदर्शन करते हुए मांग पूरी ना होने पर धरना देने की चेतावनी दी।

एनएफआईआर के उपाध्यक्ष एवं यूआरएमयू के महामंत्री बी.सी शर्मा के आह्वान पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन वाराणसी की जनरल एवं मैकेनिकल शाखा के पदाधिकारियों, सदस्यों, रेल कर्मियों ने इस प्रदर्शन का समर्थन करते हुए स्वर से स्वर मिलाया। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव विंध्यवासिनी यादव ने कहा रेल कर्मचारी रात दिन मेहनत कर रेल को गति दे रहें हैं लेकिन कर्मचारियों के हित की बात करने पर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। कहा कि रेल में न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करना चाहिए, इसके साथ ही रनिंग स्टाफ के ऑफ ड्यूटी करने के उपरान्त रनिंग रूम में मोबाइल जमा कराने का आदेश निरस्त किया जाए। रेलवे बोर्ड द्वारा लोको पायलट शंटिंग ग्रेड-1 लेवल-6 के पदों को समाप्त करने का आदेश रद्द किया जाए ।

रनिंग कर्मचारियों को मालगाड़ी, पैसेन्जर तथा मेल एक्सप्रेस में मुख्यालय ओवरशूट कराना बंद किया जाये। रनिंग कर्मचारियों को अन्डर रेस्ट बुक करना बंद किया जाये तथा मुख्यालय पर 16+2 एवं आउटस्टेशन पर 8+2 घंटे का रेस्ट सुनिश्चित किया जाये, सभी लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को बाकी टॉकी उपलब्ध कराया जाये। अधिकतम रनिंग डियूटी 8 घंटे का किया जाये तथा इसके मोनेटरिंग करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। बताया कि 15 मार्च तक भोजनवकाश के समय यह धरना पदर्शन चलता रहेगा। इसके बाद भी शोषण बंद नहीं हुआ तो आगामी समय में आन्दोलन के लिए भी रेल कर्मी तैयार रहेंगे।

प्रदर्शन में सहायक मंडल मंत्री तारक नाथ, राकेश कुमार, एस के गुप्ता, जितेंद्र कुमार, डी पी यादव, अरूण कुमार, फिरदौस आलम ,सत्य प्रकाश, सतीश यादव, आमिर नेजामी, अजीत यादव, नखडू खरवार रमीज खान, अखिलेश यादव आदि थे।

# नगर आयुक्त ने जी-20 रूट का किया निरीक्षण



**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि ने शनिवार को शहर के जी-20 आयोजन के दृष्टिगत रूट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद अन्य निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पांडेयपुर फ्लाईओवर, पांडेयपुर चौराहा, पहड़िया, आशापुर सहित सारनाथ इलाके का निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त ने इस दौरान पांडेपुर फ्लाईओवर पर लगे जालियों पर बेतरतीब तरीके से लेते हुए डिश केबल आदि के तारों को ठीक कराए जाने, पांडेपुर फ्लाईओवर पर आवश्यकतानुसार विघटन लगाए जाने और पहाड़िया चौराहे पर सड़क के दोनों तरफ पोल पर डिश केबल आदि ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सारनाथ स्थित नई बाजार में नालियों के जल निकासी एवं जलजमाव की समस्याओं को भी दूर किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपन नगर आयुक्त राजीव राय, जोनल अधिकारी प्रमिला सिंह, अधिशासी अभियंता मार्ग प्रकाश अजय कुमार राम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह, अधिशासी अभियंता विकास प्राधिकरण आदि मौजूद रहे।

### अवैध केबल तारों को हटाने का अभियान कल से

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सोमवार से नगर में स्थित विद्युत पोलों और मार्गों पर बिछाए गए केबिल तारों को हटाने की कार्रवाई शुरू होगी। नगर में विभिन्न केबिल ऑपरेटरों के द्वारा अवैध रुप से केबिल तारों को फैलाया गया है, जिसकी शिकायत आए दिन नगर निगम को प्राप्त हुई है, इससे शहर की सुंदरता भी खराब दिखती है। आगामी माह शहर में आयोजित जी 20 सम्मेलन को देखते हुए 13 मार्च सोमवार से प्रथम चरण के तहत शिवपुर संत अतुलानंद विद्यालय से नदेसर स्थित होटल ताज तक मार्ग पर जोनल अधिकारी प्रमिता सिंह के नेतृत्व में इन केबिल तारों को हटाने का अभियान चलाया जाएगा। नगर आयुक्त ने सभी केबिल ऑपरेटरों से आग्रह किया गया है कि वह अपने केबिल तारों को प्रत्येक दशा में हटावा लें, निगम की ओर से सोमवार से चलाए जाने वाले अभियान में सभी तारों को हटाते हुए संबंधित से जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

## पुलिस की जांच में वायरल वीडियो पुराना

**वाराणसी।** विदेशी युवती से बदसलूकी का वायरल वीडियो पुराना है। यह तथ्य भेलूपुर पुलिस की जांच में सामने आया है। पुलिस का कहना है कि जिस जगह का वीडियो बताया जा रहा, वहां के सीसी फुटेज खंगाले गए, लेकिन कुछ नहीं मिल सका।

सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लोग विदेशी युवती को गुलाल लगाते दिख रहे हैं। आरोप है कि होली के दिन रंग लगाने के बहाने वाराणसी में विदेशी युवती के साथ बदसलूकी की गई। मामले की जानकारी मिलते ही कमिश्नरेट पुलिस हरकत में आ गई। जांच में संबंधित स्थान अस्सी घाट पाया गया तो पुलिस वहां पहुंची। इंस्पेक्टर भेलूपुर रमाकांत दूबे ने बताया कि फोर्स के साथ मौका मुआयना किया गया। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने के साथ ही सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। वीडियो में जो स्थान दिख रहा है, वहां अब काफी कुछ बदल गया है। वीडियो पुराना है। ऐसा प्रतीत हो रहा कि पुराना वीडियो वायरल कर-के शहर की छवि खराब की जा रही है। इसकी रिपोर्ट आला अफसरों को दी जाएगी।

# चोरी गया ऑटो कबाड़ी के पास कटा मिला, तीन अरेस्ट



**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थानाक्षेत्र मिल्कीपुर नहर मार्ग व खजुरी चट्टी (साधु कुटिया) के पास से शनिवार को मिर्जामुराद पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोचा। अभियुक्तों के पास से वाहन के कटे पार्ट्स और वाहन के टायर समेत चोरी में इस्तेमाल औजार बरामद किया। आगे की कार्रवाई में तीनों को जेल भेजा गया।

अभियुक्तों की पहचान मीरजापुर जिले के कछवां हांसीपुर गांव निवासी अनूप कुमार, सिगरा के अंधरापुल निवासी सेनारूल शेख और गाजीपुर कोतवाली के गौरा बाजार निवासी छोटेलाल बिन्द उर्फ प्रमोद उर्फ देवा के तौर पर हुई।

थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि मिर्जामुराद थाने में ऑटो चोरी का मुकदमा दर्ज था। पुलिस जांच में सामना आया कि चोरी की वारदात दो अभियुक्तों ने दी। ऐसे में पुलिस सर्विलांस और अपने सूत्रों से दोनों को दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि चोरी ऑटो को दोनों ने एक कबाड़ी को बेचा था। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त कबाड़ी वाले को दबोचा और कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि वाहन को काट दिया गया है। मौके पर पुलिस ने उक्त ऑटो का इंजन और टायर बरामद किया साथ वाहन काटने में प्रयुक्त औजार भी पुलिस ने जब्त किया। पुलिस की माने तो आरोपी कबाड़ी पलक झपकते ही वाहन को ठिकाने लगा देता है। ऐसे में पुलिस की कुंडली खंगाल रही और ये भी पता लगाने में जुटी है कि अब तक आरोपी कबाड़ी ने कितने वाहनों को काटा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, चौकी प्रभारी मनोज कुमार कोरी, एसआई अमित पाण्डेय, एसओजी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, एसआई मनीष कुमार मिश्रा, आदित्य मिश्रा समेत अन्य लोग रहे।

## पत्नी समेत चार पर चोरी में आठ महीने बाद रपट दर्ज

**पिंडरा।** फूलपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शनिवार को आठ महीने पहले हुई चोरी के मामले में पत्नी समेत चार के खिलाफ फूलपुर थाने में रपट दर्ज हुआ। न्यायालय को 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र में रोह निवासी आशीष चौहान ने आरोप है कि आठ महीने पहले जुलाई में घरवालों के साथ खेत में काम पर गया था। इस दौरान उसकी पत्नी अनीषा मायके चार लोगों के साथ आयी और बक्से में रखा भैंस बिक्री के 50 हजार रुपए समेत सोने चांदी के आभूषण चोरी कर वहां से निकल गयी। मामले की जानकारी शाम को तब हुई जब वह खेत से काम कर लौटा। घर का ताला टूटा देख उसने पड़ोसियों से पूछताछ की तो पता चला कि उसकी पत्नी और कुछ लोग आये थे। इस बाबत पीड़ित ने पुलिस से न्याय औ गिरफ्तारी की गुहार लगायी लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। भुक्तभोगी ने कोर्ट का सहारा लिया और आठ महीने बाद कोर्ट के आदेश पर पत्नी अनीशा चौहान, दयाशंकर, कांता और पत्तर चौहान के खिलाफ 379, 504 व 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1991 अनुक्रमांक 1063295 का प्रमाणपत्र खो गया है। विजय प्रसाद मिश्रा पुत्र रामसहाय मिश्रा। पता-अजोरपुर, पो0-बन्दीपुर अम्बेडकर नगर।

मेरा इण्टर परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1630165 का अंक सह मूल प्रमाणपत्र खो गया है। धनन्जय कुमार पुत्र जगनाथ साह। ग्राम व पो0-लहसनी, जिला-बलिया उ0प्र0।

मैं नम्बर 13965535 एक्स हवलदार कृष्ण देव सिंह आर्मी से रिटायर हूं मेरी पत्नी प्रेमलता सिंह की जन्मतिथि गलती से सर्विस रिकार्ड में 01.07.1967 लिख गयी है जबकि सही जन्मतिथि 24.02.1968 है।

आवश्यकता

प्रबन्धक-7525000102

# वाराणसी को पंद्रह दिन में करेंगे भिखारियों से मुक्त

**कवायद**

### डीएम और सीडीओ ने अभियान के संबंध में वर्चुअल बैठक कर दिये निर्देश

### आज से भिक्षुओं की कांउसिलिंग, भीख न देने के लिए जनता को करेंगे जागरूक

### रेसक्यू टीम कल से भिखारियों को उठाकर शेल्टर होम और बालगृहों आदि में रखेगी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद को अगले 15 दिनों में भिक्षावृत्ति मुक्त कराने की कवायद शुरु हुई है। रविवार से भिखारियों की कांउसलिंग आरंभ करेंगे। साथ ही भिखारियों को भीख न देने संबंधी प्रचार-प्रसार होगा। उसके बाद रेसक्यू की कार्यवाही के लिए गठित टीम 13 मार्च अभियान में जुटेगी। टीम भिखारियों को विभिन्न शेल्टर होम, बालगृहों और अपना घर आश्रम आदि में रखेगी।

'भिक्षावृत्ति मुक्त काशी' अभियान-2023 के सफल संचालन के उद्देश्य से शनिवार को डीएम एस. राजलिंगम तथा सीडीओ हिमांशु नागपाल ने पुलिस, नगर निगम, अन्य संबंधित विभागों और एनजीओ के साथ वर्चुअल बैठक कर यह निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम एवं पुलिस विभाग को पब्लिक ऐड्रेसिंग सिस्टम, पोस्टर, बैनर, पैंफलेट आदि के जरिये प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये।

मीटिंग में मुहिम के दौरान भिक्षावृत्ति निषेध अधिनियम एवं मानवाधिकारों आदि का अनुपालन कराने पर बल दिया गया। उन्होंने आगामी 15 दिन के भीतर काशी को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने को कहा। अपर नगर आयुक्त को नगर निगम के शेल्टर होम में सभी सुविधाएं तैयार रखने समेत विभिन्न चिह्नित स्थानों पर 'भिक्षावृत्ति अपराध है' के साइनेज लगाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अफसरों को अभियान में किसी भी स्तर सुस्ती या लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। साथ ही एनजीओ 'अपना घर' एवं 'रोटी बैंक' से इस मुहिम में सहयोग की अपील की। 'रोटी बैंक' के प्रतिनिधि ने उन्हें बताया कि उनका संगठन बीते सात साल से भिखारियों, ठेला-रिक्शा चालकों, मानसिक रूप से विकृत और लावारिस लोगों को प्रतिदिन भोजन पहुंचा रहा है। इसलिए उनके संगठन के सदस्यों के जरिये भिखारियों को पहचानना एवं चिह्नित करना आसान होगा।

# सार्वजनिक स्थलों पर थूकने पर लगेगा जुर्माना

**चेतावनी**

### निगम की ओर से जी-20 सम्मेलन को लेकर लिया गया निर्णय, कूड़ा फेंकने पर भी होगी कार्रवाई

**वाराणसी।** शहर में होने वाले जी-20 सम्मेलन को लेकर प्रशासन की ओर से कवायद शुरू हो गई है। जिसे लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण और सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। नगर निगम की ओर से स्वच्छता अभियान चलाए जाने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने के कार्यवाही का भी निर्णय लिया गया है। जिसके तहत सार्वजनिक स्थलों व स्थानों पर यहां-वहां थूकने और कूड़ा फेंकने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा।

निगम की ओर से अब सार्वजनिक स्थलों पर थूकने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। ऐसा करने वालों से 250 रुपये जुमार्ना वसूला जाएगा। वहीं खुले स्थान पर पेशाब करने, प्रतिबंधित स्थानों पर कूड़ा फेंकने पर भी जुमार्ना वसूल किया जाएगा। इसके पहले निगम द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। चौराहे पर लगे डिस्प्ले बोर्ड और निगम कर्मियों के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने, खुले में पेशाब न करने, उचित स्थान पर ही थूकने के लिए अपील की जाएगी। यही नहीं, सिगरा स्थित त्रिनेत्र भवन (सिटी कमांड सेंटर) से एक साथ शहर के 55 चौराहों पर प्रसारण भी कराया जाएगा। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में लोग पान खाने के शौकीन हैं। ऐसे में निगम पान खाने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाने जा रहा है। कुछ लोग पान खाकर इधर-उधर थूक देते हैं। निगम उनसे निर्धारित स्थान पर थूकने का अपील करेगा। इसके अलावा निगम व वीडीए द्वारा संयुक्त रूप से गंगा में संचालित होने वाली नावों पर आकर्षक पेंटिंग करने का निर्णय लिया है। नावों पर जी-20 का स्टीकर भी लगाया जाएगा।



पूर्वोत्तर रेलवे
टेण्डर नोटिस
www.ireps.gov.in
गोरखपुर

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 5, वर्ष 12, अंक 32, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 12 मार्च, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : पारसी थियेटर और अखबार अवधपंच

अन्दर : आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे दिन का खेल खत्म, विराट कोहली ने जड़ी फिफ्टी



डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# 600 करोड़ के घोटाले में फंसा लालू परिवार

## ईडी को लालू के करीबियों के घर से 1 करोड़ कैश, 2 किलो सोना मिला

**ई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन केस प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि यह 00 करोड़ का घोटाला है। जांच में ता चला है कि 350 करोड़ रुपए के लॉट और 250 करोड़ रुपए लेनदेन ए हैं। 24 जगह छापे मारे गए हैं। इनमें क करोड़ कैश मिले हैं। रेलवे के भिन्न जोन में ग्रुप डी की भर्ती में 0% कैंडिडेट्स की भर्ती लालू परिवार चुनावी क्षेत्रों से हुई है। जमीन के दले नौकरी देने के मामले में बीआई की चार्जशीट पर कोर्ट ने मन जारी किया था। जिसमें 15 मार्च ो कोर्ट में सभी को पेश होने के आदेश ए गए हैं।

इधर, ईडी की रेड के बाद सीबीआई ी एक्टिव हो गई है। जांच एजेंसी ने निवार को बिहार के डिप्टी उट जस्वी यादव को पूछताछ के लिए मन भेजा और आज ऑफिस आने के ए कहा। इससे पहले 4 फरवरी को जा गया था। खबरों के मुताबिक, जस्वी की पत्नी की तबीयत खराब होने की वजह से सीबीआई के सामने पेश नहीं होंगे। उन्होंने वक्त मांगा है। ईडी की रेड के बाद उनकी पत्नी को शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था। वे गर्भवती हैं। छापे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम जब साथ आते हैं तो रेड शुरू हो जाती है। 2017 में भी ऐसे ही हुआ था और अब 5 साल बाद भी वही हो रहा है।

**कसा शिकंजा**

**लैंड फॉर जॉब्स केस में अब तेजस्वी को सीबीआई का समन**

**लालू के समधी के घर 16 घंटे तलाशी, 3 बड़े बॉक्स में डॉक्यूमेंट्स ले जाए गए**

**लालू के करीबी दोजाना के घर 12 घंटे तलाशी चली सैप्टिक टैंक तोड़ा**



इधर, बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीतीश और लालू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू परिवार ने नौकरी के बदले जमीन ली है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तो विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। नीतीश कुमार अवसरवादी नेता हैं।ईडी ने बताया कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि पटना और इसके आसपास अवैध रूप से लालू परिवार ने जमीनों का अधिग्रहण किया है। ये जमीनें लालू के परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर ली हैं। जमीन का इस समय रेट 200 करोड़ रुपए है। जमीन देने और लेने वालों की पहचान कर ली गई है। ईडी ने चौथे पॉइंट में बताया है- दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में डी-1088 चार स्टोरी बंगला है। यह मेसर्स ए-बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर है। इस कंपनी का कंट्रोल तेजस्वी यादव और लालू परिवार के पास है। इसे तेजस्वी यादव अपने आवासीय संपत्ति की तरह यूज करते हैं। इसका बाजार रेट इस समय 150 करोड़ रुपए है, जबकि इसे चार लाख में लिया गया था। ईडी ने पांचवे पॉइंट में बताया कि कैंडिडेंट्स से चार प्लॉट महज 7.50 लाख रुपए में आरजेडी के पूर्व विधायक अबु दोजाना ने खरीदे। इस डील में साढ़े तीन करोड़ का लाभ अबु दोजाना और राबड़ी देवी को हुआ।

प्रवर्तन निदेशालय ने लालू यादव के करीबियों और रिश्तेदारों के ठिकानों पर रेड में 1 करोड़ रुपए, 1,900 अमेरिकी डॉलर, 540 ग्राम सोना और 1.5 किलोग्राम सोने के आभूषण जब्त किए गए हैं। ईडी ने शुक्रवार को लालू यादव के करीबियों के दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में 24 जगहों पर छापेमारी की थी। इनमें दिल्ली के तेजस्वी यादव के घर, लालू की तीन बेटियों हेमा, रागिनी और चंदा का घर भी शामिल था। इनके अलावा, लालू के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद स्थित आवास पर भी छापा डाला गया था। लालू के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद स्थित आवास पर एऊ की कार्रवाई 16 घंटे तक चली। शुक्रवार सुबह 8 बजे शुरू हुई जांच-पड़ताल रात 12 बजे जाकर पूरी हुई। जांच एजेंसी 3 बड़े बॉक्स में डॉक्यूमेंट्स भरकर अपने साथ ले गई है। ईडी के 10 से ज्यादा अफसरों ने जांच की। शुक्रवार सुबह घर का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर आने या घर के सदस्य को बाहर जाने पर पाबंदी थी। सूत्रों ने बताया, परिवार के सभी सदस्यों के फोन बंद करा दिए गए। जितेंद्र यादव सपा के पूर्व एमएलसी हैं और गाजियाबाद के आरडीसी राजनगर इलाके में रहते हैं।

# पिता करते थे मेरा यौन शोषण:स्वाति

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालवील ने अपने पिता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनके पिता उनका शोषण करते थे। इतना ही नहीं वे गुस्से में बुरी तरह उनकी पिटाई भी करते थे। दिल्ली में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 100 महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर बोलते हुए स्वाति मालीवाल ने अपना दर्द बयां किया।

उन्होंने कहा कि मुझे अभी तक याद है मेरे पिता मेरे साथ यौन शोषण करते थे। जब वे घर में आते थे, तो मुझे बहुत डर लगता था। मुझे अभी तक याद है मैंने कितनी रातें बिस्तर के नीचे बिताई हैं क्योंकि मैं डर कर, कांप कर सहमी रहती थी। उस समय मैं सोचती रहती थी कि मैं ऐसा क्या करूं कि लड़कियों के साथ गलत करने वालों को सबक सिखाऊं।

मैं कभी नहीं भूल सकती मेरे पिता को इतना गुस्सा आता था कि वो आते थे और जब उनका मन करता था बिना किसी कारण के चोटी पकड़ते थे, दीवार पर फेंक देते थे, खून बहता रहता बहुत तड़प महसूस करती रहती थी, लेकिन पूरा समय यही चलता रहता था कि कैसे इस सिस्टम को बदलें। उन्होंने आगे कहा कि इस चाइल्डहुड ट्रोमा से निकलने में उनके परिवार ने उनकी बहुत मदद की है। स्वाति ने बताया, अगर मेरी जिंदगी में मेरी मां, मेरी मौसी, मेरे मौसाजी और मेरे नाना-नानी नहीं होते तो, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी इस चाइल्डहुड ट्रोमा से बाहर निकल पाती और आज आपके बीच मैं खड़े होकर इतने बड़े-बड़े काम मैं कर पाती। मैंने ये महसूस किया है जब बहुत अत्याचार होता है, तब बहुत बदला आता है, उस अत्याचार से आपके अंदर एक ऐसी आग जलती है जिसको आपने सही राह दिखा दी, तो आप बहुत बड़े-बड़े काम कर सकते हो। दिल्ली में आज महिलाओं के प्रति असाधारण साहस और प्रतिबद्धता दिखाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को विजेताओं को सम्मानित किया। लगभग 100 महिलाओं को दिल्ली महिला आयोग द्वारा पुरस्कार दिए गए।

**सुनाई कहानी**

**डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बयां की खौफनाक दास्तां**

**पूरा समय सोचती थी ऐसे लोगों को कैसे सबक सिखाऊं**

**चाइल्डहुड ट्रोमा से निकलने में परिवार ने की मदद**



# यूपी में बढ़े इंफ्लूएंजा-ए के मरीज

**लखनऊ।** इंफ्लूएंजा-अ के सब टाइप फ्लूएंजा (एच3एन2 वायरस) का कहर बढ़ता जा रहा है। कानपुर, आगरा, लखनऊ और प्रयागराज में फ्लूएंजा-ए के मामले तेजी से बढ़े हैं। बीते 5 दिनों में कानपुर में वायरस से पीड़ित मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। 23 गंभीर मरीजों को कानपुर के हैलट हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती किया गया है। इसमें 3 मरीज वेंटीलेटर पर हैं। आगरा में जिला अस्पताल की ओपीडी में शुक्रवार को 500 से अधिक मरीज पहुंचे। जिला अस्पताल के डॉ. अशोक अग्रवाल भी इस वायरस की चपेट में आ चुके हैं। कानपुर मेडिकल कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी के मुताबिक रोजाना इमरजेंसी में करीब 15 से 20 मरीज हैलट इमरजेंसी में एडमिट हो रहे हैं। इन्हें फेफड़ों और सांस नली में संक्रमण के चलते सांस लेने में दिक्कत हो रही है। प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि मरीजों की केस हिस्ट्री तैयार की गई है, सभी को 15 से ज्यादा दिनों से खांसी, जुकाम और बुखार था। इसके बाद सभी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। एक्स-रे कराने पर फेफड़ों में संक्रमण पाया गया है। 23 मरीजों की स्थिति देखते हुए आईसीयू और एचडीयू में एडमिट कराया गया है। कानपुर में इंफ्लूएंजा-ए वायरस का हमला होने के बाद भी जांच की सुविधा नहीं है। कार्यवाहक प्राचार्य के मुताबिक प्रदेश में अभी इसकी जांच सिर्फ लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी यानी केजीएमयू की आईसीएमआर लैब में ही हो रही है।

आईसीएमआर ने पहले ही एच3एन2 वायरस के प्रकोप की जानकारी दे दी है। हैलट मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेएस कुशवाहा की इमरजेंसी में रोगियों को भर्ती किया जा रहा है। कई मरीजों में ऑक्सीजन लेवल में भी उतार-चढ़ाव है। आगरा जिला अस्पताल में पहुंच रहे मरीजों में ज्यादातर बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। सबसे अधिक शिकायत बुखार के साथ खांसी की है। दवा लेने के बाद भी लोगों को बुखार लौट रहा है। 3 से 5 दिन में बुखार ठीक हो जाता है, लेकिन मरीजों की खांसी नहीं जा रही है। जिला अस्पताल में भीड़ अधिक होने से मरीजों को जांच के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं देहात क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्रों पर भी वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

**हड़कंप**

**कानपुर में 23 मरीज आईसीयू में भर्ती, आगरा जिला अस्पताल के डॉक्टर भी संक्रमित**

# मार्च में टूटेगा गर्मी का रिकॉर्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मार्च के आखिरी सप्ताह तक पिछले साल की गर्मी का रिकॉर्ड टूटेगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि शनिवार से यूपी में गर्मी बढ़ेगी। बीते 24 घंटे में दिन का करीब 3 डिग्री का तापमान बढ़ा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक 33.7 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रयागराज यूपी का सबसे गर्म शहर रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। इसके अलावा पूरे दिन धूप आती-जाती रही। बारिश का पूवार्नुमान नहीं है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मई में पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। 4 अप्रैल तक लू का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम केंद्र ने यूपी में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। गुरुवार देर रात तक प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की गरज-चमक के साथ बारिश हुई भी है। हालांकि, शुक्रवार को दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। इस दौरान न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। जोकि गर्मी का एहसास करवा रही है। दरअसल, मौसम विभाग के मुताबिक, पूर्वी भारत में 11 मार्च को आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान है। इसका असर यूपी के कई हिस्सों में पड़ सकता है।

**13 मार्च तक है बारिश का यलो अलर्ट, 4 अप्रैल तक लू का अलर्ट जारी**

## तौकीर रजा के बिगड़े बोल

**बरेली।** मस्लक के धार्मिक नेता और इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के मुखिया मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि पूरे देश में दस लाख से अधिक मुस्लिम लड़कियों को लालच देकर हिंदू लड़कों से शादी करा दी गई। उन्होंने पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि पीएम से सवाल करता हूं कि ऐसा कर हिंदू लड़कों ने क्या हिंदू समाज की लड़कियों का हक नहीं मारा। ऐसा करने वाले और उनकी हिमायत करने वाले न तो हिंदू समाज के हितैषी हैं और न देश के। बल्कि वह देश के गद्दार हैं।




## द्दाम और लल्ला गद्दी की तलाश में बिश, दो हिरासत में

**रेली।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बरेली में भी गातार दबिश चल रही है। माफिया अतीक हमद के भाई अशरफ के साले सद्दाम और ल्ला गद्दी की तलाश में बारादरी, किला, मनगर में पुलिस ने दबिश दी। पुलिस ने ल्ला के दो करीबियों को हिरासत में लियाहै।

# सतीश कौशिक मामले में नया मोड़

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर सतीश कौशिक की अचानक हुई मौत के मामले में नया अपडेट आया है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को बिजवासन स्थित फार्म हाउस से आपत्तिजनक दवा के पैकेट मिले हैं। हालांकि, फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि ये दवाएं किस चीज के इस्तेमाल की हैं। इसके साथ ही होली पार्टी में शामिल हुए लोगों की भी लिस्ट तैयार की जा रही है।

पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि दवाएं किसके लिए थीं। सूत्रों ने कहा कि जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि सतीश कौशिक का इससे कोई लेना-देना था या नहीं। जिस फार्म हाउस में सतीश कौशिक होली के सेलिब्रेशन में शामिल हुए थे, वह उनके दोस्त विकास मालू का है। पुलिस को यह भी पता चला है कि विकास मालू के खिलाफ दुष्कर्म का एक पुराना मामला दर्ज है। यह पता लगाने की भी कोशिश की जा रही है कि यह मामला कब और कहां दर्ज किया गया था। इसके अलावा, होली के दिन फार्म हाउस में आए 10 से 12 लोगों की भी सूची तैयार की जा रही है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कुछ भी संदिग्ध नहीं आया है। डॉक्टरों ने इसे हार्ट अटैक ही बताया है। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच के लिए विसरा का नमूना सुरक्षित रख लिया गया है। बता दें कि होली के दिन सतीश कौशिक दिल्ली में एक फार्म हाउस में थे। अगले दिन उनकी तबियत बिगड़ी तो उनको अस्पताल ले जाया गया, लेकिन यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सतीश कौशिक को अस्पताल ले जाने से पहले पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। इसके बाद अस्पताल की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। दिल्ली पुलिस ने फैसला किया कि उनका पोस्टमॉर्टम हरिनगर के दीन दयाल अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

**जांच**

**बिजवासन फॉर्म से दिल्ली पुलिस को मिला संदिग्ध दवा का पैकेट, फॉर्म हाउस में आए 10-12 लोगों की लिस्ट तैयार की जा रही**



# उपराष्ट्रपति ने राहुल गांधी को सुनाई खरी-खोटी

**रठ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर जोर ते हुए शनिवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा को कम करने की जाजत नहीं दी जा सकती है। कांग्रेस ता राहुल गांधी का बिना नाम लिए उन र निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि छ लोग आरोप लगाते हैं कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद में माइक बंद कर दिया जाता है, इससे बड़ा असत्य और कुछ नहीं हो सकता। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयुर्वेद महाकुंभ को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हम लोकतंत्र के मंदिरों का इस तरह अनादर होते हुए नहीं देख सकते। लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा को कम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। हम न केवल सबसे बड़े प्रजातंत्र हैं, हम लोकतंत्र की जननी भी हैं।

उपराष्ट्रपति ने ऐसा माहौल बनाने का आह्वान किया जहां राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा जैसे लोकतंत्र के मंदिरों के सदस्यों का व्यवहार अनुकरणीय होना चाहिए। उन्होंने कहा,"एक वातावरण तैयार कीजिए, संसद और विधानसभाओं में आचारण अनुकरणीय होना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सोमवार को लंदन में कहा था कि लोकसभा में काम करने वाले माइक अक्सर विपक्ष के बोलने के दौरान बंद हो जाते हैं। उपराष्ट्रपति बिना गांधी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद में माइक बंद कर दिया जाता है। इससे बड़ा असत्य और कुछ नहीं हो सकता। आज राज्य सभा के सभापति होने के नाते मजबूरन मुझे कहना पड़ रहा है कि भारत की संसद में माइक बंद नहीं होता। हां एक समय था, एक काला अध्याय था, वह आपतकाल का समय था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैंने अपनी दो विदेश यात्राओं के दौरान देखा है कि जब मैं खुद का परिचय देता हूं तो लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं, यह है आज के भारत की ताकत। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने क्या कभी सोचा था कि कानून व्यवस्था ठीक हो पाएगी? लेकिन ऐसा हुआ। लोगों ने मुख्यमंत्री के बारे में कहा था कि देखते हैं कि इनकी कानून व्यवस्था कब तक टिकेगी, लेकिन यह टिक गयी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष मंत्रालय बेहतरीन कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ भारत के इतिहास की धरती है, महाभारत की धरती है। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर ने महाभारत की नींव रखकर इतिहास रचा था, धर्म, कर्म, काम, मोक्ष इससे संबंधित जो है, वह इस ग्रंथ में हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत चिकित्सा पद्धति ने नौ वर्ष के अंदर दुनिया में लंबी छलांग लगाई है, जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

**साधा निशाना**

**लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा को कम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है, सीएम योगी की तारीफ की**





# बांझपन के लिए बहू नहीं लड़के की मां जिम्मेदार

**बोले प्रो. के थंगराज**

**एडनेट सम्मेलन में कहा, मां से बनते हैं बेटे में जींस**

**ऑटोजोम्स में पाए जाने वाले नौ जींस की हुई है पहचान**

**वाराणसी।** बीएचयू के महामना हॉल में महामारी के डीएनए डिफेंस मेकैनिज्म पर आधारित एडनेट 2023 के दूसरे दिन शनिवार को सीसीएमबी हैदराबाद के डायरेक्टर डॉ. के थंगराज ने औरतों में होने वाली बीमारी बांझपन पर बड़ी बात की। उन्होंने बताया बांझपन की वजह बहू नहीं बल्कि लड़के की मां होती है।

डॉ. के थंगराज ने बताया कि जैसा कि हमारे समाज में बोला जाता है कि बच्चे पैदा नहीं करने वाली महिला बांझ होती है। ऐसा नहीं है, इसके लिए ज्यादातर केस में लगभग 90 प्रतिशत लड़के की मां जिम्मेदार होती है। माइटोकांड्रियल डीएनए के प्रॉब्लम की वजह से जो बांझपन होता है, वह भी माता से बेटे को मिलता है। उन्होंने बताया कि ऑटोजोम्स के प्रॉब्लम से जो बांझपन होता है, वह भी माता से बेटे को जाता है।

उन्होंने कहा कि नौ जींस की पहचान की गई है, जो ऑटोजोम्स में पाए जाते हैं। यह जो नौ जींस है, यह ज्यादातर माता से ही बनते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषों में बांझपन के लिये केवल क्रोमोसाम के जीन ही नहीं बल्कि मातृत्व जीन भी जिम्मेवार होते हैं। कोई भी पुरुष अपनी माता से माइटोकांड्रियल आनुवंशिकी आधे और आधे ऑटोजोम्स वंसानुगत करता है। उन्होंने आगे बताया कि नौ जीन जिम्मेवार होते हैं, किसी भी मनुष्य में बांझपन के लिये। इनमें से कोई भी जीन पर्याप्त होता है। अतः किसी भी स्त्री अथवा पुरुष के बांझपन के पीछे आनुवंशिकी का बहुत बड़ा योगदान होता है। सामाजिक सन्दर्भ में उन्होंने उदाहरण दिया कि सामान्यतः 90 प्रतिशत केसेज में किसी भी स्त्री के बांझपन के पीछे का कारण उसके पति में विद्यमान आनुवंशिकी है, जो उस स्त्री के पति में उसकी सास से आयी है। ऐसे में बांझपन का कारण बहू ना होकर सास होती है।



**मानव का आठ प्रतिशत जीनोम रेट्रोवायरस का**

जर्मनी के वैज्ञानिक डॉ. मानवेंद्र सिंह ने रेट्रो वायरस पर अमेरिका एवं जर्मनी में किए गये अपने अध्ययन में यह प्रमाणित किया कि मानव के उद्भव काल से ही बहुत सारी महामारियां विभिन्न वायरस के कारण फैलीं। जिसमें रेट्रो वायरस प्रमुख था। इसके कारण आज के मानव का जीनोम आठ प्रतिशत रेट्रो वायरस का बना है।

बीरबल साहनी शोध संस्थान, लखनऊ से आए पुरावंशिकी वैज्ञानिक डॉ. नीरज राय ने अपने व्याख्यान में दक्षिण एशिया महाद्वीप में अब तक हुये प्राचीन आनुवंशिकी एवं आधुनिक आनुवंशिकी के क्षेत्र में किये जा रहे शोध पर अपने विचार रखे। उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष, श्रीलंका, मध्य एशिया एवं पूर्वी एशियाई देशों के सन्दर्भ में हुए अब तक के शोधों को साझा करते हुए भारत में उनके द्वारा किए गये शोध कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सिंधु घाटी सभ्यता वालों के पतन के पश्चात उस स्थान विशेष पर रहने वाले किस तरफ गए? उन्होने साक्ष्यों के अभाव में अपने विचार रखते हुए कहा कि अब तक किए गए शोध के अनुसार सिन्धू सभ्यता वासी गंगा घाटी की ओर उन्मुख हुए और यही गंगा घाटी में बसते हुए नवीन संस्कृति के रूप में उभरे।

**हाइपरट्राफिक कार्डियो मायोपैथी के लिए 'पीआरकेसीए' जिम्मेदार**

इंस्स्टेम बंगलुरु के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दण्डपानी ने 500 से ज्यादा सैम्पल पर अपने किये गये शोध के आधार पर यह प्रमाणित किया कि 'पीआरकेसीए' नामक जीन की मौजूदगी के कारण दक्षिण एशिया में हाइपरट्राफिक कार्डियो मायोपैथी के लिए जिम्मेवार है। इसके लिए उन्होंने पूरे भारत से एक हार्ट कॉन्सोर्शियम बनाया और इक्जोम सीक्वेंसिंग द्वारा पूरे जीनोम को सीक्वेंस किया। इस कड़ी में यह खोज भारत में होने वाले बहुतायत हृदय रोगों को डायग्नॉस करने में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# उसूलों की हिफाजत में लगे शख्स का दामन मैला नहीं...

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सामाजिक व अदबी संस्था अदब सराए के तत्वाधान शनिवार को पराड़कर समृति भवन में संगोष्ठी एवं मुशायरा का आयोजन किया गया।

प्रवासी भारतीय शायर एवं लेखक दोहा कतर से आए अतीक अंजर के सम्मान में संस्था ने अतीक अंजर के साथ एक शाम के उन्वान से उनके समस्त लेखन एंव व्यत्तित्व पर परिचर्चा और मुशाएरें का अयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य डा. शाद मशरिकी आलम बनारसी, जमजम रामनगरी, और डा. फरहत इसार ने अतिथीयों को गुलदस्ता पेश कर सम्मानित किया, संस्था के संरक्षक हाजी इश्तियाक अहमद अतीक अंजर की शायरी में निरंतर सामाजिक मुद्दों के साथ ही ठगे, शोषित, असहाय और छले हुए नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने के सम्मान कबीर एवार्ड से अलंकृत किया गया।

मुशयरा पेश करते हुए प्रो शाहिना रिजवी ने कहा कि मुहब्बत का पैगाम हम सब को आम करना चाहिए,



मुहब्बत से ही हिंदुस्तान में एक बेहतरीन माहोल बन सकता है। वरिष्ठ वक्ता बनारस हिन्दू युनिर्वसिटी उर्दू के विभागागध्यक्ष प्रोफेसर आफताब अहमद आफाकी ने कहा कि तानाशाही एवं लोकतंत्र के पक्ष में खड़ा होने वाला शायर अपनी रचनाओं में अच्छे दिन का शोक में शब्दों, बिम्बों, अर्थो और वाक्य रचना में निहित, निरा, कोरा, लिज लिजा भावुक रसायन नहीं हैं, बल्कि गांव के गलियों और टोला मुहल्लों में बोली जाने वाली सादा और आसान शब्द कोश है। जमजम रामनगरी ने सुनाया कि मर गए लड़ते हुए अगली सफों में जॉबाज शाहजादे तो फकत जंग के किस्से में रहे, शाद मशराकी ने कहा जो अपने उसूलों की हिफाजत में लगा हो, उस शख्स का दामन कभी मैला नहीं होगा, सुहैल उस्मानी ने कहा बस जरूरत तलक साथ थे,और फिर हम जुदा हो गए, खालिद जमाल ने कहा बहाना अब बना तू और कोई ये किस्सा भी है मेरा कुछ सुना सा।

# खूब फूटे मजाकिया किस्सों के गुब्बारे



**वाराणसी।** विदुषी महिला मंडल ने शनिवार को सिगरा क्षेत्र स्थित एक होटल में 'होली उत्सव' का यादगार आयोजन किया। इस मौके पर सफेद कुर्ती-पायजामा और टोपी धारण कर पहुंचीं सदस्यों ने हास्य के रंग घोलकर ठहाकों की पिचकारी मारी।

रीयल सास-बहु ने आपस की चुहलबाजी को बड़े ही रोचक अंदाज में नृत्य के जरिये पेश किया। विदुषियों ने गुझिया जैसी मीठी हंसी के खोए भरकर विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से जमकर गुलाल और गुलाब की पंखुड़ियां उड़ायीं। वहीं हास्य कवि सम्मेलन का भी रंग खूब जमा। अध्यक्ष गरिमा टकसाली एवं महामंत्री प्रियंका अग्रवाल के संयोजन और संस्थापिका मनीषा अग्रवाल की मुख्य उपस्थिति में इस मौके पर मीनाक्षी जायसवाल, तूलिका बैनर्जी, नीलम अरोड़ा, अनुपमा जायसवाल, श्वेता भंडूला, प्रिया, रीतू जेटली, रिंकी सोनी, रमा सिंह, मेनका अग्रवाल, मीना सिंह, नम्रता सेठ, वंदना जायसवाल, पूर्णिमा सिंह, प्रिया आहूजा, मिहिका जैन, नम्रता सेठ, शशि श्रीवास्तव, कविता सेठ, वर्षा जैन एवं मृदुला यादव आदि की हिस्सेदारी थी।

# बाल श्रम सख्ती का दिखा असर

**अबतक 1218 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त, 565 लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में बाल श्रम के खिलाफ योगी सरकार का अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत ना सिर्फ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया जा रहा है, बल्कि इनसे मजदूरी कराने वालों की नकेल भी कसी जा रही है। अब तक वाराणसी में ही 1218 बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। इसके साथ ही 565 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। देश के भविष्य मासूम बच्चों का शोषण करने वालों के खिलाफ योगी सरकार बेहद सख्त है। सहायक श्रमायुक्त देवव्रत यादव ने बताया कि वाराणसी में बाल श्रम के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसमे 69 बाल श्रमिक 1,145 किशोर श्रमिक को मुक्त कराकर 565 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# अग्रिम हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन आज



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रविन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित अग्रिम हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन रविवार को किया जायेगा। सौ बेड युक्त मल्टी सुपरस्पेशलिटी अग्रिम हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन अघोर आचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम करेंगे।

हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. श्वेता सिंह व निदेशक संचालन संजय कुमार ने संयुक्त रुप से इस बात कि जानकारी देते हुए बताया कि हॉस्पिटल के द्वारा चिकित्सा सेवा पूर्वांचल, पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व अन्य राज्यो के मरीजों को 17 अप्रैल वर्ष 2021 से ही समस्त विभागो द्वारा सुचारू रूप से दी जा रही है। लेकिन कोविड-19 के कारण सार्वजनिक रूप से अस्पताल का उद्घाटन नहीं हो पाया था।

बताया की हम पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार व अन्य राज्यों के मरीजों को अग्रिम हॉस्पिटल अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधा देने जा रहा है, जिससे मरीजों को बड़े शहरों जैसी सुविधाएं अग्रिम हॉस्पिटल में ही मिल जाएंगी। इस हॉस्पिटल में मरीजों को एक छत के नीचे अत्याधुनिक मॉड्यूलर आई.सी.यू.. एन.आई.सी.यू., डायग्नोस्टिक सेंटर, डायलिसिस, इमरजेंसी एवं ट्रामा, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, सर्जरी, ऑक्सीजन सुविधा, एंबुलेंस, 24 घंटे चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध होगी। बताया कि अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में सुपर स्पेशलिटी की समस्त सुविधाएं मिलेगी।

न्यूरो रोग विभाग, स्वाथ्य रोग विभाग, हड्डी रोग एवं ट्रामा विभाग, शिशु एवं बाल रोग विभाग, यूरोलाजी विभाग, मेडिसीन, पेट रोग विभाग सहित अन्य विभाग के साथ मरीजों के परिजनों के लिये साथ सुथरे कैण्टीन की सुविधा उपलब्ध है। इस मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वाराणसी के प्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ. अविनाथ चन्द्र सिंह, डॉ. एस.एस. देहरा और डॉ. कुमार उत्सव के मार्ग दर्शन के साथ ही चिकित्सकीय सेवा दी जा रही है।

## संक्षेप

### संपूर्णानंद में देशभर के कवियों की होगी जुटान

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 66 वें स्थापनोत्सव पर 24 मार्च को पाणिनि भवन सभागार में शाम तीन बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन (राष्ट्रीय कवि सम्मेलन) अंतरराष्ट्रीय त्रिवेणी कवि व विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में होने जा रहा है। जिसमें देश के प्रसिद्ध डेढ़ दर्जन कवि अपने काव्य पाठ से कण्ठ के अमृत धार का प्रवाह करेंगे। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय का 66वां स्थापनोत्सव दिनांक 23 मार्च को मनाया जा रहा जिसमें एक सप्ताह पूर्व से ही विश्वविद्यालय द्वारा एक माह तक विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें 16 से 18 मार्च तक राष्ट्रीय कार्यशाला, 24 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मलेन, अष्टावधान और अभिज्ञान शाकुंतल पर संस्कृत नाटक भी होने जा रहा है। इसमें देश के उच्च स्तरीय कलाकार अभिनय में सहभाग करेंगे। कविसम्मेलन में काव्य विषय जी-20 एवं वसुधैव कुटुम्बकम स्वतंत्रता का अमृतवर्ष, नवशिक्षानीति, काशी तमिलसंगम के अंतर्गत आयोजित होगा। कवियों में मुख्य रूप से पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र के साथ डॉ. उमामहेश्वर श्रृंगेरी, प्रो. रहसविहारी द्विवेदी (जबलपुर), डॉ. अरविंद तिवारी बागपत, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. बिन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र, डॉ. धर्मदत्त चतुवेर्दी आदि मौजूद होंगे।

### सरकारी अस्पताल में खांसी के बढ़े मरीज



**वाराणसी।** देश में इन्फलुएंजा से हुई दो मौत के बाद वाराणसी में भी खतरा बढ़ गया है। शासन के आदेश के बाद यहां के सभी बड़े सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड में कर दिए गए हैं। हालांकि यहां अभी इन्फ्लुएंजा का कोई मामला नहीं सामने आया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर अस्पतालों में वार्ड आदि आरक्षित किए जा रहे हैं। शनिवार को श्रीशिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें ज्यादा सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या 50% से ज्यादा है। सूत्रों की मानें तो कोई इन्फ्लुएंजा के लक्षण वाले मरीज अस्पताल में आ भी गए तो उनकी जांच करना संभव नहीं होगा। ओपीडी में आने वाले सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों को इन्फ्लुएंजा से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। चिकित्सकों की मानें तो बुखार और खांसी आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। इसका बचाव भी कोरोना से बचाव जैसे ही है। छींक और खांसी आने पर मुंह और नाक को ढक लें। इस बीमारी से बच्चों को भी ज्यादा खतरा है।

### टीबी के मिले 88 मरीजों का इलाज शुरू



**वाराणसी।** जनपद में मिले सभी 88 नए मरीजों का इलाज शुरू हो चुका है। यह सभी मरीज सक्रिय क्षय रोगी खोज (एसीएफ) अभियान के तहत खोजे गए थे। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत यह अभियान 20 फरवरी से 4 मार्च तक चलाया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने कहा कि यदि टीबी की पहचान शुरूआती दिनों में हो जाए तो मरीज छह माह के लगातार इलाज से ठीक हो जाता है। टीबी का इलाज अधूरा छोड़ने पर बढ़ जाता है और कुछ समय बाद यह मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) टीबी के रूप में सामने आता है जोकि बेहद गंभीरजनक है। टीबी के मरीज ड्रग रेजिस्टेंट न हों इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला टीबी नियंत्रण इकाई की ओर से मरीजों का नियमित फॉलोअप किया जाता है। टीबी के मरीज को पौष्टिक आहार मिल सके, इसके लिए उन्हें प्रतिमाह निक्षय पोषण योजना के तहत उपचार के दौरान 500 रुपये पोषण भत्ते के रूप में सीधे मरीज के खाते में भेजे जाते हैं। सीएमओ ने एसटीएस, एसटीएलएस, डीपीटीसी, टीबीएचवी को निर्देशित किया कि सभी मरीज जिनका निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत भुगतान किया जाना है।

# दासेपुर में और 208 परिवारों को जल्द मिलेगी अपनी छत

जनसंदेश न्यूज

**सौगात की तैयारी**

**आगामी नवरात्र में सीएम योगी आदित्यनाथ सौंपेंगे चाबी**

**पीएमएवाई के अंतर्गत पूर्व में 400 पात्रों को मिला फ्लैट**

**वाराणसी।** हरहुआ के दासेपुर में आगामी नवरात्रि में 208 परिवारों को अपनी छत मिलेगी। आगामी चैत्र नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें चाबी सौंपेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना यानि पीएमएवाई के अंतर्गत कुल 608 फ्लैट वाले इस आवासीय परिसर में पहले ही 400 परिवारों को आवास की चाबी दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'अपना घर, अपना स्वाभिमान' संकल्प और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इन अवशेष आवासों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

स्कीम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों (ईडब्ल्यूएस) के लिए लाभार्थी को चार किश्तों में कुल मिलाकर मात्र दो लाख रुपये में वन-बीएचके का फ्लैट दे रहे हैं। जबकि




हरएक आवास का लागत मूल्य 4.50 लाख रुपये है। जिसमें केंद्र सरकार का 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार का एक लाख रुपये का अंशदान है। दासेपुर में इन आवासों की कुल लागत 27.32 करोड़ रुपये है।

वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल के मुताबिक दासेपुर में कुल 1.45 हे. क्षेत्रफल में यह आवास बनाए गये हैं। श्री गोयल के अनुसार 40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने प्रत्येक फ्लैट में एक बेडरूम, ड्राइंग रूम, किचन और बालकनी है। साथ ही आवासीय संकुल में पार्क, पार्किंग और ग्रीन एरिया भी है।

आवासों का आवंटन तय प्राथमिकताओं के मुताबिक दिव्यांग, विधवा, एकल महिला, वरिष्ठ नागरिक आदि के अलावा अन्य आरक्षण के आधार पर दिये गये हैं।

# बीएचयू के प्रो. राजेश श्रीवास्तव का अवार्ड के लिए चयन

**वाराणसी।** भौमिकी विभाग-बीएचयू के प्रो. राजेश कुमार श्रीवास्तव को कोलकाता की एसियाटिक संस्था ने 2022 का जीएसआई-सेक्वीसेन्टेनियल कोमोमेरेटिव पदक के लिये चुना है। उनको यह पुरस्कार कोलकाता में आठ मई को आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। प्रो. श्रीवास्तव को पूर्व में भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें 2001 में दिया गया प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खनिज (भू-विज्ञान) पुरस्कार शामिल है। इस समय वह शुक्र की सतह का विधिवत अध्ययन कर रहे हैं।



# महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार आज



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार का आयोजन किया गया है। सम्बल संस्था की ओर से आयोजित इस सेमिनार के प्रति जानकारी देते हुए संचालिका डॉ. मोहिनी झंवर ने देते हुए बताया कि सेमिनार में महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरुक करते हुए सशक्तिकरण की जानकारी दी जायेगी।

अधिवक्ता अशोक सहगल पॉस्को एक्ट, प्रो. निधि शर्मा कौशल विकास,

**जानकारी**

**विभिन्न क्षेत्रों की आठ महिलाओं का होगा सम्मान**

चार्टर्ड अकाउंटेंट ऐश्वर्या कपूर द्वारा महिलाओं को बजट के साथ ही अपनी बचत, डॉ. इशिता अवस्थी द्वारा सेहत डॉ. वेणू गोपाल झंवर द्वारा शारीरिक व मानसिक सेहत की जानकारी दी जायेगी। बताया कि इस दौरान आठ महिलाओं को सम्मानित भी किया जायेगा।

# शिक्षण व शोध गुणवत्ता को उत्कृष्टता देने में शिक्षक करें सहयोग

**आह्वान**

**बीएचयू के कुलपति प्रो. जैन ने किया संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के शिक्षकों से विचार-विमर्श**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने शनिवार को संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श करते हुए कहा कि शिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को उत्कृष्टता प्रदान करने में शिक्षक सहयोग दे। संकाय के सकारात्मक विकास में धन की कमी नहीं होने दी जायेगी।

कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि पठन-पाठन में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई न आने पाये। छात्र-छात्राओं का उत्थान ही विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है। पूरे देश में संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय का कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है। इसलिए शिक्षक अनुसंधान के जरिए ऐसे मॉड्यूल विकसित करें, जो विश्व स्तर पर ख्याति अर्जित करें और लोग उसके प्रति आकर्षित हो। यहां के विद्यार्थी समूचे विश्व में अपना नाम रोशन करें।



संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के शिक्षकों से बात करते कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन

विचार-विमर्श के दौरान शिक्षकों ने संकाय में साइबर लाइब्रेरी स्थापित करने के साथ रूईया छात्रावास में लगभग 100 कमरे बनवाने के बाबत सुझाव दिया। इसके लिए कुलपति ने विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संकाय में उपलब्ध संसाधनों जैसे कम्प्यूटर एवं गैर शिक्षण कर्मचारियों की क्षमता का पूर्णरूप से उपयोग होना चाहिए। कुछ शिक्षकों के सुझाव पर कुलपति ने कहा कि वित्त अनुभाग द्वारा अपनी कार्यशैली में तत्परता बरती जायेगी। अब किसी परीक्षक के टीए बिल में विलम्ब नहीं होगा। संकाय के धरोहर भवन की दीवालों में होने वाली दीमक की समस्या का निदान कराने का भी उन्होंने आश्वासन दिया।

कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि यदि प्रशासन स्तर पर किसी प्रकार की निष्क्रियता महसूस की जाती है तो शिक्षक तत्काल उनके कार्यालय को उन बिन्दुओं से अवगत कराएं। ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष ने कहा कि संकाय में वेधशाला होनी चाहिए, जिससे विद्यार्थी और बेहतर अनुसंधान कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगे। प्रो. विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि संकाय की शोध पत्रिका के प्रकाशन में धनराशि की वृद्धि होनी चाहिए। प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी ने रूइया छात्रावास की व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी दी।

प्रो. पतंजलि मिश्रा, प्रो. कौशलेन्द्र पाण्डेय, प्रो. उपेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. आनन्द जैन, प्रो. अशोक जैन, प्रो. व्रजभूषण ओझा, प्रो. माधव जनार्दन, रटाटे, आचार्य भक्ति पुत्र रोहतम, डॉ. धनन्जय पाण्डेय, डॉ. शंकर मिश्रा आदि ने संकाय के उत्थान में अपने सुझाव दिये। संकाय प्रमुख प्रो. कमलेश झा ने बताया कि यहां आठ विभागों में 60 शिक्षक कार्यरत हैं। जबकि विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 1500 पहुंच गई है, जिसमें 70 छात्राएं हैं। बैठक के आरम्भ में संकाय प्रमुख ने अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर कुलपति का स्वागत किया।

# अविमुक्तेश्वरानंद का काशी में आगमन

**फूलों की पंखुड़ी बिखेरी**

**कई जगहों पर किया गया भव्य स्वागत**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का शनिवार को काशी में शुभागमन हुआ। नगर में दर्जनों स्थानों पर सन्तों,भक्तों व काशीवासियों ने किया जोरदार स्वागत किया।

श्रीविद्यामठ में शंकराचार्य महाराज ने दिया भक्तों को दर्शन व आशीर्वचन व पूज्यश्री के चरण पादुका का वैदिक मंत्रोचार से पूजन हुआ। उनके काशी आगमन पर अखरी चौराहा, चितईपुर चौराहा, ककरमत्ता तिराहा, सुंदरपुर, गांधी नगर, नरिया, लंका, रविदास गेट, संकटमोचन तिराहा, दुगार्कुण्ड, गुरुधाम चौराहा, चेतमणि चौराहा व सोनारपुरा चौराहा पर संतों, भक्तों व काशीसियों ने माल्यापर्ण, पुष्पवर्षा कर शंकराचार्य का जोरदार स्वागत किया।

सोनारपुरा चौराहे से श्रीविद्यामठ तक डमरू वादक दल महाराज के आगे आगे डमरू वादन करते चल रहा



था और साथ मे सन्तों भक्तों का हुजूम जयकारा करते हुए चल रहा था। पूरे मार्ग मे पुष्प बिछाये गए थे व लोग मार्ग में पुष्पवर्षा कर रहे थे। शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि काशीवासी धर्म के प्रति समर्पित रहे हैं। मानवता का मूल धर्म ही है। सभी को धर्म दृढ़ता से पालन करना चाहिए। काशी पापनाशिनी है। काशी सेवन के सुख का शब्दों में वर्णन नही किया जा सकता। स्वागत में प्रमुख रूप से सर्वश्री साध्वी पूर्णाम्बा दीदी, साध्वी शारदम्बा दीदी, हजारी कीर्ति नारायण शुक्ला, रवि त्रिवेदी, रमेश उपाध्याय, सुनील शुक्ल, राजेश्वर पटेल (जिलाध्यक्ष कांग्रेस), राघवेंद्र चौबे (नगर अध्यक्ष कांग्रेस), डॉ वरुण पाठक,रौनक गोयल,बलराम शर्मा,सदानंद तिवारी, मनोज द्विवेदी, डॉ दिनेश तिवारी समेत काफी लोग शामिल थे। 12 मार्च रविवार को सायं ठीक 4 बजे से सूर्यास्त तक पूज्य शंकराचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में होली मिलन समारोह आयोजित होगा।



# वाराणसी



# मोदी व योगी के नेतृत्व में हो रहा जनजातियों का कल्याण

**बोले अर्जुन मुंडा**

**भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिनी बैठक का पहला दिन**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में जनजातीय कल्याण के लिए काफी कार्य किये जा रहे हैं। वह रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शनिवार को पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के बाद जनजातियों के लिए अनेक नीतियां बनाई गयी लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में प्रथम बार अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए पृथक मंत्रालय बनाया गया। अब मोदी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र को चरितार्थ करते हुए सुदुर अंचलों में निवास करने वाले बनवासी, गिरिवासी, आदिवासी समाज को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार जनजाति छात्रों को छात्रवृत्ति के अलावा, अपग्रेडेशन, व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि का लाभ दे रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आश्रम पद्धति विद्यालयों की स्थापना के लिए राज्यों को विशेष आर्थिक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कहा कि इस बजट में केंद्र सरकार ने जनजातीय छात्रों के लिए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में 38800 शिक्षकों की भर्ती का निर्णय लिया है।

बैठक में पांच राजनैतिक प्रस्ताव पारित किये गये। इसमें गोंड, खरवार समाज की सभी उप जातियों को एक सूची में शामिल करने, गोंड व खरवार समाज को उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने, अनुसूचित जनजाति की समस्याओं व जन सुनवाई के लिए तत्काल जनजाति आयोग का गठन करने, वन क्षेत्र में रहने वाले जनजातियों को वन अधिकार से वंचित न करने व पूर्ण संरक्षण देने तथा आगामी उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिए समुचित आरक्षण देने की मांग रखी गयी है।



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

स्वागत प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड व संचालन प्रदेश महामंत्री विद्याभूषण गोंड ने किया। बैठक को राष्ट्रीय महामंत्री कालीराम व गजेंद्र सिंह, प्रदेश प्रभारी एडवर्ड सोरेन, आईटी विभाग के प्रदेश सह संयोजक शशि कुमार ने संबोधित किया। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी राधा सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवासतव, प्रदेश महामंत्री मुन्ना खरवार व सूर्यकुमार गोंड, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सुभाष यदुवंश, मीना चौबे, विधायक टी राम, हंसराज विश्वकर्मा, रामधनी गोंड आदि उपस्थित थे।

## जनजाति वर्ग में बढ़ा है आत्मविश्वास : भूपेंद्र चौधरी

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनजातियों के विकास के लिए वर्ष 2003 में अनुसूचित जनजाति मोर्चा का गठन किया, जिसके फलस्वरूप जनजाति वर्ग की सामाजिक एवं राजनैतिक भागीदारी बढ़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल में दलित, वंचित , पिछड़ों एवं विशेषकर जनजाति वर्ग में आत्मविश्वास बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में आज 55 से अधिक जिलों में लोग भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा से जुड़े हैं। जिसमें से 45 जिलों में जनजाति मोर्चा का गठन हो चुका है। कहा कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा घर-घर जाकर लोगों से सम्पर्क कर संवाद स्थापित करें। उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं। संगठन की सबसे निचली व महत्वपूर्ण इकाई को मजबुत करें। संगठन के कार्य विस्तार, कार्य पद्धति एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जनता में चर्चा करे। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखकर बूथ पर मजबुत टीम बनाएं।

# औद्योगिक क्षेत्र के कारीगरों को करेंगे प्रशिक्षित



पीएम मोदी की बात सुनते उद्यमी

**लिया संकल्प**

**रामनगर के उद्यमियों ने सुनी पीएम की बात, किया संवाद**

**वाराणसी।** काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। इस संबोधन को रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य, संगठन मंत्री अमित गुप्ता और आदित्य ने सुना तथा संवाद भी किया। संकल्प लिया कि वे औद्योगिक क्षेत्र के कारीगरों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि उनके हुनर में और निखार आएं।

अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि आज हम लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसएमई पर वेबीनार के माध्यम से संवाद किया और इसमें बहुत ही नई जानकारी दी, जिससे कि उद्योगों को कैसे बढ़ाया जाए। प्रशिक्षक किस तरीके की अच्छी ट्रेनिंग दे। अपने यहां के लोगों को उपलब्ध सुविधाओं का लाभ कैसे मिले आदि। उन्होंने कहा कि बैंकों को भी पूरी तरीके से रोल निभाने की आवश्यकता है, जहां भी एमएसएमई को आवश्यकता हो। देश का समूचा डिपार्टमेंट इस समय एमएसएमई को आगे बढ़ाने में लगा हुआ है। इसके पूर्व उद्यमियों ने पीएम का संबोधन सुना।

पीएम ने कहा कि आज बजट का यह वेबिनार भारत के करोड़ों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित है। हम कौशल जैसे क्षेत्रों में जितना अव्वल होंगे, हमें उतनी सफलता मिलेगी। इसे लेकर कई सुझाव भी आए हैं। सभी स्टैक हॉल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाए, इस पर चर्चा की।

# कैंट स्टेशन पर लंबा ब्लॉक लेने की तैयारी

**कई ट्रेनें होंगी रद्द**

**18 मार्च से कैंट स्टेशन पर ब्लॉक लेने के संकेत, कई ट्रेनों को कर सकते हैं निरस्त**

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर यार्ड री मॉडलिंग के तहत होने वाले कार्य के लिए एक बार फिर से ब्लॉक लेने की तैयारी शुरू की जा रही है, इसके लिए लखनऊ मंडल में मंडल रेल प्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मंथन शुरू कर दिया गया है। उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एस के सपरा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक के लिए पूरी टीम के साथ मंथन कर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। इसमे सीआरएस की भी मंजूरी शामिल है, बताया कि संभवतः 18 मार्च से ब्लॉक लेने पर मंजूरी दी जा सकती हैं, बताया कि इसमें 40 दिन से कम का ब्लॉक लेने पर मंथन किया जायेगा, यात्रियों को कम से कम असुविधा हो इसका खास ध्यान रखकर ही ब्लॉक लेने का ले आउट बनाया जायेगा। इसके तहत 178 कांटे (जिससे ट्रेन रास्ता बदलती है) नये पड़ने हैं व 95पुराने कांटे बदले जायेंगे। बताया कि पूरा यार्ड टूटकर नया बनाया जायेगा। बताया कि यह बड़ी परियोजना है, जिसपर कार्य किया जायेगा। इस दौरान कुछ ट्रेनों को कैंट स्टेशन से निरस्त करने के साथ ही शिवपुर, लोहता व काशी से संचालित भी जाने की जरुरत पड़ी तो किया जायेगा। बताया कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो इसको ध्यान में रख कर कार्य किया जायेगा।

# बिजली के बकायेदारों को ओटीएस का लाभ संभव

**जनसंदेश न्यूज**

**सुनहरा अवसर**

**यूपीपीसीएल वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले लागू कर सकती है स्कीम**

**उपभोक्ताओं के बकाये की धनराशि पर 100 प्रतिशत छूट देने की तैयारी**

**वाराणसी।** बिजली विभाग के बकायेदार उपभोक्ताओं को एक सुनहरा अवसर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) अपने घाटे को कम करने के लिए बकायेदार उपभोक्ताओं को वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) स्कीम लगाने की तैयारी जो कर रहा है। उम्मीद है कि 15 मार्च के बाद यूपीपीसीएल ओटीएस योजना प्रदेश के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए लागू हो सकता है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले यूपीपीसीएल इस योजना को शुरू कर अधिक से अधिक बकाया बिजली बिल की वसूली करना चाहता है। ओटीएस स्कीम के तहत पांच किलोवॉट तक के घरेलू, ग्रामीण और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को सरचार्ज में



100 प्रतिशत तक की छूट दी जा सकती है। अगर पावर कॉरपोरेशन ओटीएस स्कीम लाता है तो इससे प्रदेश के 10 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. के जिलों के दो लाख से अधिक बकायेदार उपभोक्ता भी इस स्कीम से लाभान्वित होंगे। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश स्तर पर अकेले घरेलू उपभोक्ताओं पर करीब 23000 करोड़ रुपये बकाया है। इसमें बड़े और छोटे दोनों श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। इसके अलावा किसानों पर करीब 4500 करोड़ रुपये और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर करीब 3600 करोड़ रुपये बकाया है।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी ओटीएस स्कीम लागू करने की मांग उठाई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के मुताबिक ओटीएस शुरू होने से यूपीपीसीएल को कम समय में राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इस रकम से यूपीपीसीएल गर्मियों के दौरान पर्याप्त सप्लाई के लिए बिजली खरीद सकता है।

## एमए अर्थशास्त्र द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 17 को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विषय के एमए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की छूटी मौखिक परीक्षा 17 मार्च को सुबह 10 बजे से अर्थशास्त्र विभाग में होगा। परीक्षा में आने वाले विद्यार्थी शुल्क रसीद, प्रवेश पत्र और परिचय पत्र लेकर उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने दी।




# एसडीएम ने किया गौ आश्रय केंद्र का निरीक्षण

**जायजा**

## संचालक एवं पशु चिकित्सक को लगायी फटकार

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** गौ आश्रय केन्द्रों की हालत बद से बद्तर हो गयी है। इसकी सूचना पर उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने शनिवार को गौ आश्रय केन्द्र भगवानपुर एवं बैरिया का औचक निरीक्षण किया। भगवानपुर स्थित गौ आश्रय केन्द्र की स्थिति देख एसडीएम आग बबूला हो गए।

गौ आश्रय केन्द्र के प्रांगण में साफ-सफाई का अभाव था। साथ ही वहां बदबू कायम था। गौवंशों को देख लग रहा था कि उन्हें भरपेट भोजन नहीं मिल रहा है। गौवंशों की संख्या 105 थी, लेकिन सारे गौवंश काफी कमजोर एवं लचर हालत में पाए गए। हालांकि संचालक का कहना था कि शासन से हर रोज एक गौवंश को खिलाने के लिए सिर्फ 30 रुपये मिलता है। इसमें क्या करें? संचालक भूसा का रजिस्टर नहीं दिखा सका। मामले में उपजिलाधिकारी ने उपस्थित संचालक, पशु चिकित्सक लालजी यादव को जमकर फटकार लगाया।

साथ ही खण्ड विकास अधिकारी शैलेश कुमार मुरारी को चेतावनी देते हुए कहा कि बीच-बीच में गौ आश्रय केन्द्र का निरीक्षण करते रहे। अन्यथा आप भी नप जाएंगे। उपजिलाधिकारी ने संचालक को चेतावनी देते हुए कहा एक सप्ताह में दुबारा निरीक्षण किया जाएगा। उस दिन यही स्थिति रही तो खैर नही। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी ने गौ आश्रय केन्द्र बैरिया का भी निरीक्षण किया। यहां सबकुछ ठीक ठाक मिला।



गौ आश्रय केन्द्र का निरीक्षण करते एसडीएम

### ग्रामीणों ने लगाया गंभीर आरोप

**बैरिया।** गौ आश्रय केन्द्र भगवानपुर में बाउंड्री वाल का आधा-अधूरा निर्माण किया गया है। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि दो नम्बर ईंट से कई बार में बाउन्ड्री वाल खड़ा किया गया है। सम्बंधित ठेकेदार से हम लोग कहे कि इस बार बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा कर दीजिए, लेकिन ठेकेदार ने दो टूक जबाब दिया कि जितना धन है, उतना ही निर्माण होगा। ठेकेदार अधूरा निर्माण छोड़कर चला गया।

### निरीक्षण में बंद मिला पशु चिकित्सालय

**बैरिया।** भगवानपुर स्थित पशु चिकित्सालय लालगंज (भगवानपुर) का एसडीएम के औचक निरीक्षण के दौरान शनिवार ताला लटकता मिला। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा से कहा कि साहब सिर्फ आज ही नही, बल्कि हर रोज इस चिकित्सालय पर ताला लटका रहता है। वहीं उपस्थित पशु चिकित्सक लालजी यादव ने कहा कि क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक पशु चिकित्सा केन्द्र है। लेकिन इस क्षेत्र में सिर्फ मैं ही एकलौता चिकित्सक तैनात हूं। इस चिकित्सा केंद्र पर आज तक कोई चिकित्सक की तैनाती नही हुई है। एक कर्मचारी इस चिकित्सालय पर था, जिसे मैं अपने चिकित्सालय से सम्बद्ध कर दिया हूं। ग्रामीण काफी नाराज रहे। ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं के गम्भीर बीमारी होने पर भी चिकित्सक नदारद रहते है। उपजिलाधिकारी बैरिया ने कहा कि मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजूंगा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मुरलीछपरा शैलेश कुमार मुरारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण

**सिकन्दरपुर।** तहसील क्षेत्र के तिवारीपुर गांव स्थित गोशाला का शनिवार को एसडीएम डा. अखिलेश कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रमुख रूप से गोवंश सही रहने के साथ-साथ उनके खाने-पीने की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें हर एक व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त मिली। इस दौरान उन्होंने गोवंश के रख-रखाव की व्यवस्था को देखा तथा संतोष जाहिर किया। मौजूद कर्मचारियों से साफ-सफाई नियमित रूप से किए जाने का निर्देश दिया। गो आश्रय स्थल के चारों तरफ पेड़ लगाए जाने का निर्देश उन्होंने कर्मचारियों को देते हुए कहा कि समय रहते ही चारों तरफ से पेंड़ लगा दिए जाएं तथा उन लगाए गए पेड़ों की नियमित रूप से देखरेख भी किया जाए। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक कुमार, उप पशु चिकित्साधिकारी डा. रामजी यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी श्याम नारायण वर्मा, ग्रापं अधिकारी प्रमोद कुमार, ग्रामप्रधान सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कल, तैयारियां जोरों पर

**बलिया।** शहर के पालिटेक्निक कालेज में 13 मार्च, सोमवार को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों जोरों पर है। वैवाहिक जोड़ों के बैठने वाले स्थल का चयन कर उसको बेहतर तरीके से सजाया जा रहा है। मंच और पार्किंग की उत्तम व्यवस्था के लिये प्रशासनिक अधिकारी लगे हुए है।

सामूहिक विवाह में किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिये प्रशासनिक अधिकारी रात-दिन लगे हुए है। सामूहिक विवाह को सकुशल संपन्न कराने के लिये परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी कई बार विवाह स्थल का निरीक्षण कर चुके है। इस दौरान परिवहन मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि सामूहिक विवाह प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस आयोजन को पूरी भव्यता के साथ किया जाए और इसमें अधिक से अधिक लोगों की शादी हो इसका प्रयास किया जाए। इसका प्रचार-प्रसार कर लोगों को शादी करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसमें शादी करने वाले दंपत्ति को उपहार आदि देने के साथ ही विवाहिता के खाते में 35 हजार रुपये भी प्रेषित किया जाएगा। इसको सकुशल संपन्न कराने के लिये सभी लोग जुट जाए। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने भी निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि विवाह पूरे रीति-रिवाज से कराया जाना है और किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि विवाह स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए, जिससे आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

### शादी के बंधन में बधेंगे 551 जोड़े

**बलिया।** शहर के पालिटेक्निक कालेज के मैदान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 551 जोड़ों के विवाह के बंधन में बंधने का गवाह बनेगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। विवाह में 551 वर-वधु ने अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके है। वर-वधु के परिजन भी इसकी तैयारी में जुट गये है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह विवाहोत्सव में वर-वधु को आशीर्वाद देंगे।

## नगर को कूड़ा से जल्द मिलेगी निजात

**बलिया।** बसंतपुर में बन रहे कूड़ा निस्तारण केन्द्र में मशीनें स्थापित करने का काम शुरू हो गया है। करीब दो करोड़ के विभिन्न उपकरण वहां लगाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि 15 मार्च तक निस्तारण केन्द्र काम करने लगेगा। यहां कूड़े का निस्तारण तो होगा ही। उस कूड़े से जैविक खाद व रोजाना निकलने वाली प्लास्टिक के सदुपयोग पर भी काम होगा। सबकुछ ठीक रहा तो शहर को कूड़ों के ढेर से जल्द मुक्ति मिल जाएगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण में तेजी आयी। कई वर्षों से लंबित इस केन्द्र का निर्माण करीब-करीब पूरा हो गया है। कार्य की जिम्मेदारी संभाल रही एएफसी इंडिया का मानना है कि 15 मार्च तक यह केन्द्र चालू होने की स्थिति में आ जाएगा। सौ एमएम, 70 एमएम व पांच एमएम की अलग-अलग ट्रमिंग मशीनों के अलावा प्लास्टिक के कूड़ों को दबाने के लिए बेलिंग मशीन, एक ट्वीन साफ्ट सेंडर, एक मैगनेटिक रोलर व एक कम्पोस्ट के लिए स्क्रीन लगाया जा रहा है। करीब दो करोड़ की इन मशीनों को स्थापित करने के लिए 42 मजदूर व जेसीबी लगी हुई है। एएफसी इंडिया के प्रतिनिधि अविनाश के अनुसार एक सप्ताह के अंदर सभी मशीनें स्थापित हो जाएंगी। इसके बाद यह प्लांट चालू हो जाएगा।

# सड़क के किनारे गिराया जा रहा कूड़ा

**मनमानी**

## सिकंदरपुर में उड़ रही स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां

**सिकन्दरपुर।** क्षेत्र के सिकन्दरपुर-बलिया मार्ग पर पेट्रोल पम्प के समीप खुलेआम स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। एक तरफ जहां केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ सिकंदरपुर नगर पंचायत एवं संबंधित विभाग की लापरवाही से आये दिन इस अभियान की धज्जियां उड़ती हुई नजर आती है।

सिकन्दरपुर-बलिया मार्ग पर रहने वाले लोगों ने नगर पंचायत सिकंदरपुर के अधिशासी अधिकारी को पूर्व में कई बार ज्ञापन दिया। इसमें नगर पंचायत द्वारा नगर से निकले कूड़े को सड़क के किनारे गिराये जाने की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया था।

कहा था कि कभी-कभी कचरा सड़कर इतना बदबू करने लगता हैं कि मार्ग से आने-जाने वाले लोगो को मुंह पर रुमाल रखना पड़ता है। वही, लोगों में गंभीर बीमारी का भय बना हुआ है।



सड़क के किनारे गिराया गया कूड़ा

जिस जगह कूड़ा गिराया जा रहा है, उस तरफ एकेडमी स्कूल तथा सामने रियायशी मकान है। वहीं, कुछ मीटर की दूरी पर ही गांधी इंटर कालेज है, जिसमें हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसका कई बार हम लोगों द्वारा विरोध भी किया जा चुका है, लेकिन नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा हम लोगों के साथ बदतमीजी की जाती है। नगर पंचायत प्रशासन इसको नजरअंदाज कर रहा है। इसके चलते लोगों को आने-जाने में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### वांछित चल रही महिला अभियुक्त गिरफ्तार

**बैरिया।** पुलिस ने गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में एक वर्ष से वांछित चल रही एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मार्च 2022 में तीन पुरुष एवं एक महिला के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। इसमें तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि महिला अभियुक्त एक वर्ष से वांछित चल रही थी। मुखबीर की सूचना पर उपनिरीक्षक गुरू प्रसाद सिंह ने महिला कांस्टेबल के साथ वांछित महिला अभियुक्त संगीता देवी पत्नी रामभजू निवासी अठगांवा को मायके जाते समय थाना रिविलगंज से गिरफ्तार कर लिया।

# कुल 14 मामलों में महज चार का निस्तारण

**बैरिया।** स्थानीय थाना के प्रांगण में शनिवार को उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद के मामले छाये रहे। इसमें बैरिया कस्बा स्थित रकबा टोला का मामला सबसे चर्चित रहा।

रकबा टोला निवासी रामजी प्रसाद ने एसडीएम से कहा कि साहब विगत वर्षों हमें बैंक से ऋण लेना था। उक्त कार्य के लिए हमने चार डिसमिल भूमि अपनी पत्नी शांति देवी के नाम से ट्रांसफर कर दिया। नौ डिसमिल भूमि चारो बेटों की कमाई के पैसों से हमारी पत्नी शान्ति देवी के नाम से खरीदा गया है। अब हमारी पत्नी शांति देवी ने अपने सबसे छोटे बेटे हरीश के नाम सारा भूमि दान में लिख दी है। इससे पदुमदेव गुप्ता, मनोज व मनीष के साथ बेईमानी हो रहा है। वही, शान्ति देवी अपने छोटे बेटे के पक्ष में उपजिलाधिकारी से लड़ती रही।

तब गजब की स्थिति थाना समाधान दिवस में उत्पन्न हो गया। हालांकि उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने व्यवहारिक रूप से माता शान्ति देवी से कहा कि आपके ही चारो लड़के है। आप बेईमानी न करो। सबको हिस्सा दे दो। वहीं, शिवपुर निवासी लालजी सिंह ने भूमि विवाद, फतेराय टोला निवासी देवन्ती देवी ने भूमि विवाद, कस्बा निवासी नसीर अंसारी ने मकान बनाने में विपक्षी गणों द्वारा बाधा उत्पन्न करने की शिकायत किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 14 मामले आये, जिसमें से महज चार मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष को सम्बंधित लेखपालों को निस्तारण के लिए सौंपा गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी उस्मान, एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह, सुरेमनपुर चौकी इंचार्ज अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।



थाना समाधान दिवस पर फरियाद सुनते एसडीएम

### थाना समाधान दिवस संपन्न

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय थाना प्रांगण में शनिवार को उपजिलाधिकारी डा. अखिलेश कुमार यादव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल चार मामले आये, जिसमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष दो मामलों को निस्तारण हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी दिनेश पाठक, चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिकन्दरपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र आनन्द मिश्र के नेतृत्व में तहसील सिकन्दरपुर में तहसीलदार से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन में अडाणी समूह व केन्द्र की मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ जांच कर इस मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और चहेते उद्योगपति मित्रों को नियमों के विरुद्ध लाभ देकर देश के करोड़ों रुपए डुबाये गए हैं। इससे बैंक एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के खाताधारकों द्वारा किया गया निवेश खतरे में पड़ गया है। कहा गया है कि संसद में इस मुद्दे को उठाने के बावजूद सत्ता पक्ष इस पर चर्चा कराने को तैयार नहीं है। इस अवसर पर अंकित गौड़, सुमंत मिश्रा, शंभूनाथ सिंह, विशाल गौड़, देवेंद्र नाथ पाण्डेय, भोला, अभिषेक कुमार पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, अमित उपाध्याय, रोहित यादव, परशुराम खरवार, रितिक कुमार, संदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया बघुड़ी अस्पताल का निरीक्षण



निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते सीएमओ

**सिकंदरपुर।** दर्जनों ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों की शिकायत पर सीएमओ डा. जयंत कुमार ने शनिवार को पीएचसी बघुड़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारीकी से प्रत्येक पहलुओं पर जांच भी की। उन्होंने पायी गयी कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया।

सीएमओ डा. जयंत कुमार ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बघुड़ी की लिविंग रूम बहुत अच्छी है। आवासीय भवन जर्जर हालात में है। जल्द से जल्द इसे ठीक करवा दिया जाएगा। उसके बाद यहां चिकित्सक, फार्मासिस्ट तथा नर्स के रहने की सुविधा मुहैया कराया जायेगा। बताया कि रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी लगवा दी गई है। बहुत जल्द ही यहां पर इमरजेंसी सेवा चालू हो जाएगी, जिससे कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मिल सके। वहीं, ग्रामीणों ने वहां तैनात डा. नीरज के न रहने की शिकायत सीएमओ से की तथा उन्हें वहां से तत्काल हटाने की मांग भी किया। इसको लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। यहां की सारी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं। ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। इस दौरान डा. राम किशुन राम, अखिलेश सिंह, कामेश्वर वर्मा, रामविलास, आनंद, मुक्तेश्वर वर्मा, नीरज आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मरों में कैपेसिटर से फाल्ट से मिलेगी मुक्ति

**बलिया।** रीवैंप योजना के तहत बिजली ट्रांसफार्मर पर कैपेसिटर लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को आए दिन होने वाले लोकल फाल्ट से मुक्ति मिल जाएगी। कैपेसिटर शहर से लगायत देहात तक के ट्रांसफार्मरों पर लगाए जाएंगे। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले में करीब 357 लाख उपभोक्ता है, जिनको करीब 22 हजार छोटे-बड़े सभी ट्रांसफार्मरों से बिजली की आपूर्ति की जाती है। इन ट्रासंफार्मरों पर कैपेसिटर (कंडेनशर संधारित) लगाए जाएंगे, जो एचटी और एलटी के करंट को नियंत्रित रखेंगे। इससे गर्मी के दिनों में तकनीकी खराबी और ट्रिपिंग की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कारण यह कि गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग के चलते कई तरह की समस्याएं आती है। अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम ने बताया कि कैपेसिटर लगने से लोकल फाल्ट में कमी आएगी और ट्रांसफार्मर भी कम जलेंगे। रीवैंप के तहत कई कार्य होने हैं। जिले के जर्जर तार को बदला जाना है। जिन जगहों पर पोल नहीं है, वहां लगाया जाना है।

# युवाओं को रोजगार दे रही सरकार

**बोले अनिल राजभर**

## योगी सरकार हर परिवार का ले रही आंकड़ा

**बेल्थरारोड।** भाजपा जहां देश व समाज के हित में विकास की बात करती है, वही सपा के लोग नकारात्मक बात करते है। यह बातें स्थानीय क्षेत्र के ग्राम चौकियां मोड़ पर शनिवार को श्रम विभाग उत्तर प्रदेश प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेला के मौके पर कैबिनट मंत्री अनिल राजभर ने व्यक्त किया। कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं के लिए रोजगार लेकर आयी है।

कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए रोजगार एक बड़ा मुद्दा है। सरकार ने 14 लाख लोगों को रोजगार देने का काम किया। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को जितनी सरकारी नौकरी देने का काम किया है, उतना देश के किसी राज्य सरकार ने नही किया है। कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा हर परिवार का आंकड़ा लिया जा रहा है। सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के हर वर्ग और हर परिवार को रोजगार व नौकरी से जोड़ा जाय। कार्यक्रम में आजमगढ़ मण्डल में कुल 882 लड़कियों के हाथ पीले करने के लिए 55 हजार रुपये का चेक उनके अभिभावकों को श्रम विभाग की ओर से द्वारा दिया गया।



युवक को प्रमाण पत्र देते मंत्री अनिल राजभर



निर्माण कामगार अंत्येष्टि सहायता योजना के अंतर्गत 25 लाभार्थियों के सापेक्ष कुल 6 लाख 25 हजार का चेक प्रदान किया गया। साथ ही 2 हजार युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रजिस्ट्रेशन कर रोजगार प्रमाण पत्र दिया गया। मंत्री श्री राजभर ने आह्वान किया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए युवा अपना-अपना रजिस्ट्रेशन श्रम विभाग में कराये। हमारी सरकार श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा साढ़े 8 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाने जा रही है।

### नौजवानों को दिया जा रहा रोजगार : दानिश

**बेल्थरारोड।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिये जाने के लिए दरवाजे खुले रहेंगें। आज हमारी सरकार हर नौजवान के हाथों को मजबूत करने के लिए रोजगार देने का कार्य कर रही है। भाजपा नेता छट्ठू राम के संयोजकत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने दीप प्रज्वलित करके किया। छट्ठू राम ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, दानिश आजाद अंसारी व अन्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया। वही, श्रम व सेवायोजन विभाग के डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार व अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री अनिल राजभर को बुके भेंट किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

**बेल्थरारोड।** कार्यक्रम में सांसद रविन्द्र कुशवाहा, राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, पूर्व सांसद बब्बन राजभर, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला महामंत्री आलोक शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, पंकज मिश्र, देवेन्द्र गुप्ता एडवोकेट, डा. दयानन्द वर्मा, शेषनाथ आचार्य, शशि प्रकाश चौरसिया, रणजीत कुशवाहा, सुशीला भारती, रम्भा तिवारी, रणजीत सिंह, सखी चन्द राजभर, मीरा सिंह, अमरजीत सिंह, बृजेश पाण्डेय, अवध विहारी यादव, रामदवर निषाद, बृजेश गोंड़, राजदेव तुरैया आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सतीश गुप्ता एवं संचालन प्रमोद कुमार सिंह ने किया। सुपर स्टार लोकगीत गायक व अभिनेता गोपाल राय और गायिका श्वेता शर्मा ने रोमांचक गीतों से सभी का मन मोह लिया। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम अनवर राशिद फारुकी, सीओ रसड़ा शिव नारायण वैस, उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र आदि तैनात रहे।

## संक्षेप

### तैयारियां पूरी, होली मिलन समारोह आज



**बलिया।** बांसडीह विधानसभा अंतर्गत कुसौरा गांव का होली मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। 12 मार्च, रविवार को सुबह 10 बजे 'गांव में फगुआ' होली मिलन समारोह शुरू होगा। इस दौरान समारोह में आये एक से बढ़कर एक कलाकार अपनी प्रस्तुति करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक योगेश्वर सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान योगेश्वर सिंह ने बताया कि गांव में फगुवा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इसमें फगुआ गीत, भजन आदि का कार्यक्रम होगा। गांव की पुरानी परम्पराओं को सहेजते हुए इस कार्यक्रम को बेहतर व सुन्दर बनाने का प्रयास रहेगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अंजनी उपाध्याय अपने पूरे टीम के साथ शामिल हो रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीमें भी बनाई गयी है। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है।

### किशोरी से छेड़खानी में युवक गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय कस्बा के एक मुहल्ला में घर में घुसकर एक युवक 16 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा। हो-हल्ला पर परिजनों की नींद खुल गई। विरोध करने पर उक्त युवक परिजनों से भी उलझ गया। आस-पास के लोगों के सहयोग से परिजनों ने युवक को पकड़कर बैरिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर बैरिया पुलिस ने कस्बा के पश्चिम टोला निवासी दिलशाद के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 457, 504 व 7/8 के तहत मुकदमा पंजीत कर आरोपी को न्यायालय सुपुर्द कर दिया।

### आंदोलन स्थगित, कल सौंपेंगे ज्ञापन

**बलिया।** जिला प्रशासन द्वारा जनपद में धारा-144 लागू किए जाने के फलस्वरूप प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के कारण 13 मार्च को बलिया कलेक्ट्रेट पर आयोजित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री/उत्तर प्रदेश प्रभारी अरविंद गोंडवाना ने देते हुए बताया कि भारत के राजपत्र संविधान शासनादेश के अनुपालन में गोंड-खरवार को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र सुगमता पूर्वक जारी करने की मांग को लेकर 13 मार्च को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### विद्यालय का ग्रिल तोड़कर पंखा चोरी

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र बेलहरी के जूनियर हाईस्कूल स्कूल बिगहीं में चोरों ने ग्रिल तोड़कर विद्यालय के सामान पर हाथ साफ कर दिया है। चोर एक पंखा खोलकर चलते बने है। शनिवार को सुबह स्कुल खुलने पर प्रधानाध्यापक ब्रजेश राम और सहायक शिक्षक स्कूल पहुंचे तो देखा कि रूम का ग्रिल टूटा है। अन्दर जाकर देखा तो एक पंखा गायब है तो प्रधानाध्यापक ब्रजेश राम ने ग्राम प्रधान को सूचना देने के वाद बासंडीह रोड पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरो के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### अजगर मिलने से लोगों में दहशत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहटा चट्टी के समीप ग्राम सचिवालय के पास शुक्रवार को राहगीरों ने अजगर सर्प को रेंगते हुए देखा, जिसकी सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। जो जहां था, वहीं से सर्प को देखने के लिए चल दिया। किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन मंगाकर खुदवाया, तब जाकर वन विभाग की टीम ने सर्प को पकड़कर बाहर निकाला। शुक्रवार को लोहटा गांव के पास बने ग्राम सचिवालय के समीप अजगर सर्प को रेंगते हुए ग्रामीणों ने देखा। अजगर सर्प को देखने के बाद भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। लोगों ने इसकी सुचना मनियर पुलिस को दी। इसी बीच रेंगते हुए सर्प पोखरे के भींटा के बिल में घुस गया।

### इलाज के दौरान झुलसे युवक की मौत

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर चट्टी पर मंगलवार को चाय की दुकान पर भट्टी की आग से झुलसे 32 वर्षीय युवक की वाराणसी में ईलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। परिजनो ने वाराणसी में ही उसका दाह संस्कार कर दिया। चट्टी पर छट्ठू गोंड की चाय की दुकान है। चाय की दुकान पर बैठे बंकवा गांव निवासी 32 वर्षीय शिवम सिंह उर्फ हैप्पी संदिग्ध परिस्थितियों में भट्ठी की आग से गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन पीएचसी से जिला अस्पताल ईलाज के लिए ले गये। यहां से गंभीर हालत में परिजन वाराणसी ले गये। वाराणसी में देर रात मौत हो गई।

### युवक को लाठी-डंडे से पीटकर किया घायल

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र दरांव गांव निवासी 18 वर्षीय शेखर यादव को खरौनी गांव के पास शनिवार को आधा दर्जन युवकों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन शेखर को पीएचसी से ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। शेखर के पिता कमलेश यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शेखर अपने रिश्तेदार को छोड़ने बाइक से गया था तो युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पांच युवकों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**रसड़ा।** स्थानीय पुलिस ने अवैध रूप से वसूली करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। रसड़ा के उप निरीक्षक अशोक कुमार शुक्ल ने मूखबीर की सूचना पर स्टेशन रोड स्थित प्यारेलाल तिराहा पर टेम्पो चालकों को डरा-धमका कर अवैध वसूली करने वाले राकेश यादव पुत्र जीतानंद यादव निवासी बढ़ौलिया, बिशुनपुर, थाना नगरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में हेकां. अजीत यादव , कां. अजय मौर्य शामिल रहे।


### कैम्पस सिलेक्शन कल

**सिकंदरपुर।** क्षेत्र के तिलौली में स्थित नवोदय आईटीआई में 13 मार्च, दिन सोमवार को कैम्पस सिलेक्शन किया जाएगा। नवोदय आईटीआई के प्रबंधक संतोष वर्मा ने बताया कि कैम्पस सेलेक्शन में सभी ट्रेंड के छात्रों को अवसर मिलेगा। वह अपने सभी कागजात के साथ कैम्पस सेलेक्शन में पहुंच सकते हैं।

### नगर में गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

**नगरा।** संत गणिनाथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में संत शिरोमणि गणिनाथ जी के पुरातन मन्दिर जीर्णोद्धार, मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा हेतु आहूत तीन दिवसीय यज्ञ का शोभायात्रा के साथ शनिवार को शुभारम्भ हुआ। सस्थान के अध्यक्ष आरके मध्येशिया के नेतृत्व में मन्दिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकली। यह नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश, छट्ठू राम, आलोक, रामजी, रमेश, देवनारायण, राजू, काशीनाथ, योगेन्द्र, केपी यादव, ज्वाला प्रसाद, दीनानाथ, जयप्रकाश, अरविन्द, मनन, कन्हैया, आनन्द, हरिन्द्र, उमैश, मदन आदि मौजूद रहे।

### विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर है भारत : विजय बहादुर



**रेवती।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु के अभिभाषण पर शक्ति केंद्र पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रेवती सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित किया गया। राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य विजय बहादुर सिंह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। शक्ति केंद्र के संयोजक अमित, अनिल सिंह, सुशील, उमेश ने अभिभाषण की प्रति एक-एक कर क्रमानुसार पढ़ा। विजय बहादुर ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु द्वारा अपने अभिभाषण में देश के विकास और उसके गौरव गाथा से अवगत कराया। केंद्र में चल रही मोदी सरकार ने जो आम जनता के लिये मुफ्त आवास, शौचालय और राशन तक की व्यवस्था की है। मौके पर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, ओंकार ओझा, अतुल कुमार, अभिज्ञान, भोला ओझा, इंद्रमोहन सिंह, संजय पाल, पप्पू केसरी, कौशल कुंवर, झाबर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### ग्राम तेतरार कलां के लिए मूल्यांकन निर्धारित

**बलिया।** सहायक आयुक्त स्टाम्प ने जन सामान्य को सूचित किया है कि तहसील बलिया सदर की मूल्यांकन सूची 2022-23 में ग्राम तेतरार कलां का नाम शामिल नही था। इसे शामिल करना मूल्य निर्धारण के लिए आवश्यक है। इसके लिए ग्राम तेतरार कलां के लिए निर्धारित मूल्यांकन 9 मी. से अधिक चौड़े रास्ता पर 4200 रु. प्रति वर्ग मी., 9 मी. तक चौड़े रास्ता पर 3700 रु. प्रति वर्ग मी., अषक भूमि की दर की बेसिक वैल्यू 3200 रु. प्रति वर्ग मी., एकल वाणिज्यिक प्रतिष्ठान की न्यूनतम दर प्रति वर्ग मी. दुकान की दशा में 45000 रु. कार्यालय/ गोदाम व अन्य के लिए 35000 प्रति वर्ग मी., एकल में भिन्न वाणिज्यिक प्रतिष्ठान कारपेट एरिया की न्यूनतम दर प्रति वर्ग मी. दुकान के लिए 70000 रु. कार्यालय/ गोदाम व अन्य के लिए 65000 प्रति वर्ग मी., राजस्व ग्रामों में कृषक भूमि 162 हेक्टेयर से अधिक दरें प्रति हैक्टेयर (लाख रु. में) सड़क या आबादी की स्थिति में 60 लाख रु. सड़क से दूर सामान्य स्थिति की दर 40 लाख रु. ग्राम तेतरार कलां के लिए निर्धारित की जाती है। सर्वसाधारण जन दो दिवस में आपत्ति उप निबन्धक कार्यालय सदर, बलिया को दे सकते है।

# डबल मर्डर में वांछित अपराधी गिरफ्तार

**कामयाबी**

### पच्चीस हजार का इनामी बदमाश 23 साल से था फरार

### शिवपूजन सिंह और तहसीलदार सिंह की हत्या में शामिल था अभियुक्त



**गाजीपुर।** रेवतीपुर पुलिस ने पच्चीस हजार इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। यह डबल मर्डर केस में फरार चल रहा था। पुलिस को अभियुक्त की करीब 22 से 23 वर्षो से तलाश थी। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 780 ग्राम गांजा भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष रेवतीपुर प्रशांत कुमार चौधरी पुलिस टीम के साथ अपराधियों के धर पकड़ को लेकर क्षेत्र में अभियान चलाए है। अभियान के तहत डबल मर्डर में वांछित 25 हजार घोषित इनामियां बदमाश को दबोच लिया। हिस्ट्रीशीटर के पास से 780 ग्राम गांजा बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ थाना सुहवल और दिलदारनगर में हत्या का मुकदमा पंजीकृत था। मुखबीर की सूचना पर रेवतीपुर, दिलदारनगर और सुहवल थाने के वांक्षित इनामियां बदमाश को रेवतीपुर थानाध्यक्ष ने रेवतीपुर थाना क्षेत्र के अवकल त्रिलोकपुर निवासी रामदुलार राजभर पुत्र बीरबल राजभर को रेवतीपुर नगसर बार्डर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त अपने गांव निवासी मृतक शिवपूजन सिंह पुत्र स्व. रमायन सिंह और मृतक तहसीलदार सिंह पुत्र रामाणय सिंह की हत्या की थी।

जिसके खिलाफ सुहवल और दिलदारनगर थाने में मुकदमा दर्ज था। अपराधी ने इस वारदात को करीब 22 से 23 साल पहले अंजाम दिया था। पुलिस काफी समय से इसके तलाश में थी। इसका हालपता भगंदा टोला भागलपुर थाना चैनपुर जनपद कैमूर (भभुआ) बिहार है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रेवतीपुर के अलावा का. मृदुल त्रिपाठी, लखपतिराम, संगम शुक्ला, आकांक्षा सिंह शामिल रही।

## बीएड की परीक्षा में नकल करते छात्राएं धराई

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में आज से बीएड सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हुई। महाविद्यालय में कुल आठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय पर परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। शनिवार द्वितीय पाली में बीएड प्रथम सेमेस्टर का प्रथम प्रश्न पत्र बाल्यावस्था एवं विकास संपन्न हुआ। इस परीक्षा में कुल 607 विद्यार्थी पंजीकृत रहे। इसमें से फुल 593 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 14 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान पशुपतिनाथ स्मारक महाविद्यालय, शेरपुर की दो छात्राओं को आंतरिक सचल दल द्वारा कक्ष निरीक्षकों की तत्परता से पकड़ा गया तथा उनके विरुद्ध अनुचित साधन प्रयोग करने की कार्रवाई तत्काल की गई। प्राचार्य डा. सविता भारद्वाज ने सभी कक्ष निरीक्षकों एवं आंतरिक सचल दल को सचेत रहने की हिदायत दी तथा नकल करते हुए पकड़े जाने पर विश्वविद्यालय पर नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई करने की बात कही।

# हाथरस गैंगरेप में सरकार की लचर पैरवी से आरोपी बरी

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ( ऐपवा) की ओर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस जिला उपाध्यक्ष सरोज यादव के नेतृत्व में सैदपुर तहसील क्षेत्र के गोपालपुर, समेत अन्य गांवों में मनाया गया। एपवा जिला उपाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि जब हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं। देश में महिलाएं सुरक्षित नही है।



सैदपुर तहसील क्षेत्र में ऐपवा महिला कार्यकत्री।

हर घंटे और हर दिन महिलाएं और बच्चियां हिंसा और शारीरिक शोषण का शिकार हो रही है। महिला हिंसा और यौन उत्पीड़न के सौ मामलों में सिर्फ 27 मामलों में ही आरोपियों सजा मिल पा रही है। महिला हिंसा और उत्पीड़न के मामले रोज ब रोज बढ़ रहे हैं। बिल्किस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए जेल में बंद आरोपियों को सजा पूरा होने से पहले ही छोड़ दिया गया। उन्हें फुल माला पहनाकर आरएसएस और संघ ने नायक की तरह पेश किया। हाथरस गैंगरेप मामले में सरकार की लचर पैरबी के चलते तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया। जो बेहद शर्मनाक है। लोकगायिका नेहा राठौर को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगाने के नोटिस जारी किया गया। जो संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर बड़ा हमला हैं। कार्यक्रम में आशा, मीना, मुराही, देवी माधुरी मीना, मंजू देवी,लक्ष्मीना देवी ने विचार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत चला सफाई अभियान



बारापुर गांव में मंदिर की सफाई करती छात्राएं।

**कासिमाबाद।** प्रभु नारायण सिंह महाविद्यालय के कासिमाबाद के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन बारापुर गांव में साफ-सफाई कर जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में भ्रमण कर साफ सफाई की । सर्वप्रथम पी एस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीकांत सिंह ने झंडी दिखाकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता रैली को रवाना किया गया। छात्र छात्राओं ने बारापुर गांव में साफ सफाई कर जागरूकता रैली की शुरूआत की। प्राथमिक विद्यालय बारापुर व गांव के मंदिर से सफाई कर स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर डा. यशपाल कनौजिया ,संजय कुमार ,अनिल कुमार सिंह, दिनेश सिंह सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी की मनमानी से पीपा पुल पर मंडरा रहा खतरा



रामपुर-सेमरा को जोड़ने वाले पीपा पुल पर बेतरतीब चादर।

**रेवतीपुर।** स्थानीय क्षेत्र के साधोपुर उर्फ रामपुर से सेमरा को जोड़ने वाले पीपा पुल की स्थिति बहुत ही खराब है। आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीपा पुल पर जाने के लिए जो लोहे की जो चादरे बिछाई गई है। उनकी स्थिति ऐसी है कि वह बालू से ढ़क गई है अथवा मुंह बा के खड़ी है। इस स्थिति में बाइक सवार लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। एक तो पुलिया का निर्माण काफी लेट से होता है। निर्माण होने के बाद बेतरतीब लोहे की चादरें समय-समय पर राहगीरों का रास्ता रोकती रहती हैं। चाह कर भी लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि पीपे के पुल से जाने पर यह दूरी आधे से भी कम हो जाती है। लेकिन पुलिया निर्माण एवं बेतरतीब चादरें दो तहसीलों को जोड़ने में बाधक बनती और बाइक के अलावा बड़ी गाड़ियां तो जा ही नहीं जैसे कार तो एक भी नहीं गुजरती। कभी-कभार स्कॉर्पियो और पिकअप दिख जाती है। इसके अलावा ट्रैक्टर और बाइक गुजरते रहते हैं। स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि ठेकेदार और कर्मचारी आपस में मलाई काटते रहते है, पीपा पुल की मरम्मत नहीं की जाती है। लोग दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं। कई बार तो बीवी बच्चों के साथ बाइक से गुजरने वाले लोहे की चादरों से काफी चोटिल हो जाते हैं। इस रास्ते से गुजारना उनके लिए घातक हो जाता है।

### पुल की टूटी रेलिंग, हादसों का खतरा, अफसरों को नहीं चिंता



हाटा पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग।

**मुहम्मदाबाद।** हादसों से बचाव को लेकर सड़क और पुलों को दुरुस्त रखने के तमाम दावे तो किए जाते हैं, लेकिन क्षेत्र के कई पुल ऐसे हैं, जिनकी रेलिंग तक टूटी हुई हैं। यह टूटी रेलिंग हादसों का सबब बन सकती है, बावजूद अफसर मौन साधे हुए हैं। इन टूटी रेलिंग को ठीक कराने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बतौर बानगी बलिया जिले से जोड़ने वाला मुहम्मदाबाद तहसील का हाटा पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पुल के ज्वाइंटर में भी काफी दरार हो गया है।इसकी तत्काल मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी यहां दुर्घटना हो सकती है। यह हाल तो तब है, जबकि पुलों की टूटी रेलिंग से वाहन तक गिर चुके हैं। ऐसे में पुलों की टूटी रेलिंग बड़े हादसे की वजह बन सकती है। रेलिंग के साथ ही गड्ढों से परेशानी होती है। पुलों पर रेलिंग टूटी होने के साथ ही सड़क में गड्ढे भी परेशानी पैदा कर रहे हैं। पुल पर ही बीचोंबीच गहरी खाई बनी हुई है। पुल के फुटपाथ तो ध्वस्त हो चुके हैं। साथ ही सुरक्षा के लिए लगाई गई रेलिंग भी जगह-जगह से गायब है।

### कोहरा खत्म होने के बावजूद समय से नहीं चल रही ट्रेनें

**गाजीपुर।** कोहरे का प्रकोप समाप्त हो गया है। मौसम साफ है। ट्रेनों के परिचालन में दृश्यता कोई बाधा नहीं है। बावजूद इसके कई ट्रेनें घंटों विलम्ब से चल रही है। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। वाराणसी-छपरा रेलखंड पर यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी की दोहरी मार झेल रहे हैं। कोहरा समाप्त होने के बावजूद ट्रेनों को निर्धारित गति से नहीं चलाया जा रहा है। जबकि गुड्स ट्रेनों का दबाव यात्री ट्रेनों के संचालन पर लंबे समय से प्रभावी है। पूर्व में रेल प्रबंधन यात्री ट्रेनों के विलंब के सवाल को कोहरा का हवाला देकर हल करने में जुटेथे। उधर, विभाग के जानकार रेल प्रबंधन के प्रयासों को कमतर आंक रहे हैं। रेलवे अधिकारियों के दावों के बाद भी ट्रेनों की समयबद्ध संचालन नहीं हो पा रहा है। यात्री कम दूरी की ट्रेनों में यात्रा के दौरान दो से तीन घंटे अतरिक्त सफर को बाध्य हैं। शुक्रवार को सुहेलदेव एक्सप्रेस, वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, व ट्रेन समेत एक दर्जन ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से दस घंटे तक देरी से पहुंचीं।

# चाय विक्रेता को दबंगों ने लाठी डंडे से पीटा

**विवाद**

### ऑनलाइन पेमेंट नहीं लेने पर बढ़ा विवाद, सात के खिलाफ मुकदमा कायम

**मरदह।** थाना क्षेत्र के पलहीपुर चट्टी पर ऑनलाइन पेमेंट नहीं लेने पर दबंगो ने चाय की दुकान पर जमकर हंगामा किया। दुकानदार सहित तीन लोगों को लाठी डंडे से जमकर पीटा। घायल लोगो को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां दुकानदार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुकानदार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के पलहीपुर चट्टी पर अच्छेलाल राजभर(45) के चाय की दुकान पर शुक्रवार को हमलावर 20 रुपये का सामान खरीद कर फोन पे से रुपये लेने का दबाव बनाने लगे। दुकानदार ने फोन पे से रुपये लेने से मना कर दिया। चाय विक्रेता ने नगद रूपए की मांग की। दुकानदार की बात हमलावरों को नागवार लगा। आधा दर्जन की संख्या में मौजूद दबंग युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दिया।

दुकानदार ने रोक टोक किया तो सभी ने लाठी डंडे मारपीट करने लगे। इस बीच बचाव करने पहुंचे पप्पू राजभर (35) व अभिषेक राजभर (13) को भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों की मदद से तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज हुआ। वहीं दुकानदार अच्छेलाल राजभर की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बरही गांव निवासी शुभम कुमार यादव,शिवम यादव,रमेश यादव,प्रदीप यादव,मनीष यादव,कन्हैया यादव, शुभम यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भम्रणशील है।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत



सोढ़वा गांव में रोते-बिलखते परिजन।

**जनसंदेश न्यूज**

**मरदह।** क्षेत्र के सोढरा गांव निवासी ज्योति देवी (60) पत्नी स्व. रामनगीना पासवान की शुक्रवार को नन्दगंज थाना के धामूपुर गांव के पास ट्रेन की पटरी क्रास करते वक्त मौत हो गई।

ज्योति देवी अपने मायका नदनगंज अतरसुआ गांव में अपने भतीजे की शादी में भाग लेने के लिए घर से जा रही थी। मायका पहुँचने से पहले ही रेलवे की पटरी क्रास करते वक्त वह ट्रेन के चपेट में आने से कट मरी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सोढरा गांव में ज्योति की मृत्यु की सूचना पर शोक की लहर दौड़ गयी।

परिजनों में गमगीन माहौल बना हुआ है। परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बरोड़ा चट्टी के पास बीते 18 फरवरी की देर रात मेला से लौट रहे ठेला चालक में बाइक सवार की टक्कर हो गई थी। जिसमें घायल बाइक सवार गुड्डू राम उम्र (47) वर्ष की एक निजी अस्पताल जनपद मऊ में 22 वे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई । मृतक की शव को लेकर सैकड़ों की संख्या में परिजन शनिवार को कासिमाबाद कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सिदउट गांव निवासी गुड्डू राम उम्र 47 वर्ष पुत्र स्व शिवनाथ राम की बीते 18 फरवरी की देर रात भट्ठे पर मजदूरी कर बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही बरोड़ा चट्टी के पास पहुंचा बाइक अनियंत्रित होकर मेला में फल बेचकर घर जा रहे ठेला चालक में टक्कर होने से बाइक सवार गुड्डू राम व ठेला चालक बुरी तरह घायल हो गया था। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।



कासिमाबाद कोतवाली में आक्रोशित ग्रामीण।

# किसान सभा के तत्वावधान में जनसभा का आयोजन संपन्न



पलहीपुर चट्टी स्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक राजेंद्र यादव।

**जनसंदेश न्यूज**

**मरदह।** क्षेत्र के पलहीपुर चट्टी पर अखिल भारतीय किसान सभा के तत्वाधान में एक जनसभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां पूंजीपतियों के हित में कार्य कर रही है। किसान, मजदूर, बुनकर मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार की मार से त्रस्त है। किसानों के बजाय पूजीपतियों के कर्ज माफ करने वाली सरकार जनविरोधी है। जनता को लामबंद होकर इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लामबंद होने की आवश्यकता है।

किसान मजदूर लाल झंडे के नीचे लामबंद हो उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का कार्य किसान सभा करेगी। सरकारी अधिकारी, कर्मचारी निरंकुश होकर जनता का शोषण,उत्पीड़न कर रहे है। सत्ताधारी पार्टी का इन भ्रष्टाचारियों को संरक्षण प्राप्त है। विपक्षी दलों की आवाज दबाने के लिए ईडी,सीबीआई का इस्तेमाल करने का कार्य केंद्र सरकार कर रही है। इस अवसर पर भाकपा के जिला सचिव जनार्दन राम, रामजी सिंह, संजय, सुदामा राम, रामनारायण राम, विक्रमा यादव, जगदीश चौहान, श्यामसुंदर चौहान, रामकरण यादव, पूजन यादव, श्यामलाल, हरि, सीताराम चौहान आदि रहे। अध्यक्षता श्यामलाल राजभर ने संचालन रामलाल ने किया।

## ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**दिलदारनगर।** होली का त्योहार बीतते ही परदेशियों का घर से लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसके कारण रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनो मे काफी भीड़ हो रही है।इसको देखते हुए शुक्रवार की रात में दिलदारनगर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षाबल व जीआरपी ने संयुक्त रूप से रेलवे प्लेटफार्म व आरक्षण काउंटर पर भ्रमण कर यात्रिओ को सावधानी पूर्वक ट्रेन में सवार होने के लिए जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान यह यात्रिओ से अपील किया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई भी वस्तु या खाने-पीने प्रसाद इत्यादि दे तो ना लें अगर ट्रेन में लावारिस वस्तु या असामाजिक तत्व अपराधी दिखे तो तत्काल जीआरपी को सूचित करें। इस चेकिंग अभियान मे आरपीएफ के,उप निरीक्षक नवींन कुमार,जीआरपी के चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार ओझा,जितेंद्र सिंह,विवेक पांडये,महेंद्र यादव ,रामप्रताप साथ मे मौजूद रहे।

# चैता मंडलियों के बीच मुकाबला



बारा गांव में चैता गायन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**बारा।** बिहार सीमा पर स्थित बारा गांव के सरस्वती नगर में नवयुवक मंगल दल के तत्वाधान में शुक्रवार की रात चैता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से आईं निर्मला यादव एवं बिहार बक्सर के हरेंद्र सिंह उर्फ बूढ़ा व्यास की चैता मंडलियों के बीच मुकाबला हुआ। इससे पूर्व चैता का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत सदस्य जमाले जन्नत खान ने फीता काटकर किया। चैता कार्यक्रम में गायकों ने परंपरागत गीत गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। रातभर श्रोताओं ने चैता गायन का आनंद लिया। दोनों मंडलियों ने बारी-बारी से करीब 45 मिनट तक चैता भजन की प्रस्तुति से लोगों का खूब मनोरंजन किया। आयोजन की अध्यक्षता वशिष्ट यादव और संचालन गुप्तेश्वर यादव ने किया। निर्णायक की भूमिका पंडित बचाई बाबा ने निभाई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मगरखाई अनिल यादव, ग्राम प्रधान भतौरा अजीत यादव, ग्राम प्रधान पति कुतुबपुर विपिन राय, एजाज खान, मुंशी यादव, सूबेदार जवाहर लाल आदि उपस्थित रहे।

# भूमि माफिया के खिलाफ दर्ज हो मुकदमा : डीएम

**निर्देश**

### डीएम-एसपी की निगरानी में थाना दिवस का हुआ आयोजन

### अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरुद्ध हो कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**



भुड़कुड़ा कोतवाली में फरियाद सुनती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर द्वितीय शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना भुड़कुड़ा में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर भुड़कुड़ा में आठ फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरुद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाये।

उन्होने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मो. नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। थाना दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस,कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक तथा थाने पर हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


## प्रधान पति बताने पर डीएम-एसपी ने लगाई फटकार

**जखनिया।** भुड़कुडा कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम व एसपी के सामने जब कृतसिंहपुर और मुरियारी के ग्राम प्रधानों ने अपना परिचय प्रधान पति के रूप में बताने भड़क गए। डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को आगे लाया जाए। लेकिन चुनाव जीतकर ग्राम प्रधान बनी महिलाएं को उनके पति घर में रखकर स्वयं प्रधानी कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही महिला प्रधानों की मीटिंग कराई जाएगी और उन्हें उनके कार्यों के बारे में बताते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा ताकि वह अपना काम स्वयं कर सके।
















## जनसंपादकीय

# प्रगतिवादी काव्य धारा का इतिहास

**चंद्रमौलि चंद्रकांत**



भारत में प्रगतिवादी काव्य धारा का समय (समय-सीमा) 1936 से 1943 ई. तक माना गया है। सन् 1934 ई. में गोर्की के नेतृत्व में रूस में 'सोवियत लेखक संघ' की स्थापना हुई। यह विश्व का पहला लेखक संगठन था। सन् 1935 ई. में हेनरी बारबूस की पहल पर पेरिस में एक अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ फारेस्टर जिसके अध्यक्ष थे। ई. एम. फारेस्टर ने ही 1935 ई. में 'प्रगतिशील लेखक संघ' की स्थापना की। इसी वर्ष मुल्कराज आनन्द, सज्जाद जहीर, ज्योति घोष, के. एम. भट्ट, हीरेन मुखजी, एस. सिन्हा और मोहम्मद्दीन तासीन ने भारत की तरफ से सर्वप्रथम इंग्लैण्ड (जुलाई 1935 ई.) में 'भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ' का गठन किया। प्रगतिशील लेखक संघ का पहला अधिवेशन 1936 ई. में लखनऊ में हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष/ सभापति प्रेमचंद थे। इस अधिवेशन के समय से हिन्दी में प्रगतिवादी आन्दोलन की शुरूआत और स्थापना होती है।

शिवदान सिंह चौहान का 1937 ई. में विशाल भारत में एक लेख 'प्रगतिशील साहित्य की आवश्यकता' प्रकाशित हुआ था। प्रगतिशील साहित्य का नारा 'कला संसार को बदलने के लिए' था। शिवदान सिंह चौहान ने लिखा है कि, ' हमारा साहित्यिक नारा कला कला के लिए नहीं, वरन कला संसार को बदलने के लिए है। इस नारे को बुलंद करना प्रत्येक प्रगतिशील साहित्य का फर्ज है।' प्रगतिवाद की आन्दोलन के रूप में शुरूआत 1936 ई. से मानी जाती है जो कविता में सामाजिक यथार्थवाद को लेकर आगे बढ़ा। नामवर सिंह ने लिखा है- 'जिस तरह कल्पना प्रवण अंतदृष्टि छायावाद की विशेषता है और अंतमुर्खी बौद्धिक दृष्टि प्रयोगवाद की, उसी तरह सामाजिक यथार्थ दृष्टि प्रगतिवाद की विशेषता है।'

सुमित्रानंदन पंत का काव्य संग्रह युगवाणी 'प्रगतिवाद' का प्रथम काव्य संग्रह माना जाता है। डॉ. बच्चन सिंह ने भी सुमित्रानन्दन पंत कृत 'युगवाणी' को खडी बोली का प्रथम प्रगतिवादी काव्य माना है। वहीं डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त ने कालक्रम की दृष्टि से रामेश्वर 'करुण' कृत ब्रजभाषा काव्य 'करुण सतसई' को प्रथम प्रगतिवादी कवि और काव्य माना है। प्रगतिवादी कवियों को तीन श्रेणियों में रखा जा सकता हैं- 1. पूर्ववर्ती काव्यधारा छायावाद से संबद्ध कवि, 2. मूल रूप से प्रगतिवादी कवि और 3. वे जिन्होंने प्रगतिवादी कविता से अपनी काव्य-यात्रा शुरू की लेकिन बाद में प्रयोगवादी या नई कविता करने लगे।

पहले वर्ग के कवियों में सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', नरेन्द्र शर्मा, भगवती चरण वर्मा, रामेश्वर शुक्ल 'अंचल', बच्चन की कुछ कविताएं बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', माखन लाल चतुर्वेदी, रामधारी सिंह 'दिनकर', उदयशंकर भट्ट, उपेन्द्रनाथ 'अश्क', जगन्नाथ प्रसाद 'मिलिंद' आदि। इन कवियों का प्रगतिवादी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान है। दूसरे वर्ग में में केदारनाथ अग्रवाल, रामविलास शर्मा, नागार्जुन, रांगेय राघव, शिवमंगल सिंह 'सुमन' तथा त्रिलोचन का नाम उल्लेखनीय है। तीसरे वर्ग में गजानन माधव 'मुक्तिबोध', अज्ञेय, भारत भूषण अग्रवाल, भवानी प्रसाद मिश्र, नरेश मेहता, शमशेर बहादुर सिंह, धर्मवीर भारती के यहाँ भी प्रगतिवाद किसी न किसी रूप में मौजूद है, पर इन्हें प्रयोगवादी या नयी कविता का कवि माना जाता है। इस दौर के प्रमुख कवि हैं -

केदारनाथ अग्रवाल (1911-2000) आरम्भिक दौर में 'बालेन्द' उपनाम से ब्रजभाषा में कवित्त, सवैया छंद में लिखते थे। इनका प्रथम काव्य-संग्रह 'युग की गंगा' है। केदारनाथ अग्रवाल ने देश-विदेश के तमाम कवियों की कविताओं का अनुवाद 'देश-विदेश की कविताएँ' शीर्षक से किया। प्रगतिवादी काव्य के संदर्भ में केदारनाथ अग्रवाल ने लिखा है कि, 'अब हिंदी, कविता न तो रस की प्यासी है न अलंकार की इच्छुक और न संगीत के तुकांत पदावली की भूखी। अब वह चाहती है किसान की वाणी, मजदूर की वाणी और जन-मन की वाणी।' नामवर सिंह ने लिखा है कि, 'हिंदी में व्यंग या तो निराला ने लिखा है या नागार्जुन ने और केदार ने'। केदारनाथ अग्रवाल को 1986 ई. में 'अपूर्वा' संग्रह पर साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला है। केदारनाथ अग्रवाल की प्रसिद्ध कविताएँ हैं- मांझी न बजाओ बंशी, बसंती हवा।

राम विलास शर्मा (1912-2000) ने कविताएँ बहुत ही कम मात्रा में लिखीं हैं, मूलतः इनका योगदान आलोचक, निबंधकार, विचारक के रूप में अधिक है। डॉ. रामविलास शर्मा भारत के प्रथम 'व्यास सम्मान' विजेता थे। इन्हें प्रथम शलाका सम्मान भी 1986-87 ई. में दिया गया था।

नागार्जुन (1910-1998) का मूल नाम वैद्यनाथ मिश्र है। इनका 'यात्री' और 'नागार्जुन' उपनाम है। नागार्जुन का पहला साहित्यिक उपनाम 'यात्री' था। संस्कृत और मैथिली में ये 'यात्री' नाम से कविताएँ लिखते थे। नागार्जुन 'बाबा' नाम से भी प्रसिद्ध थे। नागार्जुन की खड़ी बोली में सर्वप्रथम प्रकाशित रचना 'राम के प्रति' है जो सन् 1935 ई. में लाहौर से निकलने वाली साप्ताहिक पत्रिका 'विश्वबन्धु' में छपी थी। नागार्जुन कृत 'भस्मांकुर' एक खण्डकाव्य है जो 'बरवै' छंद में है। नागार्जुन ने मैथिली भाषा में 'पत्रहीन नग्न गाछ' शीर्षक से काव्य लिखा। इसमें 52 कविताएँ संकलित हैं। इस कृति पर उन्हें सन् 1968 ई. में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला। नागार्जुन ने अपनी कविता 'प्रतिहिंसा ही स्थायी भाव है' के सन्दर्भ में लिखा है, 'यह तो नागार्जन-साहित्य का 'मेनिफेस्टो' है।' डॉ. बच्चन सिंह ने नागार्जुन की कविताओं को 'नुक्कड़ कविता' की संज्ञा दी है। नागार्जुन को राजनीतिक कवि के रूप में भी जाना जाता है। नागार्जुन को प्रगतिवाद का शलाका पुरुष कहा जाता है।

नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार-1969 (मैथिली में, 'पत्र हीन नग्न गाछ' के लिए) मिला था इसके आलावा भारत भारती सम्मान (उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ द्वारा), मैथिलीशरण गुप्त सम्मान (मध्य प्रदेश सरकार द्वारा), राजेन्द्र शिखर सम्मान -1994 (बिहार सरकार द्वारा), साहित्य अकादमी की सर्वोच्च फेलोशिप से सम्मानित, राहुल सांकृत्यायन सम्मान पश्चिम बंगाल सरकार से भी प्राप्त हुआ है।

रांगेय-राघव (1923-1962) का मूलनाम त्र्यंबक वीर राघवाचार्य है। इनके पिता का नाम रंगाचार्य, माता कनकवल्ली और पत्नी सुलोचना थीं। इनका परिवार मूलरूप से तिरुपति, आंध्र प्रदेश का निवासी था। 'अजेय खण्डहर' में तीन शीर्षकों- झंकार, ललकार, हुंकार से स्तालिनग्राद युद्ध के कतिपय स्थलों का वर्णन किया गया है। पिघलते पत्थर और राह के दीपक रांगेय राघव के मुक्तक काव्य हैं।

शिव-मंगल सिंह 'सुमन' (1915-2002) का प्रथम संग्रह हिल्लोल (1939) है। शिवमंगल सिंह 'सुमन' को निम्नलिखित पुरस्कार मिले हैं- पद्मश्री- 1974, पद्मभूषण- 1999, देव पुरस्कार- 1958, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार- 1974, साहित्य अकादमी पुरस्कार- 1974 'मिट्टी की बरात' के लिए, शिखर सम्मान- एम.पी. से 1993, भारत भारती पुरस्कार- 1993

त्रिलोचन जी (1917-2007) का प्रथम संग्रह 'धरती' (1945 ई.) है। गजानन माधव 'मुक्तिबोध' ने त्रिलोचन को 'अवध का किसान कवि' कहा है। 'अमोला' (1990 ई.) त्रिलोचन जी का अवधी काव्य कृति है। इस कृति में 2700 बरवै संगृहीत हैं। हिन्दी में सॉनेट लिखने के लिए त्रिलोचन शास्त्री प्रसिद्ध हैं। त्रिलोचन शास्त्री को 1989-90 में हिंदी अकादमी ने शलाका सम्मान से सम्मानित किया था। हिंदी साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हे 'शास्त्री' और 'साहित्य रत्न' जैसे उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। 1982 में ताप के ताए हुए दिन के लिए उन्हें साहित्य अकादमी का पुरस्कार भी मिला था। इसके अलावा उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी समिति पुरस्कार, हिंदी संस्थान सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, शलाका सम्मान, भवानी प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय पुरस्कार, सुलभ साहित्य अकादमी सम्मान, भारतीय भाषा परिषद सम्मान आदि से भी सम्मानित किया गया था।

आगे इस परंपरा में शमशेर बहादुर सिंह, विजेंद्र, केदारनाथ सिंह, भारतभूषण अग्रवाल, धूमिल, रघुवीर सहाय, विष्णुचंद्र शर्मा आदि के नाम लिए जा सकते हैं। इनके बाद वाली पीढ़ी में अरुण कमल, आलोक धन्वा, राजेश जोशी, वेणु गोपाल, उदय प्रकाश, चंद्रकांत देवताले, मंगलेश डबराल, ज्ञानेन्द्रपति, शैलेन्द्र चौहान, कुमार अंबुज आदि हैं।

**( लेखक मानविकी संकाय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल से जुड़े हैं, संपर्क 9246521546)**

# पारसी थियेटर और अखबार अवधपंच

## थियेटर

**शकील सिद्दीकी**



लखनऊ सहित समग्र हिन्दी-उर्दू क्षेत्र में नाट्य लेखन और मंचन की शुरूआत सल्तनते अवध के छठे बादशाह नवाब वाजिद अली शाह के शासनकाल से मानी जाती है। 1850 में वाजिद अली शाह द्वारा रचित तथा उन्हीं के प्रयासों से मंचित रहस 'किस्सा राधा कन्हैया का' को इस शुरूआत का प्रस्थान बिन्दु कहा गया। इस रहस का इतना शोर हुआ तथा सामंत वर्गों में यह इतना प्रिया हुआ कि इस तरह के अन्य 'रहस' लिखे और खेले जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। अपने समय के प्रसिद्ध शायर आगा हसन 'अमानत' लखनवी ने जो ताजे-ताजे ईराक से तीर्थयात्रा करके लौटे थे, एक नया रहस लिखने का बीड़ा उठाया। इन्द्र चरित की केन्द्रीयता वाला यह नया रहस 'इन्दरसभा' नाम से 1854 ई0 में कैसरबाग लखनऊ में ही मंचित हुआ। इन्दरसभा में संगीत-नृत्य की विभिन्न शैलियों-शिल्पों का अद्भुत समन्वय था। इसकी रसीली उत्तेजक मादकता की शोहरत दूर तक गयी। विशेष रूप से सामंत व शहरी उच्च वर्ग में। मध्य वर्ग में भी इसने खास जिज्ञासापूर्ण उत्तेजना पैदा की। सामान्यजन की रूचि को उसने आकर्षित किया। दूसरी ओर तत्कालीन रचनाकारों के लिए इन्दरसभा स्वप्नमयी चुनौती बनकर प्रस्तुत हुई।

तब इन्द्रसभाओं की बाढ़ सी आ गयी। मात्र चालीस-पचास साल के अर्से में सैकड़ों इन्दरसभाएं लिख डाली गयीं। कभी नाम में, कभी कथानक में आंशिक परिवर्तन करके इनका मंचन किया गया। ठुमरी, दादारा,गीत, गजल, कथक, प्रहसन, सबमें नये-नये ढब निकाले गये। पारसी थियेट्रिकल कम्पनियों को इन्दरसभा का संरचनात्मक वैशिष्ट्य खासतौर पर बहुत पसंद आया। साधन-सम्पन्न वर्गों में इसके प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए इन कम्पनियों के मालिकों को व्यावसायिक लक्ष्यों की पूर्ति का उपयुक्त साधन महसूस हुआ। उन्होंने इसे हाथों-हाथ लिया। विकसित तकनीक, रंगमंच के अनुभव, मंच की अपोक्षाकृत बेहतर परिकल्पना तथा साधनों की उपलब्धि ने इन्दर सभा के मंचन को अधिक आकर्षक बना दिया। पारसी थियेट्रिकल कम्पनियों ने न केवल पुरानी इन्दरसभाएं मंचित कीं, बल्कि नई इन्दरसभाएं भी लिखवायीं। इन्दरसभा के शिल्प में अपेक्षित परिवर्तनों के साथ नये कथानकों के आधार पर नये नाटक लिखवाये। इस काम के लिए लेखकों को बाकायदा मुलाजिम रखा गया, जो मुंशी कहे जाते थे। इस क्रम में उर्दू के अनेक चर्चित व प्रबन्ध काव्यों (मसनवियों) का नाट्य रूपान्तर किया गया। अंग्रेजी नाटकों का भी चर्बा उतारा गया। व्यापकजन समुदाय को आकर्षित करने के उद्देश्य से इन कम्पनियों ने हिन्दू धार्मिक पौराणिक कथानकों के आधार पर भी नाटक लिखवाये। जिनके मंचन को अप्रत्याशित लोक स्वीकृति प्राप्त हुई। इस तरह पारसी थियेटर ने अपना लिए विशाल सामाजिक आधार निर्मित कर लिया। इस सामाजिक आधार को तैयार करते हुए उसने संगीत-नृत्य की केन्द्रीयता तथा स्त्री-पुरूष प्रेम की प्रमुखता को कभी स्थगित नहीं होने दिया। पारसी थियेट्रिकल कम्पनियां, जो प्रमुख रूप से बम्बई या गुजरात केन्द्रित थीं, इन्दरसभा तथा अन्य नाटकों को देश के सुदूर अंचलों तक ले गयीं। उन्होंने भाषाओं-संस्कृतियों की परिधियों का निरन्तर अतिक्रमण किया। यों तो बम्बई व गुजरात की कम्पनियों-नाट्य मण्डलियों के अनुकरण में देश के विभिन्न हिस्सों में, जिनमें लखनऊ भी शामिल है, नाट्य मण्डलियों का गठन किया गया। बावजूद इसके नाट्य परिदृश्य पर लम्बे समय तक बम्बई व गुजरात की थियेट्रिकल कम्पनियों का वर्चस्व बना रहा। इन कम्पनियों ने रंगमंच के सामाजिक आधार को विराटता देने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई, वहीं दर्शकों की रुचि बिगाड़ने उनके सौन्दर्य बोध को लिजलिजा बनाने का पूरा कारनामा भी अंजाम दिया। यही वजह है कि इनके मंचों पर यदि भावनाओं को उभार सकने वाला या यह कि दर्शकों के मन को मोह लेने वाला नेकी और बदी के बीच संघर्ष चल रहा था तो वहीं बौद्धिक जगत में भी इस नाट्य परिदृश्य के प्रति सहमति व असहमति के बीच द्वन्द्वात्मक स्थिति बनी हुई थी। एक वर्ग की दृढ़ मान्यता थी कि ये नाटक मण्डलियां पैसा कमाने के चक्कर में नौजवानों को बर्बाद कर रही हैं तथा बसे बसाये घर उजाड़ रही हैं। हिन्दी व बांग्ला के कुछ तथा उर्दू के अनेक अखबारों ने इस नाट्य परिदृश्य यानी कि पारसी थियेटर के प्रचलित स्वरूप के प्रति अरुचि व अप्रसन्नता प्रकट की थी। लखनऊ, बनारस व पटना के अखबरों में इस बारे में काफी कुछ लिखा गया। स्वयम् भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का नाट्य लेखन पारसी थियेटर द्वारा पतनशील मनोवृत्तियों को प्रश्रय देने की सक्रियता के खिलाफ सार्थक प्रतिरोधी हस्तक्षेप था।

बहरहाल इस बारे में अलपंच (पटना) रफीकुल अखबार (बनारस) तथा अवधपंच (लखनऊ) ने अग्रणी भूमिका ली-लड़कों का फिर आया गुरूघंटाल थियेटर। फैलायेगा इस साल नया जाल थियेटर (5 मई 1899, अलपंच, पटना) लखनऊ जिसे इस नाट्य परम्परा की जन्मभूमि होने का श्रेय प्राप्त है, भला वहाँ ये नाटक कम्पनियां तमाशे दिखाने क्यों न आतीं? या स्वयम् यहाँ की मण्डलियां नाटक क्यों नहीं करतीं? यहाँ तो उसके चाहने वालों की भरमार थी। सन् 1881 ईसवी के साल में पारसियों की रायल थियेट्रिकल कम्पनी ने ऐतिहासिक बारादरी (कैसरबाग) में जिसे नवाब वाजिद अली शाह ने मोहर्रम सम्बन्धित आयोजनों के लिए बनवाया था, अनेक चर्चित-अचर्चित नाटकों का मंचन किया। जिससे शहर में खासी गहमा-महमी थी। उस काल में यहाँ अवधपंच श्रेष्ठ एवम् संतुलित व जनपक्षधर अखबार माना जाता था। ब्रिटिश शासन विरोधी उसकी भंगिमा के कारण लोग उसे सम्मान की दृष्टि से देखते थे। रायल थियेट्रिकल कम्पनी के प्रदर्शनों-प्रस्तुतियों पर इस अखबार ने अपने क्रमशः चार अंकों में समीक्षात्मक टिप्पणियां लिखीं। ये टिप्पणियां तब की स्थिति का पर्याप्त अनुमान देती हैं। साथ ही यह उत्तर भारत में नाट्य समीक्षा की प्रारंम्भिक मिसालें भी मानी जा सकती हैं।

अवधपंच, लखनऊ, मोरखा दिनाँक 23 अगस्त 1888 ईसवी। लोकल (स्थानीय) .. 'थोड़े दिनों से इन तमाशों की जद्दे फासिदा (फसाद की जड़) पारसियों की रायल थियेट्रिकल कम्पनी साहिबा भी रौनक अफरोजे-शहर हुई हैं। कैसरबाग वाली बारादरी में तमाशे दिखाती है। वाकिआ यह है कि दिल लुभाने जी खुश करने का ढब अच्छा याद है, खुदा न करे इसका चसका किसी को पड़े।

इधर शाम हुई, उधर शामत सवार हुई। शौक चरार्या और कशां-कशां (खींचता-खींचता) कैसरबाग लाया, परदों की रंग आमेजी, नक्क़ाशी, पोशाकों की चमक-दमक, लड़कों की आवाज, साजिन्दों के साज की बदौलत हर दाना व नादान मतहय्युर (आश्चर्यचकित) रह जाता है। इस अर्से में बेनजीर बदरेमुनीर, पूरनभगत, इन्दरसभा, लैलामजनूं के तमाशे, जाफरो केसर, ले पड़ो और गले पड़ो, हौलक जानवर वगैरा की नकलें हुईं। बहैसियत मजमूई निहायत दिलचस्प रही, खासतौर पर इन्दरसभा के रोज मामूल से ज्यादा कसरत थी, बैठने को जगह न मिलती थी। अभी यह कम्पनी कायम हुई है, गालिब है अगर चन्दे इसी इंतजाम और मुस्तैदी के साथ जारी रही तो हमअसरों (समकालीनों) से बढ़ जायेगी। पहली कम्पनी की एक खूबरू, खुशगुलू लड़की को इस शहर वालों ने तोड़ लिया था, अब वह थोड़े अर्से में रक्सो-सरोद के मशहूर स्कूल यानी बिन्दादीन के यहाँ से सीख सिखा छलछली परकालाएं, आतिश हो गयी हैं। वह भी थोड़ी देर को इस तमाशे में गाती हैं। खिलकत उसके सुनने की मुश्ताक (उत्सुक) हुजूम करके आती हैं। वल्लाह वाह अच्छी ईंट अच्छी जगह लगी। मैनेजर कम्पनी ने अहले मजाक की रिआयत से (सुरूचि सम्पन्न लोगों की मदद से) अच्छी सूरत पैदा की।"

अवध पंच (लखनऊ) मोरखा दिनांक 30 अगस्त साल 1881 ईसवी। लोकल-सहीफ-ए-साबिक (पूर्व अंक) में 'अहवाले कम्पनी तमाशागरान दर्ज हो चुका है। अभी तक कैसरबाग में तमाशे होते हैं। शायक़ीन गिरोह के गिरोह आते हैं, खुसूसन इन्दरसभा के रोज अच्छा मजमा होता है और क्यों न हो, कई तमाशा करने वाले होशियार, सामान अच्छा, शहर शौक़ीन, लंगोटी में भाग खेलने वाला, पगड़ी रख के मिठाई खाने वाला और नामे खुदा अभी थोड़े दिनों से कम्पनी कायम हुई है। अगर चन्दे यही लैलोनिहार है तो बहुत कुछ तरक्क़ी होगी। अभी किसी-किसी बात में खामी है। शायद तजुर्बे और दोस्तों की सलाह से आइन्दा रफा हो जाये। मसलन बाज औकात ना वाकई (अवास्तविकता) से कोई ऐक्टर रंजोगम के समां में बेहूदगी और बेतमजी.से हरकात मजहका अंगेज (हास्यास्पद हरकतें) करने लगता है, जिससे सारा लुत्फे किस्सा और तमाम मेहनत इस हिस्से का तमाशा करने वालों की मिट्टी में मिल जाती है और नाजरीन (दर्शकों) को लुत्फ के औज अब और घुटन होती है। वाकई दो मुतजाद (विरोधाभासी) कैफियत एक साथ इंसान के दिल में पैदा नहीं हो सकती। लैला मजनूं के तमाशे में जिस वक्त मजनूं निजा (गहरे अन्तर्द्वन्द) की हालत में लैला के जानू (जंघा) पर सर रखे और दर्दअंगेज आवाज से अपनी हसरत और यास (दुख) बयान कर रहा है और लैला गम की तस्वीर बनी सामने बैठी है। उस वक्त स्टेज के दूसरे गोशे (कोने) पर एक बिदकता बदसूरत आदमी मोटे तौर से महज बच्चों को हंसाने वाले हरकात करता हो तो किस कदर बेमौका और बेहूदा मालूम होगा। दूसरे 29 अगस्त के तमाशे में किस कदर बदइंतेजामी थी, यानी एक जलीलुल-कदर (अति-प्रतिष्ठित) मेम्बर खान्दाने शाही की कुर्सियों की जगह पर ....... (जिन पर नाम लिखा था और जो दिन से ली गयी थीं) दो गोरे अपनी कुर्सियां बिछा कर बैठ गये और उन कुर्सियों को कोने में उठा कर रख दिया, मगर किसी की जुरअत (हिम्मत) उसे बाज रखने की न हुई। जब वो रईस रौनक अफरोज हुए और यह हाल सुना तो निहायत बरआशुफ़्ता (क्रुद्ध) होकर वापस तशरीफ ले गये। हमारी राय में कम्पनी ने अपने फर्जेमनसबी में पहलूतही (लापरवाही) की । इन कुर्सियों की हिफाजत करना उनका फर्ज था। फिर जब यह सूरत है तो कोई मोअज्जिज (सम्माननीय) किस फायदे के वास्ते पहले से टिकट लेगा और ऐसे तुफाने बदतमीजी में शामिल होगा। ऐसे उमूर की जानिब भी बहुत तवज्जोह चाहिये वरना बदनामी का गुमान है।'

**(207, बी.सी.सी. ग्रेविटी, टिकैत राय तालाब, राजाजीपुरम, लखनऊ, संपर्ज 09839123525 )**

# नमक सत्याग्रह में महिलाओं की भूमिका

## इतिहास

**डॉ. चित्रा माली**



गांधी दांडी मार्च में महिलाओं की सार्वजनिक और सक्रिय भूमिका के खिलाफ थे । नमक सत्याग्रह से पूर्व महिलाओं को इस आंदोलन से दूर रखने के अपने तर्क भी गांधी जी ने प्रस्तुत किए थे । गांधी जी ने तर्क दिया था कि जिस प्रकार हिंदू लोग गाय पर आक्रमण नहीं करते हैं उसी प्रकार अंग्रेज सरकार महिलाओं पर हिंसा करने से परहेज करती हैं । जिस प्रकार से युद्ध भूमि में गाय को साथ लेकर जाना कायरता की निशानी है उसी प्रकार किसी भी आंदोलन में महिलाओं को साथ लेकर जाना भी एक प्रकार की कायरता है । लेकिन गांधी जी की इन दलीलों के विरुद्ध सरोजनी नायडू, मृदुला साराभाई और खुर्शीदबेन (दादा भाई नौरोजी की पौत्री) ने गांधी जी को पत्र लिखा जिसमें महिलाओं को इस आंदोलन में शामिल करने के अनुरोध के साथ यह मांग भी कि भारत की किसी भी समस्या के समाधान में महिलाओं की उपस्थिति के बिना कोई भी सम्मेलन या संगठन का आयोजन व्यर्थ है । भारत की आजादी के लिए आयोजित किसी भी यात्रा,आंदोलन, प्रदर्शन,प्रतिरोध में महिलाओं की भागीदारी को रोकना भी एक प्रकार का अन्याय है जो अनुचित भी है । 12 मार्च 1930 का दिन भारतीय राजनीति में बहुत ही ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण दिन था । आज ही के दिन गांधी जी ने अपने 78 अनुयायियों के साथ अहमदाबाद से दांडी तक 240 मील तक के एक लंबे मार्च की शुरूआत की थी । जिसका काल्पनिक चित्रण रिचर्ड एटनबरो की फिल्म ह्लगांधीह्व में देखा जा सकता है । चारों दिशाओं से लोग मुख्य मार्ग पर गांधी का अनुसरण करते हुए मार्च करते हैं , कमाल की अनुशासनबद्धता को इसमें देखा जा सकता है । दांडी यात्रा में लोग अपने गांव की सीमा से गांधी का स्वागत करते हुए दूसरे गांव की सीमा तक गांधी को विदा करते थे । जिनमें अधिक संख्या में महिलाएं होती थीं जो गांधी को देखना और सुनना चाहती थीं । बिना किसी दिशा निर्देश के ये गांधी के स्वानुशासित लोग थे जिसकी कल्पना गांधी ने की थी । गांधी और उनके अनुयायियों ने 6 अप्रैल 1930 को दांडी के तट पर नमक को अपनी मुट्ठी में लेकर प्रतिरोध किया था । क्योंकि नमक पर ब्रिटिश सरकार ने 'कर' लगा दिया था । इसे हम दांडी मार्च,नमक सत्याग्रह,सविनय अवज्ञा आंदोलन के नाम से जानते हैं । लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि सविनय अवज्ञा के मायने क्या है ? गांधी जी के अनुसार सत्याग्रह की दो प्रशाखाएँ हैं, असहयोग और सविनय अवज्ञा या प्रतिरोध । यह और कुछ नहीं बल्कि आत्म पीड़ा के नियम के ही नए नाम हैं । सत्याग्रह का प्रयोग बड़े शिथिल रूप में किया जाता है और उसमें प्रच्छन्न हिंसा का भाव भी शामिल माना जाता है । लेकिन गांधी जी ने इसे स्पष्ट किया है 'सत्याग्रह में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, प्रच्छन्न या प्रकट सभी प्रकार की हिंसा का निषेध हैं ; इसमें मनसा,वाचा,कर्मणा हिंसा का कोई स्थान नहीं है । विरोधी को हानि पहुँचाने के विचार से उसके प्रति द्वेष-भाव रखना या उससे अथवा उसके बारे में कठोर शब्दों का प्रयोग करना सत्याग्रह को तोड़ना है ।' असहयोग को नकारात्मक धारणा माना जाता है,लेकिन यह एक सकारात्मक धारणा है,गांधी जी असहयोग को, सहयोग की शुरूआत मानते हैं क्योंकि असहयोग का उद्देश्य वस्तुतः सहयोग से सारी नीचता और झूठ को निकाल फेकना होता है । सविनय अवज्ञा का संबंध किसी भी अनुचित कानून को मानने से इंकार करना है । सविनय अवज्ञा या सिविल ( डिसओबिडियेंस) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम हेनरी डेविड थोरो ने किया था जो कि अमेरिकी विचारक थे । सविनय अवज्ञा और निष्क्रिय प्रतिरोध के सैद्धांतिक स्वरूप पर विमर्श की शुरूआत सोलहवीं शताब्दी में आरंभ हो चुकी थी । ला बोइती जो कि फ्रांस के राजनीतिक विचारक थे, उन्होंने अपनी किताब 'डिस्कोर्स ऑन वालंटरी सरवीट्यूड' में कहा था कि अत्याचारी के अत्याचार के प्रतिकार का एक तरीका यह भी है कि उससे सहयोग न किया जाए । थोरो ने अपने एक बहुत ही महत्वपूर्ण लेख 'ऑन द ड्यूटी ऑफ सिविल डिसओबीडियेंस' में राज्य और व्यक्ति के संबंध में कई प्रश्नों को उठाया है, जो राज्य और व्यक्ति या कहें नागरिक के संबंधों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करते हैं । थोरो का सबसे पहला प्रश्न यह था कि हम पहले क्या हैं मनुष्य या प्रजा ? राज्य की दृष्टि से हम पहले नागरिक हैं,मनुष्य बाद में, इसलिए राज्य की आज्ञा का पालन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है । इसी के साथ हमें मनुष्य होने के अपने अधिकारों को भी नहीं छोड़ना चाहिए । क्योंकि सत्य महत्वपूर्ण है न कि विधान । अतः किसी ऐसे कानून का उल्लंघन करना बुरा नहीं है,जो मनुष्यों के अधिकारों और स्वतंत्रता का हनन करते हों । जॉन रॉल्स ने अपनी किताब 'अ थियरी ऑफ जस्टिसह्व में सविनय अवज्ञा को परिभाषित किया है- 'यह सार्वजनिक, अहिंसक और अंतःकरण पर आधारित कार्यवाही होती है, जो कानून के विपरीत होती है,अमूमन इसका लक्ष्य यह होता है कि कानून या सरकार की दमनकारी नीतियों में परिवर्तन किया जाएह्व। गांधी जी ने सविनय अवज्ञा के सिद्धांत को सत्य,अहिंसा,और अहिंसक प्रतिरोध के अपने दर्शन से विकसित किया । जिसका प्रयोग गांधी जी के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों तौर पर किया गया । गांधी जी ने कहा था ह्लसविनय अवज्ञा नागरिक का जन्मजात अधिकार है । वह अपनी आदमियत को खोये बगैर इस अधिकार को छोड़ने का साहस नहीं कर सकता है । सविनय अवज्ञा से कभी अराजकता उत्पन्न नहीं होती है । वह आपराधिक अवज्ञा से उत्पन्न हो सकती है । जिसे प्रत्येक राज्य बलपूर्वक कुचल देता है ह्व गांधी के अनुसार ह्लसत्याग्रही विवेकपूर्वक तथा स्वेच्छा से समाज के नियमों का पालन करता है,क्योंकि वह इसे अपना पवित्र कर्तव्य मानता है । समाज के नियमों का इस प्रकार पालन करने से ही वह ऐसी स्थिति में आ पाता है कि यह निर्णय कर सके कि कौन से नियम सही तथा न्यायोचित हैं और कौन से अनुचित तथा अन्यायपूर्ण । तभी सुनिश्चित परिस्थितियों में, किन्हीं नियमों की सविनय अवज्ञा करने का अधिकार उसे मिलता है । सविनय अवज्ञा का सफल और ऐतिहासिक प्रयोग गांधी जी के द्वारा नमक सत्याग्रह में किया गया जो अनुचित कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध था,जिसमें कानून का उल्लंघन किया गया और परिणामस्वरूप जेल की यात्रा भी अस्सी हजार से अधिक लोगों को करनी पड़ी जिनमें से सत्रह हजार महिलाएं थी । इस आंदोलन की एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि इसमें सरोजनी नायडू के शामिल होने से महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जो लाजमी भी था, मुद्दा उनकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा था,जिसके अभाव में जीना हर व्यक्ति के लिए असंभव था । हर वर्ग की महिला ने इस आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । सविनय अवज्ञा आंदोलन के दूसरे चरण में ह्लकर और राजस्वह्व के नागरिकों के बहिष्कार के फलस्वरूप सरकार ने घरों के सामान, उपकरण और जमीन को जब्त करना शुरू कर दिया था । बाद में, जब्त सामान की नीलामी भी की जाती थी । इन नीलामियों का बहिष्कार महिलाओं के द्वारा किया गया जो सविनय अवज्ञा में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्ज करता है । 1930 के दशक में ही महिलाओं को पुलिस के दमन का सामना भी करना पड़ा । महिलाओं के जुलूसों पर लाठीचार्ज किया गया, धरने पर बैठी महिलाओं को गिरफ्तार कर सजा भी दी गई । यह सभी कृत्य गांधी जी की अंग्रेजों की सभ्यता संबंधी अवधारणा के विरुद्ध थे जिसकी वे दलील दे रहे थे और महिलाओं को आंदोलनों में सक्रिय सहभागिता से रोक रहे थे । पंजाब में सरला देवी चौधरानी के नेतृत्व में चरखा कातने और विदेशी चीजों के बहिष्कार पर बल दिया गया । सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद कई महिला संगठनों का निर्माण हुआ जिसमें महत्वपूर्ण संगठन देश सेविका संघ,नारी सत्याग्रह समिति,महिला राष्ट्रीय समिति,महिला राष्ट्रीय संघ,लेडिज पिकेटिंग बोर्ड,स्त्री स्वराज्य संघ आदि । महिला संगठनों ने मुख्य रूप से जुलूस,धरने,खादी का प्रचारझ्प्रसार,चरखा चलाने का प्रशिक्षण इत्यादि कार्यों को संगठन के दैनिक एजेंडे में शामिल किया था । गांधी जी नमक सत्याग्रह में सविनय अवज्ञा को साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और व्यापक जनसमूह का समर्थन प्राप्त करते हैं,जिसमें आधी आबादी ने प्रमुखता से हिस्सा लिया था और गांधी जी द्वारा चलाए गए हर आंदोलन में अपनी निर्णायक भूमिका तय की । स्वतंत्रा प्राप्ति के बाद के आंदोलनों में और खासकर पर्यावरणीय आंदोलनों में महिलाओं के कुशल नेतृत्व व सक्रिय सहभागिता को देखा जा सकता है उदाहरण के लिए चिपको,नर्मदा बचाओ आंदोलन,आप्पिको आंदोलन और भी कई आंदोलनों को इस सूची में शामिल किया जा सकता है । इन आंदोलनों में महिलाओं के द्वारा गांधीवादी टूल्स का प्रयोग किया गया । अपने सभी आंदोलनों को महिलाओं ने अहिंसक प्रतिरोधों व नए तरीकों से संचालित किया । हर आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका ही उन्हें सफल बनाने की कुंजी है । किसान आंदोलन में भी महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी । 8 मार्च 2021 को 70 हजार किसान महिलाओं ने बसंती रंग की चुन्नियों में टीकरी बॉर्डर पर कृषि कानूनों के खिलाफ सविनय अवज्ञा कर प्रतिरोध किया था । ऐसी ही कई गुमनाम महिलाएं और भी हैं जिन्होंने गांधी जी के आंदोलनों को भी सफल बनाया है और आज भी वह मजबूती से खड़ी है, वे अपने साथियों के साथ और अहिंसक प्रतिरोध कर रही हैं । एक बात यह भी ध्यान देने योग्य है कि इन्हीं महिलाओं की उपस्थिति ने ही इन आंदोलनों के स्वरूप को अहिंसक रखा है । गांधी जी का स्पष्ट मत था कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही हमें स्वंतत्रता प्राप्त होगी अन्यथा नहीं । पूर्ण स्वराज के लिए यह आवश्यक है कि महिलाओं की भी भागीदारी हो । आधी आबादी की सहभागिता से ही दांडी मार्च सफल हुआ था और स्वतंत्रता प्राप्ति भी हुई । वर्तमान समय में लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आधी आबादी की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है ।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# छंद पारंपरिक, बोध आधुनिक

## मूल्यांकन

**डॉ विनय दास**



इधर कई दशक से कविता में एक नई प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। कवियों द्वारा पुराने छन्दों को अपनाने की। प्रदीप सारंग ने पारंपरिक छंद कुण्डलिया को अपनाकर 'सारंग-कुण्डलिया' पुस्तक का सृजन किया है। एक पारंपरिक छंद को आधुनिक सामाजिक जीवन की अभिव्यक्ति का सबल माध्यम बना दिया है। उसे एक नया जीवन दिया है। युगाभिव्यक्ति का सफल छंद बना दिया है।

कुण्डलिया छंद का नाम सुनते ही कवि गिरिधर का याद आना स्वाभाविक है। चूंकि लोक अभिव्यक्ति के आधार पर वे इस छंद के पर्याय हो गये हैं। प्रामाणिक रूप से नहीं किन्तु कुछ अनुमानों के आधार पर उनका समय 1713 ई. का माना जाता है। उन्होंने लगभग 457 कुण्डलिया लिखी हैं। जो दैनिक जीवन अनुभव पर आधारित है। किन्तु नीति की इनमें प्रधानता है। कुण्डलिया एक विषम मात्रिक छंद है। जो दोहा और रोला छंद के मेल से बना है। इसमें एक खूबी और होती है कि जिस शब्द से यह प्रारंभ होता है उसी शब्द से इसका समापन भी होता है। उदाहरण के लिए देखें, राधे जइसन प्रेम औ, प्रारंभ और अन्त श्याम बिन दुखिया राधे।' यहाँ ध्यातव्य है कि राधे पहला शब्द है तो अंत का शब्द भी राधे है। छंद की ये खूबियाँ प्रदीप सारंग की कुण्डलियों में भी दिखाई देती है।

प्रदीप सारंग की 'सारंग-कुण्डलिया' में कुल 151 कुण्डलिया हैं। जिसमें उनके जीवन अनुभव का निचोड़ और उनके ज्ञान राशि के कोष का अद्भुत संगमन हुआ है। यह ठेठ अवधी भाषा में लिखी गई है। यह महज इत्तेफाक है कि गिरिधर कविराय ने भी अवधी में अपनी कुण्डलिया लिखी थीं। अवधी की बात आती है तो प्रदीप जी तुलसीदास को भी याद करना नहीं भूलते। तुलसी बाबा रचिन हैं, सियाराम का गान।

प्रदीप की कुण्डलियों में अनुभव की इन्द्रधनुषी छटा है। इनमें अनुभव का वैविध्य है। यहाँ यह याद दिलाना आवश्यक लगता है कि प्रदीप जी साहित्य के क्षेत्र में दूसरे भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से होते हुए आए हैं। वे साहित्य के मुकम्मल विद्यार्थी नहीं है इसलिए कतिपय-नवाचार भी हमें इस कृति में दिखाई पड़ेंगे। जो अनजाने में हुए हैं।

प्रायः किसी मंचीय कवि की काव्य कृति का आरंभ सरस्वती या गणेश वन्दना से होती है किंतु इस लोक प्रचलन के विरुद्ध उन्होंने अपने अम्मा-बप्पा की स्तुति से प्रारंभ किया है। इसी तरह मंचीय कवि अपने काव्य गुरू की वन्दना करता है परन्तु सारंग ने अपना काव्य गुरू गिररिधर कविराय को मान कर उनकी स्तुति की है। यथा- गिरिधर गुरू बनाय, करित श्रद्धानत वन्दन।' यह उर का उद्घोष है। वे गुरू की कृपा और संस्कार की महत्ता को प्रतिपादित करते हैं।

प्रदीप सारंग की ये कुण्डलिया परंपरा और आधुनिक जीवन बोध के सहमेल से तैयार हुई हैं। खास बात यह है कि मुक्तक की तरह कुण्डलिया भी एक स्वतंत्र भाव-विचार अभिव्यक्ति का प्रबल साधन है। इसमें किसी पूर्वापर प्रसंग की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः कवि को रचने की स्वतंत्रता पूरी रहती है। यह स्फुट विचार, भाव, जीवन बोध और वस्तु से जुड़ी होती है। परंपरा के रूप में गाँव में लाठी, गोबर, कंडा, ठेला, ठेलिया, सहजन, कच्ची-पक्की अमिया, सारस, भुट्टा जैसी वस्तुएं दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। प्रदीप सारंग मूलतः गाँव के हैं। अतः इन वस्तुओं पर उनकी अच्छी पकड़ है। इसी कारण इन वस्तुओं को लेकर उन्होंने बहुत ही प्रभावी कुण्डलिया लिखी हैं। लाठी, बोली, या काग-कोयल पर आधृत उनकी कुण्डलिया पढ़कर हमें भले ही गिरिधर कविराय या कबीर के दोहे याद आ जाएं मगर ये उनसे काफी भिन्न भी हैं। भाव साम्य की दृष्टि से उनकी समता या तुलना करना साहित्य की दृष्टि से उचित ही होगा। गिरिधर को देखिये,

लाठी में हैं गुण बहुत है, सदा राखिए संग  
गहरे नदि, नाले जहां, तहां बचावै अंग  
तहां बचावै अंग, झपटि कुत्ते को मारै  
दुश्मन, दावागीर होय, तिनहूँ का झारै।।

अब सारंग को देखिये,

लाठी के कई नाम हैं, रूपौ बहुत प्रकार  
छड़ी, लट्ठ, डंडा सबै, घर-घर के हथियार  
घर-घर के हथियार, कइव कामे मा आवै  
हुवै हाथ मा लट्ठ, जोश बहुतैं बढ़ि जावै....  
सूर हुवै या बूढ़, सहारा बनती लाठी।

इसी तरह बोली को लेकर कोयल और कौए की तुलना के साथ गुन की ग्राहकता के संदर्भ में इनकी उपमा में काफी कुछ साम्य है। दोनों कवियों में साम्य है। गिरिधर कविराय कहते हैं कि-

गुन के गाहक सहस नर,  
बिन गुन लहै न कोय।

तो सारंग कहते हैं -

कह सारंग कविराय, हुनर है सुख कै ताली।  
हुनरमंद सुख देय, देख मत गोरी-काली।

सारस हमारा राज्य पक्षी है। इसको लेकर भी उन्होंने लिखा है। उसके प्रेम, त्याग और समर्पण को आदर्श माना है। सारस जिनगी गजब है, अद्भुत प्रेम-प्रमान।जोड़ा बिछुरे तजि दियै, भोजन, पानी, प्रान। संविधान, तिरंगा, पर्यावरण संरक्षण, वृक्ष बचाओ - वृक्ष लगाओ। लड़का-लड़की प्रत्येक समान, कोविड का अभिशाप, खेल में अनुशासन, खादी की महत्ता, सच्चा लोकतंत्र, चुनाव में खेला होना, मतदान में नोटा की उयोगिता, जल ही जीवन है, मोबाइल का लाभ-हानि के विविध विषय आज के सामाजिक जीवन के अपरिहार्य अंग बन गये हैं। आधुनिक सामाजिक जीवन बोध के ये पर्याय हैं। आज की कविता में इनका समावेश कविता को नये युगबोध से जोड़ता है। वही कविता अपने समय से आगे भी जिन्दा रहती है जो अपने समय, समाज और मानवीय जीवन में सुख-दुख से जुड़ी रहती है। इन कुण्डलियों का ऐतिहासिक युग बोध इन्हें वर्तमान के साथ भविष्य की कविता बना सकी है।

आधुनिक युग बोध की कुछ एक पंक्तियाँ देखें, खादी नहीं विचार है, श्रम का है सम्मान।..कह सारंग कविराय, बढ़ै कत्तौ आबादी। सबै हाथ का काम, दिलावै चरखा खादी।....संविधान कै लाज मानि, हम कदम धरित है।....नोटा भी मतदान है, सबजन समझौ भाय। गड़बड़ नेता न चुनौ, नोटा दियौ दबाय।।

कवि प्रदीप की यह नयी सोच उनकी कविता को परंपराबोध के साथ आधुनिक जीवन बोध का कवि बना देती है। भाषा को लेकर वे सर्व समावेशी दृष्टि अपनाते हैं। इसलिए वे मोबाइल, फुल स्टाइल जैसे शब्दों का अवधी के साथ बड़ी सहजता से प्रयोग करते हैं। सारंग की इन कुण्डलियों में जीवन का वैविध्य है। वे भले ही जीवन में डाक्टर वैद्य ना हकीम हो मगर उनकी कविता का एक बड़ा हिस्सा इस ज्ञान से परिपूर्ण है। जो मानव जीवन के लिए खासा उपयोगी है। उनकी कविता केवल मनोरंजन के लिए ही नहीं बल्कि मानव जीवन में वह एक वैद्य की तरह तमाम वस्तुओं का स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोग बताकर उसमें जीवन को निरोग और स्वस्थ बनाती है। इस तरह वह मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न अंग बनने की क्षमता से युक्त है। यथा जीरा, शहद, मखाना, हल्दी, धनिया, चना, लहसुन आदि हमारे जीवन में नित्य प्रयोग होने वाले मसाले हैं किन्तु इनमें छुपे औषधिक गुण हमें कवि प्रदीप बतलाते हैं तो हम आश्चर्य चकित रह जाते हैं, जीरा प्रतिरोधक हवै, एंटी ऑक्सीडेंट। छौंका तड़का लगै जब, खुशबू जैसे सेंट।... खाये खाली पेट जो, शहद मखाना रोज। उरजा का भण्डार यू, कैल्शियम कै डोज।।




इन कुण्डलियों का एक दूसरा पक्ष भी है। जन साहित्य के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हैं। प्रायः छात्रों को चन्द्र बिन्दी या बिन्दी का भेद, पर्यायवाची, विलोम आदि याद करने में बड़ी कठिनाइयाँ आती हैं। किन्तु प्रदीप सारंग ने इन्हें अपनी कुण्डलियों में विद्यार्थियों का काम सरल कर दिया है। कविता के रूप में इन्हें संग्रह करना सरल है। कहा जा सकता है कि कवि प्रदीप सारंग ने अपनी इन कुण्डलियों को अनुभव जन्य ज्ञान के जरिए समाज के लिए हर तरह से उपयोगी बना दिया है। इनमें प्रकृति के अनुपम सुषमा की छटा भी है। इसे उन्होंने बड़ी ही सरल, सरस और प्रवाहमयी अवधी भाषा में लिखा है। इसमें अवधी जन-जीवन के साथ अवधी भाषा का ठेठ देशज सौन्दर्य भी है।

इन्हीं तमाम अर्थों में 'सारंग कुण्डलिया' एक पठनीय और संग्रहणीय कविता संग्रह है।

**( लेखक समाजसेवी और आलोचक हैं)**

# प्राप्त धनराशि के सापेक्ष शत-प्रतिशत कार्य करें पूर्ण : सूर्यप्रताप

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में जनपद आजमगढ़ के विकास कार्यों एवं वर्ष 2022-23 की जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता द्वारा मंत्री को अवगत कराया गया कि कृषि विभाग हेतु कुल 32 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत नेशनल आयल शिड्स एवं पाम मिशन के अन्तर्गत प्रमाणित बीज उत्पादन एवं बीज वितरण, आईपीएम प्रदर्शन, जिप्सम तथा कृषि रक्षा रसायन, पाइप वितरण आदि मदों में धनराशि प्राविधानित है। गन्ना विकास विभाग हेतु 122.60 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत उन्नतिशील गन्ना बीज उत्पादन, वितरण, बीज एवं भूमि उपचार पैडी प्रबन्ध कार्यक्रम आदि मदों हेतु धनराशि प्राविधानित है। लघु सीमान्त कृषको को उत्पादन बढ़ाने में सहायता (निजी लघु सिंचाई विभाग) हेतु कुल 1060.50 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत निःशुल्क बोरिंग कार्यक्रम हेतु धनराशि प्राविधानित है। उन्होने अवगत कराया कि पशुपालन विभाग हेतु कुल 174.96 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा रोग निदान सेवाओं का विकास एवं विस्तार तथा गाय, भैंसो का कृत्रिम गभार्धान तथा वैफ के माध्यम प्रजनन की सुविधायें, भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्रों की स्थापना स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु धनराशि व्यय करने का प्राविधान किया गया है। दुग्ध विकास हेतु कुल 181.27 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु दुग्ध उत्पादकों, समितियों को तकनीकी निवेश एवं दुग्ध संघों, समितियों का सुदृढ़ीकरण पुनर्गठन एवं विस्तार आदि मदों में धनराशि प्राविधानित है। सहकारिता विभाग हेतु कुल रूपया 300.00 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत सहकारी समितियों द्वारा पूर्व में निर्मित जर्जर गोदामों की मरम्मत, नव निर्माण का कार्य कराया जाएगा। वन विभाग हेतु कुल रू0 1460.55 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत सामाजिक वानिकी तथा शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण योजनान्तर्गत धनराशि प्राविधानित है। ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम हेतु कुल 3644.00 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका अभियान में धनराशि प्राविधानित है।


बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही।

मुख्य विकास अधिकारी ने मंत्री जी को अवगत कराया कि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत 29138.00 लाख का परिव्यय रखा गया है। यह धनराशि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी कार्यक्रम का 10 प्रतिशत राज्यांश है। शेष 90 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है। भूमि सुधार विभाग द्वारा कोई बजट का प्राविधान नहीं किया गया है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम (विकास विभाग) हेतु कुल रू0 150.25 लाख का परिव्यय रखा गया है, जिसके अन्तर्गत विकास खण्ड भवन/विकास भवन में रेन वॉटर हार्वेसिंटग सिस्टम हेतु धनराशि प्राविधानित है। निजी लघु सिंचाई हेतु कुल रू0 1060.50 लाख की धनराशि प्राविधानित है। जिसके अन्तर्गत गहरे नलकूप व मध्यम नलकूप निर्माण का कार्य कराया जायेगा। इसी के साथ ही उन्होने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास हेतु कुल 834.55 लाख का प्राविधान किया गया है, जिसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना हेतु धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रभारी मंत्री ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों से जिला योजना के अन्तर्गत उनके विभागों से संबंधित प्रस्तावित धनराशि एवं प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कितनी धनराशि खर्च कार्य को कितना पूरा किया गया है, आदि की जानकारी प्राप्त की। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला योजनान्तर्गत विभिन्न योजनाओं में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष शत प्रतिशत धनराशि का उपयोग करते हुए कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि कृषि विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए लाभार्थियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

# थाना दिवस पर दो मामलों का हुआ निस्तारण


फरियादियों की फरियाद सुनते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम बुढनपुर।

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया आजमगढ़।** थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन, राजस्व के मामलों में तेजी लाने के लिए ज्वाइन मजिस्ट्रेट की हुई है नियुक्ति। बता दें कि आज शनिवार को उप जिलाधिकारी बुढ़नपुर नवीन प्रसाद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रखर कुमार सिंह आईएएस ,नायब तहसीलदार रणजीत प्रताप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सिद्धार्थ तोमर के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना परिसर में किया गया। इस दौरान फरियादियों की लंबी कतार लगी रही जहाँ अधिकारियों के समक्ष लोग अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों का निस्तारण कराने का प्रयास किया गया ।इस दौरान कुल मिलाकर 12 प्रार्थना पत्र जो सभी राजस्व से संबंधित प्राप्त हुए। उप जिलाधिकारी ने सभी मामलों का गंभीरता से आकलन करते हुए दोनों पक्षों की सहमति से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। शेष 10 मामलों को राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को प्रेषित कर मौके पर जा कर स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया । वहीं थाने से संबंधित कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं पड़ा ।उप जिला अधिकारी नवीन प्रसाद ने बताया कि इस समय राजस्व संबंधित मामलों में तेजी आई है ।जो लंबे समय से लंबित मामले पड़े हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है वही थाना दिवस पर पड़ने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र का निस्तारण करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

**फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार- स्थानीय थाना प्रागण में थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार संजय कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सब छः प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें दो मामले का मौके पर निस्तारण किया गया शेष बचे मामलों को रजिस्टर में अंकित कर थाना प्रभारी अनिल सिह ने सम्बन्धित लेखपाल को सुपुर्द कर सप्ताह के अन्दर निस्तारण कर रिपोर्ट देने को कहा गया इस अवसर पर अरबिंद कुमार प्रदीप भारती सब इस्पेक्टर अजय पांडे लेखपाल रामजीत यादवं नागेन्द्र तिवारी विशाल सिह सर्वजीत यादवं सहित अन्य उपस्थित रहे।

**महराजगंज प्रतिनिधि** के अनुसार- शनिवार को स्थानीय कोतवाली महराजगंज परिसर में समाधान दिवस के मौके पर थाना प्रभारी कमलकान्त वर्मा ने कानूनगो और लेखपाल की उपस्थिति में जनसुनवाई किया। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित विवादों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन से संबंधित मामलों के फरियादियों ने अपनी फरियाद सुनाई द्यसमाधान दिवस के पर कुल 29 प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की गयी, जिसमें राजस्व से संबंधित 22 मामले और पुलिस प्रशासन से जुड़े 7 मामले निस्तारण के लिए आये द्य सुनवाई में पुलिस प्रशासन से जुड़े एक मामले का निस्तारण मौके पर ही हो गया तो वहीं राजस्व से जुड़े 22 मामलों पर जनसुनवाई करते हुए चार मामले के निस्तारण के लिए तत्काल पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम गठित किया गया और मामले के निस्तारण के लिए मौके पर रवाना किया।

## जर्जर केबल व तारों को बदलने के लिए शासन से धन स्वीकृत

**फूलपुर (आजमगढ़)।** विद्युत उपखण्ड फूलपुर अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगे जर्जर तार व केबलों को बदलने के लिए अधिकारियों का प्रयास रंग लाया। प्रदेश सरकार द्वारा केवल व तार को बदलने के लिए धन आवंटित कर दिया गया है जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों की पीड़ा व आम जनता की समस्या को देखते हुए विद्युत प्रदेश स्तरीय अधिकारियों द्वारा नगर पंचायत फूलपुर में साढ़े तीन किलोमीटर केबल बदलने के लिए बारह लाख उनहत्तर हजार रुपया स्वीकृत हो गया है धन स्वीकृत होने से जहा अवर अभियंता लाइन मैनो ने राहत की शास ली वही उपभोक्ताओं के चेहरे की रौनक बढ़ गयी। उपखण्ड अधिकारी विद्युत फूलपुर विनोद कुमार ने बताया कि जल्द ही टाउन के जर्जर केबल बदल दिया जाएगा। ग्रीष्म कालीन समय मे लोड बढ़ने पर फाल्ट की समस्या नही होगी साथ ही उपखण्ड अधिकारी ने विद्युत क्षेत्र फूलपुर के विद्युत उवभोक्तावो से अपील की है कि मार्च माह में समस्त विद्युत उपभोक्ता बकाया बिलो का भुगतान कर दे कैश काउंटर प्रतिदिन खुले रहेंगे। आप के बकाया भुगतान से त्रुटि में सुधार किया जाएगा जिससे आप बिद्युत आपूर्ति का लाभ बिना रुकावट का ले सके।

# भाजपा सरकार में अपराधियों की जगह जेल

**बोले सूर्यप्रताप शाही**

### प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री व आजमगढ़ के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जनपद प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया।

कंजहित बाजार बरडिया मोड़ पर क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा सहजानंद राय, जिला महामंत्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राय के नेतृत्व में पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विनोद राय मंडल अध्यक्ष पल्हना दिनेश सिंह सहित दर्जनों कार्यकताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।


प्रभारी मंत्री को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते सहजानन्द राय व जिलाध्यक्ष ध्रुवकुमार सिंह।

सर्किट हाउस में जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा में सहकारिता, नगर निकाय और लोकसभा चुनाव में एकतरफा जीत का दावा करते हुए कार्यकताओं के एक-एक मतदाता से संपर्क करने का आश्वासन दिया। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पूर्व की सरकार अपराधियों को संरक्षण देती थी भाजपा सरकार में अपराधियों की जगह जेल है, बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा भाजपा कार्यकर्ता तन-मन-धन से राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने और देश के विकास को ध्येय मानकर कार्य करते हैं, कार्यकताओं के तप और मेहनत से ही भाजपा का विजय रथ निरंतर आगे बढ़ रहा है, पार्टी के आगामी बूथ सशक्तिकरण अभियान व राष्ट्रपति का अभिभाषक कार्यक्रम को सफल बनाने का भी आह्वाहन किया।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव कुमार सिंह, शकुंतला चैहान, अरविंद जायसवाल, मंजू सरोज, नन्हकू राम सरोज, डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, मनोज यादव, संचिता श्री चैहान, सत्येंद्र राय, हरीश तिवारी, हनुमंत प्रसाद सिंह, सुनील सिंह, अजय यादव सहित सभी पदाधिकारीगण व सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रतिभाओं को उनकी माटी से जोड़ना सराहनीय

**बोले सतीश चन्द्र द्विवेदी**

### अमृत महोत्सव पर 75 प्रतिभावानों का हुआ सम्मान

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जनपद के कुशमहरा गांव में होली मिलन समारोह व अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 75 युवाओं को पूर्व शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सतीश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि अमृत महोत्सव की कड़ी में आजमगढ़ के कुशमहरा गांव में जनपद से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के 75 प्रतिभाशाली नौजवानों का शानदार अभिनंदन समारोह संभवतः उत्तर प्रदेश के किसी गांव में अमृत महोत्सव का यह पहला कार्यक्रम है। यह समारोह जनपद के प्रतिभाशाली नौजवानों को सम्मानित करने, युवा पीढ़ी को नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित करने तथा सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से विराट हिंदू समुदाय को भावनात्मक रूप से जोड़ने में भी बहुत मदद मिलती है तथा ऐसा कार्यक्रम नगरों और महानगरों से दूर-सुदूर ग्रामीणांचल में आयोजित करना और भी सराहनीय कदम है।


डा. प्रवेश सिंह को सम्मानित करते अतिथिगण।

मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र द्विवेदी व कार्यक्रम संयोजक डा भगवान सिंह ने अमृत महोत्सव पर पहुंचे 75 प्रतिभावान युवकों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया। जिसमे आईएएस, पीसीएस और अन्य नव चयनित प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम प्रधानों व एक दर्जन राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के 55 नवनियुक्त प्रोफेसर को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गोरखपुर के पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी क्षेत्र) अरूण कुमार सिंह ने कहा कि अपने ही गांव और अपने क्षेत्र में सम्मानित होना अभिभूत करने वाला क्षण है। कार्यक्रम के अन्य विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक जौनपुर राकेश प्रताप सिंह एवं फुपुक्टा के महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह ने भी आयोजन की सराहना करते हुए युवा पीढ़ी को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया।

शिक्षक नेता डा प्रवेश सिंह ने कहा कि हां, वहीं लोग बड़े हुए है, अपने पैरों पर जो खड़े हुए है, शुक्रिया तेरा खाक-ए-आजमगढ़, हम यहीं खेल कर बड़े हुए है पढ़कर उपस्थितजनों व युवा पीढ़ी को अपने माटी से जुड़े रहने की अपील किया। समारोह के अंत में आजमगढ़ के सारे प्रतिभाशाली युवाओं की ओर से आयोजनकर्ता डॉ भगवान सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वंशबहादुर, डा युवराज सिंह, डा दिनेश सिंह, डा अवनीश, डा पुरंजय, डा इंद्रजीत, डा वेदकुमार, डा अभिषेक, डा धीरेन्द्र, चण्डिका नंदन सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आधुनिकता के दौर में संस्कृति और संस्कार को भूल रहे लोग

**बोले श्यामबहादुर**

### पहले इंसान बाद में हिन्दू व मुसलमानःअनिल सिंह

**फूलपुर आजमगढ़।** फूलपुर नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में व्यापार मण्डल, एवम् सरार्फा कमेटी के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। जिसमे सौहार्द कायम रखने की दृष्टि से हिन्दू मुसलमान बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हारून आजमी ने अपनी शायरी से समारोह में शमा बांधा,,

अभी नन्हा सा पौधा है, बड़ा होगा तो फल देगा।

हमारे मुल्क का बच्चा हवा का रुख बदल देगा।।

हिन्दू है यहां कोई,, कोई मुसलमान यहां है।

हैरान हूं ये सोच के इन्सान कहा है। उसके बाद अतिथियों का अजय जायसवाल व मनोज डिम्पल सेठ ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। फूलो की होली खेली गई। लोगो ने एक दूसरे पर फूल बरसाए। और होली की बधाई दी।


एक दूसरे को फूल देकर दी होली की शुभकामना।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव ने कहा कि आज आधुनिकता के दौर में लोग संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। हम हिन्दू मुसलमान अपने बच्चो में संस्कार के बारे में ज्ञान देना होगा। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। एक दूसरे के सम्मान, अदब के बारे में बताना होगा। तो हमारा समाज आगे बढ़ेगा। वही विशिष्ट अतिथि फूलपुर कोतवाल अनिल सिंह ने कहा कि शान्ति से अमन चैन कायम होता है। हम हिन्दू मुसलमान बाद में है। पहले इन्सान है। हमे एक दूसरे को प्यार से समझना होगा। शान्ति और सदभाव से हम आगे बढ़ेंगे। तो हम आर्थिक रूप से भी मजबूत होंगे। एक दूसरे के सम्मान से हम आगे बढ़े। तो समाज में एक अच्छा संदेश जायेगा। अन्य वक्ताओं ने कहा होली रंगों का नही। दिल से दिल मिलाने का त्यौहार है। यही होली मिलन, ईद मिलन का सही तरीका है। वक्ताओं में सुरेश मौर्य, सुरेन्द्र बहादुर सिंह यादव, डा राजेन्द्र प्रसाद आर्य, जय बहादुर राय, डा राशिद अहमद, विनोद कुमार, राजेश यादव, अभय सिंह, बसन्त लाल जायसवाल आदि वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय जायसवाल व संचालन सुधीर रावत व हारून आजमी ने किया। इस अवसर पर चिरंजीव जायसवाल, अशर्फी सेठ, मनोज, डिम्पल सेठ, राकेश विश्वकर्मा, श्याम नारायण, आरिफ खान, सोफियान अहमद, फराज अहमद, रूमीभाई, नुरुलैन आदि उपस्थित थे।

## रोजगार मेला का आयोजन 13 को

**पटवध आजमगढ़।** स्वामी सहजानंद आईटीआई पटवध कौतुक के प्रांगण में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। बिलरियागंज विकासखंड के अंतर्गत स्वामी सहजानंद आईटीआई पटवध के प्रांगण में 13 मार्च को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। सरकार की मंशा के अनुरूप जितने भी बेरोजगार बच्चे हैं उनके लिए कहीं न कहीं से किसी ने किसी प्राइवेट कंपनी में जिसकी जो योग्यता है उसके हिसाब से रोजगार दिया जायेगा। इसके तहत स्कूल के प्रबंध समिति द्वारा कई कंपनियों से रोजगार मेले के लिए टाइ-अप किया गया है। जिसमें रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट, मैनकाइंड हेल्थ केयर सर्विसेज, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल प्राइवेट लिमिटेड, आरआर इलेक्ट्रॉनिक मैनपॉवर सर्विसेज, हुंडई ऑटो मैनेजमेंट सर्विस, एनएसडीसी वाराणसी आदि कंपनियों ने 13 मार्च को स्वामी सहजानंद प्राइवेट आईटीआई पटवध के प्रांगण में बेरोजगार बच्चों को रोजगार के लिए इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार मुहैया कराएंगे। इन बच्चों की योग्यता हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन होनी चाहिए।

# थाना दिवस पर सुनी गयी फरियादियों की समस्या

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाच कर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तो कुछ मामलों के जल्द से जल्द निस्तारण के लिए टीम का गठन किया गया।

मुबाकरपुर थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 4 मामले आए एक पुलिस से संबंधित तो 3 राजस्व से सम्बंधित थे। ग्राम प्रधान सोनू यादव बरडीहा ने इस आशय का एक प्रार्थना पत्र दिया कि उच्च अधिकारियों सहित उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार को कई बार आवेदन एवं थाना समाधान दिवस में दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने टीम गठित कर गाटा संख्या 403/100 एयर, 404/15 एयर सहित गांव के कई सरकारी भूमि पर कब्जा का स्थलीय निरीक्षण करने एवं भौतिक सत्यापन का आदेश पारित किया। सोनू प्रधान द्वारा बताया गया कि गणेश यादव पुत्र बाडू यादव कई वर्षों से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं और सरकारी कार्यों को पूरी तरह से बाधित हो रहा है क्योंकि ग्राम सभा में पानी की टंकी लगाए जाने का प्रस्ताव है जिस पर गणेश यादव द्वारा तरह-तरह से अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। सोनू यादव प्रधान के प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, अम्बिष सिंह राजस्व निरीक्षक सहित स्थानीय लेखपाल की टीम गठित की गई जिस का भौतिक सत्यापन किया गया। इस संबंध में नायब तहसीलदार का कहना है कि भौतिक सत्यापन किया जा रहा है कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही उपरोक्त गाटा को खाली कराने कि कार्रवाई की जाएगी।

**मेंहनगर प्रतिनिधि** के अनुसार-स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस तहसीलदार राजू कुमार की अध्यक्षता में हुआ। फरियादीयों द्वारा कुल अठ्ठारह शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों को निस्तारित किया गया। अधिकतर मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। शेष मामले शासन की मंशा के अनुरूप विभागवार टीम गठित कर पारदर्शिता और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से तय समयावधि निस्तारित किए जाने के लिए निर्देश दिए गये। इस मौके पर तहसीलदार राजू कुमार, सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक राम सिंह, जुल्फिकार अहमद, लेखपाल संतोष कुमार सिंह, अजय सिंह, विपिन पाण्डेय, अमर सिंह, राजेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।


## संक्षेप

### डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली का निरीक्षण



**आजमगढ़।** शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली नगर का निरीक्षण किया गया। डीआईजी व पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर कोतवाली के निरीक्षण के दौरान कई दिशा निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि मुकदमों में बंद निष्प्रयोजन वाहनों की निलामी कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया जाय। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में हो रहे निर्माण कार्य का दोनों अधिकारियों ने जायजा लिया और निर्माण कार्य की प्रगति से संतुष्ट दिखे उन्होने कोतवाली परिसर में अधिक साफ सफाई हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया। निमार्णाधीन बैरेक व आवासों का निरीक्षण कर अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु मुख्यालय से पत्राचार कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। दोनों अधिकारियों ने टापटेन अपराधियों की सम्पत्तियों की पैमाइश कराकर अवैध अतिक्रमण या सरकारी सम्पति पर कब्जा पाये जाने पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही कार्रवाई का निर्देश दिया।

### होली पर घर गयी शिक्षिका के घर हुई चोरी



**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय की शिक्षिका के किराए के घर को चोरी ने खंगाल दिया। शिक्षिका के घर से 30,000 नगद नेकलेस, पायल सहित घरेलू सामान को लेकर चोर चम्पत हो गये। क्लीनिक संचालक पति ने थाने पर दी तहरीर पुलिस ने की जांच। संगीता मौर्य पत्नी अजय मौर्य निवासी महाराजगंज सगड़ी तहसील के समीप अजमतगढ़ कस्तूरबा विद्यालय पर शिक्षिका है वहीं पति अजय मौर्य महाराजगंज में क्लीनिक चलाते हैं पूरा परिवार मोलनापुर गोडारी में किराए का मकान लेकर रहते हैं होली त्यौहार पर 6 मार्च को परिवार के साथ अपने मूल घर महाराजगंज चले गए थे 10 मार्च की रात्रि में जब वापस पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोरों ने छत की सीढ़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर कमरे में घुस कर आलमारी व बक्सा का ताला तोड कर अलमारी से नगद 30 हजार रुपए व बक्से में रखा हुआ नेकलेस पायल व बच्चे के हाथ का कड़ा सहित घरेलू सामान चोर उठा ले गए शिक्षिका संगीता मौर्य के पति अजय मौर्य ने जीयनपुर थाने पर शनिवार की सुबह तहरीर देकर आवासीय मकान में चोरी की सूचना दी जिस पर जीयनपुर पुलिस ने पहुंचकर चोरी की घटना की जांच की।

### महिला आरक्षी को सब इंस्पेक्टर बनने पर किया गया सम्मानित



**अतरौलिया आजमगढ़।** स्थानीय थाने पर तैनात 2020 बैच की महिला आरक्षी आकांक्षा वर्मा के सब इंस्पेक्टर बनने पर थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। 2020 बैच की महिला आरक्षी आकांक्षा वर्मा पुत्री तेज बहादुर वर्मा जनपद अयोध्या निवासी जो महिला आरक्षी बनकर अतरौलिया थाने पर अपनी पहली नियुक्ति में कार्यरत हुई थी, इस दौरान अपने हौसलों को उड़ान देते हुए 2021-22 में सब इंस्पेक्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों का नाम रोशन किया। इस दौरान आकांक्षा वर्मा की ट्रेनिंग मुरादाबाद के लिए शनिवार को थाना परिसर में उन्हें विदाई दी गई। विदाई समारोह में उपस्थित उप जिलाधिकारी बुढ़नपुर नवीन प्रसाद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रखर कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक रफी आलम, बुढ़नपुर चैकी प्रभारी, उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव, विजेंद्र यादव समेत थाने के सभी स्टाफ ने आकांक्षा वर्मा का माल्यार्पण तथा मिठाई खिलाकर उनके 2 वर्षों के सफल कार्यकाल का स्वागत किया और अतरौलिया थाने से सम्मानपूर्ण तरीके से विदाई दी गई। आकांक्षा वर्मा सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग के लिए थाना परिसर से मुरादाबाद के लिए रवाना हुई, इस दौरान वह काफी भावुक हो गयी और थाना छोड़ते हुए आंखे नम हो गयी।

### सात शातिर चोर गिरफ्तार



**लालगंज आजमगढ़।** देवगांव कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने वाले दो महिला समेत सात चोरों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। देवगांव कोतवाली प्रभारी हमराहियों के साथ टीकरगाढ़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे कि एक टैम्पू जिस पर 6- 7 व्यक्ति बैठकर काफी तेज गति से लालगंज की तरफ से आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा करने पर टैम्पू भीरा की तरफ भागने लगा। दूरभाष के माध्यम से थाने की द्वितीय मोबाईल को सूचना देते हुए पुलिस टीम द्वारा पीछा किया जाने लगा। सामने से द्वितीय मोबाईल आता देखकर टैम्पू चालक गोगही जाने वाले रास्ते पर भागने लगा। रास्ता खराब होने के कारण दोनो पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड लिया गया। टैम्पू में चालक सहित 5 पुरूष व 2 महिलाएं बैठी थी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी अभियुक्तों की तलाशी लेने पर 1 नाजायज तमंचा 12 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 3 चाकू, 3 अदद मोबाइल, विभिन्न चोरियों के सोने चाँदी के जेवरात, 2 बैटरी, 1 इन्वर्टर, 5 साड़ी, बर्तन, चोरी की घटना में प्रयुक्त आटो की बरामदगी हुयी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

### अण्डर 15 में बालक-बालिकाओं का किया गया चयन



**आजमगढ़।** अंडर 15 बालक, बालिका जिला कुश्ती चयन का आयोजन सुखदेव पहलवान स्टेडियम में आयोजित किया गया। चयनित पहलवान गोरखपुर में आयोजित होने वाली अंडर 15 उत्तर प्रदेश बालक, बालिका कुश्ती चैम्पियानशिप में प्रतिभाग करेंगे। सुखदेव पहलवान स्टेडियम में आयोजित जिला कुश्ती चयन में फ्री स्टाइल में राजन यादव, दीपांशु गौड़, अमन यादव, रंजीत यादव, निखिल यादव, सतीश यादव, पियूष यादव, अभिनव यादव ग्रीको-रोमन में विट्टू चौधरी, विशाल यादव, अंकित यादव, विशाल कदमघाट, देवेश यादव, शिवम यादव बालिका वर्ग में अंशु यादव, सारिका यादव, अन्नू यादव, सुगंधा यादव, प्रीति यादव का चयन किया गया चयनित पहलवान गोरखपुर में आयोजित होने वाली अंडर 15 उत्तर प्रदेश बालक, बालिका कुश्ती चैम्पियानशिप में 1 से 3 अप्रैल तक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। चयन ट्रायल विजय शंकर यादव उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की अध्यक्षता में कराया गया। इस मौके पर लालचंद यादव (पूर्व एस.आई.), भैयालाल पहलवान, सुरेश यादव, मुन्ना लाल यादव, विजय यादव, अंकित यादव, अंशु यादव एवं टेक्निकल कमेटी मे सत्यवान यादव, रामबृक्ष यादव, इंद्रेश यादव, गोविन्द यादव, विभा मौर्य आदि खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### बड़सरा खालसा गांव में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं दी जानकारी

**आजमगढ़।** शासन द्वारा इस समय गांव गांव चौपाल लगाकर ग्रामीण स्तर पर समस्याओं का निराकरण और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी के क्रम में तहबरपुर ब्लाक के बड़सरा खालसा गांव में सचिव हेमंत कुमार श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी व कर्मचारी द्वारा शुक्रवार को अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा पंचायत भवन में चैपाल के माध्यम से गांव के हर व्यक्ति से रुबरु होकर उनकी समस्याएं सुनी गयी और शासन द्वारा गांव के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। शुक्रवार को तहबरपुर ब्लाक के बड़सरा खालसा गांव में सचिव हेमंत कुमार श्रीवास्तव नोडल अधिकारी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संतोष कुमार यादव द्वारा पंचायत भवन पर पहुंचकर चैपाल का आयोजन किया गया। चैपाल में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखने को मिली उपस्थित हर व्यक्ति से उनकी समस्या व निदान जैसे गांव की सड़क, नाली, राशन कार्ड, विधवा पेंशन व शासन द्वारा संचालित आवास योजना से लाभांवित व प्रगति पर विशेष चर्चा की गयी। नोडल अधिकारी द्वारा विकास से जुड़ी हर समस्याओं के निदान का आश्वासन देते हुए उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य रुप से प्रधान संतोष यादव, कोटेदार बृजेश पाठक, आशा, एएनएम, रोजगार सेवक प्रमिला, पंचायत सहायक सोनू गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शीध्र बनेगा आधार कार्ड

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**जिले की तीन परियोजना पर आधार कार्ड बनना हुआ शुरू**

**पांच वर्ष तक के बच्चों को मिलेगी राहत**

**मीरजापुर।** बाल विकास विभाग अब जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आधार कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध शीध्र उपलब्ध करायेगा। इसके लिए आंगबाड़.ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पढ़ने वाले 275000 बच्चों को डाकघरों व बैंको का चक्कर नही लगाना होगा।

क्योंकि अब सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों आधार कार्ड बनने की सुविधा शीध्र उपलब्ध हो जायेगा लेकिन अभी चौदह परियोजनाओं में तीन परियोजना पर आधार कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध है जिससे आसपास के क्षेत्रों में खुशी है।

इस समय जिले में 2668 केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इस कार्य में जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारी व सुपरवाइजर का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। योजना को संचालित करने के लिए अभी तीन परियोजनाओं में डेस्कटाप व टेबलेट को उपलब्ध करा दिया गया है और शेष केन्द्रों पर प्रशिक्षण के पूर्ण होने के बाद बाकी के केन्द्रों पर उपलब्ध करा दीजियेगा।

सरकार की मंशा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नामांकन कार्य किये जाने से न केवल बच्चों के आधार नामांकन में विशेष तेजी आएगीए बल्कि प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही डीबीटी योजनाओं का समुचित लाभ भी उन्हे मिल पाएगा।

# आत्मनिर्भर बने चुनार, यहां के उद्योग को मिले वैश्विक पहचान

**बोलीं अनुप्रिया**

**101 हस्तशिल्पियों में वितरित किया गया इलेक्ट्रिक चॉक**

**हस्तशिल्प कार्यशाला का किया गया आयोजन**

जनसंदेश न्यूज


हस्तशिल्प कार्यशाला का शुभारंम्भ करतीं राज्यमंत्री

**चुनार।** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विपणन सेवा एवं सहयोग योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के शिल्प उद्योग में कार्य करने वाले शिल्पियों के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन शनिवार को स्टेशन रोड स्थित एक मेरिज लॉन, में किया गया।

शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में सांसद राज्यसभा रामशकल एवं विधायक रोहनिया सुनील पटेल, मेजर कृपा शंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप मे मौजूद रहे। कार्यक्रम में उद्योग, निर्यात, बैंकिंग, जीआई, ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, जीएसटी एवं डिजाइन से जुड़े विषयों विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से हस्तशिल्पियों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में रेड पॉटरी शिल्प से जुड़े एक सौ एक हस्तशिल्पियों को उन्नत टूलकिट (इलेक्ट्रिक चॉक) वितरण भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने अपने संबोधन के दौरान स्टेशन रोड़ स्थित मृतप्राय राजकीय चीनी पात्र विकास के लगभग 6 बिघे भूमि पर कामन फिसलिटी सेंटर खोले जाने का प्रस्ताव मुख्य अतिथि के समक्ष रखा।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि यह मेरी दिली तमन्ना है कि चुनार आत्म निर्भर भारत की श्रृखंला के क्रम में आत्मनिर्भर बनें और यहां के उद्योग को वैश्विक पहचान मिले।

इसके लिए यहाँ के उद्यमियों को भी आगे आना होगा। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ विरेंद्र कुमार, सहायक निदेशक वाराणसी अब्दुल्ला, तकनीकी सहायक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, आलोक सिंह पटेल, बचाऊ लाल सेठ, नंदलाल केशरी, राजेन्द्र प्रसाद प्रजापति आदि सहित भारी संख्या मे पादरी उद्यमी मौजूद रहे।

# औडी में श्रद्धांजलि देने पहुंचे दोनों डिप्टी सीएम

## मंत्री स्वतंत्र देव की दिवंगत मां को नमन कर परिजनों को दी सांत्वना

**शोक**

**कहा कोई अपराधी नहीं है जेल से बाहर**

जनसंदेश न्यूज


जलशक्ति मंत्री के घर पहुंचे डिप्टी सीएम द्वय


सुरक्षा का जायजा लेते डीएम व एसपी

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक जमालपुर विकास खंड के औडी गांव में शुक्र वार को पहुंचे थे। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के पैतृक आवास पर उनकी दिवंगत माता रामा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को याद दिलाया गया कि मीरजापुर और सोनभद्र के एमएलसी विनीत सिंह पर समाजवादी पार्टी ने ट्वीट किया था कि कब इन पर कार्रवाई होगी। इस सवाल पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा है कि कोई अपराधी जेल से बाहर नहीं है। हमारी सरकार बगैर किसी भेदभाव का काम कर रही है।

शत प्रतिशत मुकदमे पंजीकृत हो रहे हैं। जीरो टारलेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। अपराधी कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वतंत्र देव सिंह की माता ने अच्छे कर्म किए थे कि अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। कहा कि आगे आने वाले चुनाव में सिर्फ कमल ही खिलेगा।

शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए जिले के अलावा आसपास के जनपदों से भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे थे। दोनों डिप्टी सीएम के आगमन को देखते हुए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। उप मुख्यमंत्रीगण के ग्राम ओड़ी पहुंचने पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने स्वागत एवं अभिवादन किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी/संयुक्त मजिस्ट्रेट नवनीत सेहारा, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, परियोजना निदेशक डी0 आर0 डी0ए0 अनय मिश्रा, तहसीलदार चुनार नूपुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी जमालपुर के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### समय पर करें जनता की समस्याओं को निस्तारण : एनटी

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस नायब तहसीलदार मधु जैन व थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें निस्तारण एक का भी नहीं हो सका सभी मामले भूमि राजस्व से संबंधित थे। सभी मामलों को संबंधित लेखपाल को निस्तारण करने के लिए दिया गया। फरियादियों की समस्या को निस्तारण करने के लिए पुलिस एवं राजस्व टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्या में किसी भी प्रकार की शिथिलता न करें यदि आवश्यक हो तो पुलिस बल लेकर फरियादियों की समस्या का समाधान करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नायब तहसीलदार मधु जैन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की समस्या निस्तारण करें किसी भी प्रकार की शिथिलता छम्य नहीं होगा। इस अवसर पर पुलिस स्टाफ के साथ राजस्व निरीक्षक सूर्य बली बिन्द, नंदलाल, लेखपाल संघ अध्यक्ष अनूप कुमार पांडे, मनोज कुमार, सच्चिदानंद, मनमोहन आदि लोग उपस्थित रहे।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त दिलाएगा आलू

जनसंदेश न्यूज

**बोले सपा जिलाध्यक्ष**

**प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सपा अध्यक्ष ने दिया बयान**

**कहा किसानों की अनदेखी भाजपा को 2024 में पड़ेगी भारी**

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा की किसान विरोधी नीतियों के चलते अन्नदाता का हर कदम पर शोषण हो रहा है। इन दिनों आलू किसानों पर भाजपाराज कहर बनकर टूटा है।

बदहाल आलू किसान होली पर भी अपनी फसल कोल्ड स्टोर में रखने के लिए कतार में जूझते रहे, मुख्यमंत्री जी इस सबसे बेसुध हैं। आलू किसान को फसल के कम दाम मिल रहे हैं जबकि लागत बढ़ रही है। किसान मायूसी और परेशानी में जी रहा है। समाजवादी पार्टी यह मांग करती रही है कि किसानों को उनकी हर फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलना चाहिए। भाजपा सरकार किसानों के हितों की संरक्षक बनने के बजाय पूंजीघरानों को संरक्षण देती है। धान, गेहूं के क्रय केन्द्रों में अव्यवस्था रहती है, बहुराष्ट्रीय कंपनियां किसानों की फसल औने पौने दाम पर खरीद लेती है। किसान मजबूरी में बेचे नहीं तो क्या करें? भाजपा ने आलू किसानों से खरीद एमएसपी पर करने के बजाय राहत के तौर पर 650 रुपए प्रति कुंतल आलू की खरीद के दाम तय किए हैं। ट्रैक्टर ट्राली के भाडे. से लेकर खाद, दवा, सिचाई, टोकनमनी और स्टोर चार्जेज के अलावा किसान के श्रम को भी जोड़ दिया जाए तो आलू कम से कम 1500 रुपए प्रति कुंतल की दर से खरीदा जाना चाहिए। भाजपा सरकार ने किसानों की उपेक्षा करते हुए खेती को पूरी तरह से बर्बाद और अलाभकर बना दिया है। घाटे में डूबा किसान कैसे अगली फसल की बुवाई के बारे में सोचेगा? किसानों की आय दोगुनी करने का झांसा देने वाली भाजपा सरकार को आलू ही सन 2024 के लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त दिलाएगा।

### निर्वाचन सदस्यों की सूची हुई चस्पा

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के साधन सहकारी समितियों पर चुनाव के लिए अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। समितियों के कार्यालय पर शनिवार को चस्पा किया गया। जिसमें साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया, महुगढ सिकटा, बबुरा सेमरा कला, अहुंगी कला, बरौधा, उमरिया सहित नौ साधन सहकारी समितियों पर लिस्ट चस्पा कर दिया गया है। साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया में एआरो बाल कृष्ण, सचिव बबुरा सेमरा कला में कृष्ण चंद दूबे, हर्रा के मटिहरा मे प्रितेश दूबे, अहुंगी कला में अजय सिंह की मौजूदगी में लिस्ट चस्पा किया गया।

### जिले के प्रत्येक थानों पर किया गया समाधान दिवस का आयोजन

**मीरजापुर।** पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनी गयी। शनिवार को शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा जनपद के विभिन्न थानों पर आने वाले आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में थाना समाधान दिवस के अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, क्षेत्राधिकारी सदर व तहसीलदार सदर द्वारा थाना कछवां पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना पड़री पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना लालगंज पर, उपजिलाधिकारी लालगंज द्वारा थाना हलिया पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना जिगना पर, तहसीलदार द्वारा थाना संतनगर पर तथा नयाब तहसीलदार द्वारा थाना मड़िहान पर सम्बन्धित थाना पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगणों व राजस्व विभाग के अधिकारी के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।

# अपमान के डर से पिता पुत्र ने खाया जहर

**दुखद**

**वृद्ध पिता की मौत, पुत्र अस्पताल में भर्ती**

**गांव में विवाद के दौरान मारा गया था ताना**

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के चितावनपुर गांव में शुक्रवार की शाम अपमान के डर से पिता पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके कुछ घंटे बाद ही पिता मिश्री लाल की मौत हो गई। जबकि अचेतवस्था में कमलेश को मंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जाता हैं कि गाँव में विवाद के दौरान किसी ने कमलेश की पत्नी पर लान्छन लगा दिया। जिसे सुनने के बाद कमलेश घर आया।

सारी बात पिता को बताया। जिसे सुनकर पिता पुत्र इस कदर अपमान की आशंका से भयभीत हुए कि जहर ही खा लिया। जहर निगलने के कुछ ही घंटे बाद 75 वर्षीय पिता मिश्रीलाल की हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ता देख उसे स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया। उपचार के पहले ही उनकी मौत हो गई। विवाद के बाद जहर खाने से हुई मौत की भनक लगते ही पुलिस सतर्क होकर मामले की टोह में जुट गई। घर में अचेत पड़े युवक को उसकी पत्नी के साथ मंडलीय अस्पताल देर रात लाया गया। उसकी हालत को देखते हुए भर्ती किया गया है। पिता पुत्र के जहर खाने की जानकारी इलाके में फैलने के साथ ही तरह तरह की चर्चा शुरू हो गई। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट कर विवाद के तह तक जाने में लगी है। पति के साथ अस्पताल पहुंची महिला ने बताया कि गाँव में ही किसी से झगडा.हुआ था।

वाद विवाद के दौरान गाँव के ही व्यक्ति ने गंभीर आरोप लगाया। जिसे सुनकर घर आने के बाद मेरे ससुर और पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कह रहे थे कि अपमान सहने से अच्छा है कि दोनों लोग यह दुनिया ही छोड़ दे। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस शव को कब्जे में ले लिया है। अचेत युवक को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कानूनी कार्रवाई में लगी है।

# सभी विभागों में रहे बेहतर साफ-सफाई : नंद गोपाल नंदी

## प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की विकास कार्यक्रमों व कानून व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज

**जनपद भ्रमण**

**प्रत्येक दूसरे माह के प्रथम शुक्रवार को प्रभारी मंत्री द्वारा की जायेगी समीक्षा बैठक**

**विकास कार्यक्रमों को धरातल पर कार्य करने का दिया निर्देश**

**सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की सम्पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में रहे उपस्थित**

**अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी न दिये जाने पर व्यक्त की नाराजगी**


दलित बस्ती का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री

**मीरजापुर।** प्रदेश के मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0 आई0 तथा निवेश प्रोत्साहन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को अपने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में कराये जा रहे विकास कार्यक्रमों, महत्वपूर्ण निमार्णाधीन परियोजनाओं एवं अपराध व कानून व्यवस्था के प्रगति कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मंत्री ने सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उनके द्वारा प्रत्येक दूसरे माह के प्रथम शुक्रवार को बैठक की जायेंगी तथा शनिवार को विकास कार्यक्रमों का स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं के प्रगति के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी के साथ बैठक मे उपस्थित हों। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप विकास कार्यक्रमों को पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से धरातल पर उतारने का कार्य अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता के साथ खिलवाड़, भ्रष्टाचार एवं लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। बैठक में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्होने कहा कि अगली बैठक में पूरी जानकारी के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित होंगे।

इसके पूर्व मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने जनपद के तहसील, विकास खण्ड, लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र, जनपद की जन संख्या सहित जनपद के भौगोलिक क्षेत्र आदि के बारे में जानकारी देते हुये केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी दी गयी। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुये मंत्री ने कहा कि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यो गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाय। राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के सम्बन्ध में मा0 मंत्री जी ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष समूहों का गठन तत्काल सुनिश्चित कराया जाय एवं यह सुनिश्चित कराया जाय कि समूह में पात्र लाभार्थियों का ही चयन कर शामिल किया जाय। नहरों में टेल तक पानी एवं सिल्ट सफाई समीक्षा के दौरान बताया गया कि कतिपय डैम में पानी की कमी होने के कारण नहरों का संचालन नही हो पा रहा हैं। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्साधिकारी प्रत्येक सप्ताह गौवंश आश्रय स्थलों में जाकर गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे तथा बीमार गौवंशो को समुचित उपचार सुनिश्चित करायेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सम्बन्ध में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत भवन निर्माण स्ट्रीट वेंडर्स योजना, अपशिष्ट प्रबन्धन, स्थानीय पर्यटन विकास, आपरेशन कायाकल्प सहित कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह, जन शिकायतो का निस्तारण की समीक्षा की गयी। मंत्री ने निर्देशित करते हुये कहा कि पुलिस के द्वारा दिन व रात्रि में की जा रही पैदल पेट्रोलिंग कार्य को और बढ़ाया जाय तथा थाना समाधान दिवस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में सदस्य विधान परिषद श्याम नरायन सिंह उर्फ विनीत सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्य प्रकाश सिंह, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**जमालपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक शनिवार को राधाकृष्ण मन्दिर भदावल में हुई। जिलाध्यक्ष अली जमीर खान की मौजूदगी में पुनीत कुमार पटेल को जिला उपाध्यक्ष तथा तेज बहादुर सिंह को ब्लाक संरक्षक जमालपुर बनाया गया। अध्यक्षता उदय नरायन मिश्रा तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष बजरंगी कुशवाहा ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री, प्रदेश महासचिव जालिम सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरिदास सिंह, जिला प्रवक्ता राजकुमार पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अन्दीप कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष युवा सुरेश सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मंच सुमन प्रजापति, विरेन्द्र कुमार सिंह राजू, ब्लाक अध्यक्ष जमालपुर विजय कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अश्विनी कुमार द्विवेदी, राममहाल सिंह, छैल बिहारी सिंह आदि रहे।

## संक्षेप

### आठ प्रार्थना पत्रों में एक का मौके पर हुआ निस्तारण



**हलिया।** हलिया थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम लालगंज भरत लाल सरोज व थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह के अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजित किया गया। इस दौरान कुल आठ प्रार्थना पत्र आए जिसमें आठो राजस्व से संबंधित रहे। एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष पड़े प्रार्थना पत्र को एसडीएम लालगंज ने कहा कि मौके पर जाकर समाधान करे जिससे भेदभाव का आरोप कोई न लगा सके। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित लेखपाल को निर्देश दिया। इस दौरान एसआई विजय यादव, कांस्टेबल कुलदीप, सहित राजस्व व चंकबदी के लेखपाल मौजूद रहे।

### चोरी के आरोप में गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना मड़िहान, मीरजापुर पर 31 मई 2022 को वादी अरविन्द रेड्डी पुत्र जी0वी0 सुब्बा रेड्डी वर्तमान पता ददरा राजगढ़ थाना मड़िहान मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत जल जीवन मिशन की पाइप चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक मड़िहान को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शनिवार को उ0नि0 शिवप्रकाश यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र से आरोपी रामजी सोनकर पुत्र नन्दलाल सोनकर निवासी हुसैनीपुर महाराजगंज थाना औराई जनपद को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर पंजीकृत धारा 379,411,120बी,420 भादवि में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### पुलिस कर्मचारियों से आहत दिव्यांग करेंगे प्रदर्शन

**मीरजापुर।** उप्र बिकलांग सेवा समिति फतहाँ पुलिस चौकी मीरजापुर में तैनात सिपाही अभय और धरमराज द्वारा अभद्र टिपणी और अर्मयादित भाषा बतमीजी करना एवं मनोज गुप्ता का 13500 रुपया छिन लेना, चरित्रहिनता के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से मिल कर दोनों सिपाही अभय, धर्मराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के लिए सोमवार 13 मार्च को समय 11 बजे मांग पत्रक दियाा जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष जटा शंकर जहरीला ने दी है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन आज

**मीरजापुर।** जिले के बरौधा में स्थित मां वैष्णों लॉन बरौंधा में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। होली मिलन समारोह को सफल बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। संयोजक रामकृष्ण द्विवेदी बताया कि इस कार्यक्रम में ब्राह्मण प्रतिनिधि एवं विभिन्न प्रमुख ब्राह्मण संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लेंगे। जिलाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर संघठन के लोग जुड़े हुए है।

### सूची का किया गया प्रकाशन

**चील्ह।** विकास खण्ड कोन मं सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए अनंतिम मतदाता सूची समितियों के कार्यालय पर प्रदर्शित व चस्पा किया गया। जिसमें साधन सहकारी समिति चेकसारी, मुजेहरा, हुसैनीपुर, श्रीपट्टी, जगापट्टी, मिश्रीलाल इंटर कालेज मवैया पर अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इसकी जानकारी एडीओ सहकारिता कृपाशंकर पाल ने दिया है।

### करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**जमालपुर।** शनिवार को बिजली कंरट की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पूजा 24 वर्ष पत्नी चन्दन केसरी शनिवार की शाम बिजली बोर्ड में पंखा लगाते समय अचानक बिजली कंरट की चपेट में आ गई जिससे विवाहिता ने मोके पर दम तोड दिया। मृतका के पति परचून की दुकान चलाकर परिजनों का पालन पोषण करते है। जिसको दो वर्ष का एक पुत्र हैं। मृतका का मायका बाबतपुर वाराणसी है। मौत की सूचना मायके वालों को दे दी गई। वहीं समाचार लिखे जाने तक शव पड़ा रहा।

### अवैध असलहा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**जमालपुर।** शुक्रवार की रात पुलिस ने बहुआर गांव स्थिति पुलिया से एक व्यक्ति को जिंदा कारतूस और देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की मानें तो जावेद खान उर्फ मोनू 27 वर्ष पुत्र गुलाम निवासी जमालपुर के पास से एक देशी कट्टा और एक 315 बोर का जिंदा कारतूस बहुआर गांव स्थिति पुलिया के पास से बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करनें वाली पुलिस में डवक चौकी इंचार्ज सुभाष चन्द्र बौद्ध मय हमराह मौजूद रहे।

### हनुमान गढ़ी से घंटा चोरी


**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कैलहट के हनुमान मंदिर से चोरों ने विगत रात मंदिर में लगे दस घंटे निकाल कर चंपत हो गये। मंदिर के महंत चैतन्य प्रभु जब भोर में पूजा अर्चन हेतु उठे तो देखा की मंदिर में लगे घंटे गायब है। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को कर दी है।

### उप्र खेल नीति युवाओं को बनायेगी सक्षम : अभाविप

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उत्तर प्रदेश के हर विकास खण्ड में 'ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम निर्माण नीति' को उत्तर प्रदेश कैबिनेट की मंजूरी मिलने का स्वागत किया हैं। इस निर्णय से प्रत्येक ब्लॉक में खेल की आधारभूत सुविधाओं से स्थानीय युवाओं की खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार किया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश के इस सत्र के बजट में खेल को बढ़ावा देने के लिए और खण्डवार खेल के अव संरचना के विकास हेतु 100 करोड़ से ज्यादा की निधि आवंटित की गई है, जिससे युवाओं का खेल आयाम में विकास हो सकेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का खेल विकास से संबंधित निर्णय स्वागतयोग्य है, इस बजट से जहां युवाओं को खेल जगत में नए अवसर मिलेंगे वहीं नई शिक्षा नीति जिसमें खेल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए जोर दिया गया था उनका भी पूर्ण एवं सुचारु रूप से क्रियान्वयन किया जा सकेगा। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए भी विकसित किया जा सकेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अंतेंद्र सिंह ने कहा कि " प्रदेश सरकार का खेल संबंधित बजट आवंटन में आधारभूत बदलाव युवाओं के लिए प्रोत्साहन का स्रोत बनेगा। जिन सुविधाओं के लिए उन्हे शहरों में जाना पड़ता था, वह सुविधाएं इस नीति के क्रियान्वन के बाद उन्हें अपने ही क्षेत्र में आसानी से मिल सकेंगी। काशी प्रान्त कार्यालय मंत्री कौतुक उपाध्याय ने सरकार के नीतियों का स्वागत किया।

### जर्जर भवन दे रहे दुर्घटना को दावत

**राजगढ़।** विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत धनसीरियां गांव के नौडिहवां बस्ती में संचालित प्राथमिक विद्यालय के कैम्पस में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था जो अब पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। वहीं प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवन, के बने वर्षों बीत चुके हैं जिससे भवनों के खंडहर होकर टूटने व गिरने का भय बना रहता है तथा बड़ी घटना का सबब बन सकता है। जबकि प्राथमिक विद्यालय के कैम्पस में बने पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र सहित प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन को लोक निर्माण विभाग द्वारा जांच कर अनुपयोगी होने की बात कही गई है इसके बावजूद अभी तक लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई रिपोर्ट तैयार नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों में बच्चों को स्कूल भेजकर खतरा मोल लेने का भय सता रहा है। वहीं इस मामले में खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित शिक्षाधिकारियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऐसे में ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य बाबू नन्दन सिंह ने बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी समस्या से अवगत कराया है।


जर्जर स्कूल

# बालक का अपहरण कर हत्या, इलाके में तनाव

**आक्रोश**

- शुक्रवार की देर रात बगहा गांव के तालाब से बरामद हुआ बालक का शव
- हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे ग्रामीण
- हत्यारोपियों के खिलाफ उठायी कड़ी कार्रवाई की मांग
- भूमि विवाद को माना जा रहा हत्या की वजह
- सभी आरोपी गिरफ्तार पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो घायल, रेफर

जनसंदेश न्यूज



राबर्ट्सगंज-घोरावल मार्ग जाम करते ग्रामीण



मुठभेड़ में घायल आरोपी को एंबुलेंस में ले जाती पुलिस

**घोरावल।** पुलिस की लापरवाही का खामियाजा एक मासूम को अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ी। 5 मार्च को घोरावल थाना क्षेत्र के पेढ़ गांव में घर से कुछ दूर खेल रहे एक 9 वर्षीय बच्चे का अपहरण हो गया।

घटना की सूचना के बाद से ही जहां पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में रही वहीं अपहृत बच्चे की लाश मिलने की सूचना मिलने के बाद से ही पेढ़ गांव के ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए। उन्होंने हत्यारों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग करते हुए घोरावल-रावर्ट्सगंज मार्ग जाम कर दिया। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस तैनात किया गया है। उधर भैंसवार पुलिया के पास हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो आरोपी घायल हो गये, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया गया कि पेढ़ गांव निवासी मंगरू पाल ने बीते पांच मार्च को घोरावल थाने में तहरीर दी थी कि उसके नौ वर्षीय बेटे अनुराग पाल का गांव के तीन लोगों ने अपहरण कर लिया है। इस मामले में उसने इंद्रजीत यादव, राजेश यादव व अमरजीत यादव के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। तहरीर में राजेश यादव की तरफ से बच्चे को गायब करने की धमकी देने की जानकारी पुलिस को दी गयी थी। बावजूद पुलिस ने इस मामले में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

शुक्रवार को मामले में नामजद राजेश व इंद्रजीत पुलिस के हत्थे चढ़े तो पता चला कि मासूम की हत्या की जा चुकी है। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर शुक्रवार की रात चुनार क्षेत्र के बगहां गांव स्थित तालाब से मासूम का शव बरामद कर लिया। शव को पत्थर से बांधकर तालाब में फेंका गया था। शव को चुनार स्थित पीएम हाउस में रखवाने के बाद पुलिस बालक के परिजनों को सूचना देने गांव पहुंची तो परिजन भड़क गये।

हालात को देखते हुए गांव में कई थानों की फोर्स पीएसी के साथ पहुंच गयी जो रातभर वहीं थी। उधर मुखबीर की सूचना पर पुलिस की भैंसवार गांव की पुलिया के पास आरोपियों से मुठभेड़ हुई। जिसमें दो आरोपी घायल हो गये। घायलों की पहचान गणेश सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी बगहा चुनार व करन यादव निवासी सहरसा कछवां मिर्जापुर के रूप में हुई। दोनों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इस मामले में एसपी डा. यशवीर सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया घटना के पीछे भूमि विवाद की बात सामने आ रही है।

घटना में 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जिसमें सभी आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। राजेश व इंद्रजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं करन व गणेश यादव मुठभेड़ में घायल हो गये थे। जिनका इलाज ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है। घटना में शामिल दो अन्य फरार आरोपी लवकुश व शिव कुमार दूबे को कछवां मिर्जापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाशों के पास से दो 315 बोर का तमंचा, दो खोखा कारतूस व तीन जिंदा कारतूस के साथ ही घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक बरामद हुई है। गांव में तनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## टैंकर से ग्रामीणों को हो रही पेयजल आपूर्ति



टैंकर से पानी भरते ग्रामीण

**बीजपुर।** ग्राम सभा डोड़हर के बैगा बस्ती के बेलौहा टोला में पेयजल समस्या बढ़ रही है। इसको देखते हुए प्रधान छत्तरपाल टैंकर से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति टोले में करवा रहे हैं। प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत डोडहर के आबाद बैगा बस्ती में स्वच्छ जल के लिए और व्यवस्थाएं हैं। स्वच्छ जल परियोजना परिसर से टैंकर द्वारा लाकर बैगा बस्ती में आपूर्ति की जा रही है। हैंडपम्प और कुएं के पानी का प्रयोग ग्रामीण जानवरों व नहाने धोने के लिए करते हैं। रामपति बैगा, शिव प्रसाद बैगा, रामजतन बैगा, गणेश बैगा, रामसूरत बैगा ने बताया कि टैंकर द्वारा स्वच्छ जल की आपूर्ति करना प्रधान का सराहनीय कदम है।

## संक्षेप

### वालीबॉल प्रतियोगिता के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन



खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथिगण

**चोपन।** नगर के प्रितनगर स्थित ग्रेवाल मेमोरियल पार्क में शुक्रवार की सायं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां सर्वप्रथम वालीबाल फाइनल के मुकाबले में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली ने खिलाड़ियों का परिचय किया। तत्पश्चात ग्रेवाल ए और ग्रेवाल बी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जहां ग्रेवाल ए की टीम विजेता रही। वहीं अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ग्रेवाल मेमोरियल क्लब के अध्यक्ष महफूज आरिफ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, संजय जैन, सत्य प्रकाश तिवारी, सुरेश गर्ग, सतनाम सिंह, जितेंद्र पलाहा, बिट्टू सिंह, दीनानाथ, रामचंद्र विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र जायसवाल, मोमबहादुर, अभिषेक सिंह, बबलू सिंह, अनीश अहमद मौजूद रहे। संचालन रविन्द्र कुमार ने किया।

### सुंदरी के विस्थापितों ने उठायी पुनर्वास पैकेज की मांग

**दुद्धी।** कनहर सिंचाई परियोजना की तलहटी पर बसे ग्राम पंचायत सुंदरी के लोग इन दिनों पुनर्वास पैकेज की मांग को लेकर सिंचाई विभाग कार्यालय व तहसील मुख्यालय पर चक्कर लगा रहे हैं। रजकलिया, रामचन्द्र, दयाशंकर, जय कुमार, राम नरेश, राम जीत, इंद्रजीत, आत्मा प्रसाद, नेपाल सिंह, इन्द्र देव, कैलाश ने बताया कि वर्षा काल से पूर्व गांव को छोड़ना है, लेकिन अभी तक पुनर्वास पैकेज नहीं दिया गया। अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि 255 लेवल तक के रहने वाले लोगों को पैकेज दिया जाएगा। लेकिन पैकेज नहीं दिया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि जलालुद्दीन, राम स्वार्थ प्रजापति, इम्तियाज, सुधीर शर्मा ने बताया कि वर्तमान में सुंदरी ग्राम में करीब 200 विस्थापितों को पैकेज की धनराशि अभी तक नहीं मिली है। वहीं प्लाट आवंटन में भी हीलाहवाली की जा रही है। बताया कि प्लाट में सड़क, पानी आदि की व्यवस्था बेपटरी है और प्लाट भी उबड़-खाबड़ बना हुआ है। डूब क्षेत्र के विस्थापितों ने बताया कि पिछले माह सुंदरी ग्राम से केवल 5 लोगों को पैकेज मिला था। इस बार परियोजना को 50 करोड़ रुपए मिला है, जिससे उम्मीद है कि सुंदरी ग्राम के शेष विस्थापितों को पुनर्वास पैकेज मिलेगा। विस्थापितों ने प्रशासन से मांग किया कि शीघ्र ही पैकेज वितरित किया जाए।

### थाना समाधान दिवस में 5 मामलों का निस्तारण

**चोपन।** शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में 13 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 5 का निस्तारण किया गया। इस दौरान ओबरा एसडीएम राजेश सिंह व अपराध निरीक्षक कृष्ण अवतार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। राजस्व से संबंधित 9 व पुलिस विभाग से सम्बंधित 4 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें मौके पर 4 पुलिस विभाग व एक राजस्व विभाग से सम्बंधित मामले का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अधिकारी, कर्मचारी व लेखपाल मौजूद रहे।

### निमियाडीह प्रकरण में एसडीएम के आदेश के विरुद्ध कमिश्नरी में वाद दाखिल

**दुद्धी।** निमियाडीह कब्रिस्तान व देव स्थल को लेकर उपजिलाधिकारी न्यायालय से पारित आदेश के विरुद्ध निमियाडीह सदर कासिल अली ने इस निर्णय को अन्याय बताते हुए कमिश्नर के यहां अपील प्रस्तुत की। प्रार्थना पत्र पर अपीलकर्ता व विपक्षीगण के अधिवक्ता तथा राज्य सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व को सुना तथा पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया गया। विचारोपरांत अपील दाखिला स्वीकार किया। कमिश्नर ने अन्य विपक्षीगण को नोटिस जारी कर यह आदेशित किया है कि अवर न्यायालय में पत्रावली प्राप्त की जाए। उन्होंने मुकदमा सविधि निस्तारण हेतु अपर आयुक्त न्यायिक, विन्धयाचल मंडल, मिजार्पुर के न्यायालय में स्थानान्तरित किया। उन्होंने 31 मार्च को उक्त न्यायालय में अग्रिम सुनवाई निर्धारित करते हुए आदेशित किया कि मौके पर कोई विवाद उत्पन्न न हो, इसलिए न्यायहित में उक्त तिथि तक विवादित भूमि के संबंध में उभय पक्ष मौके पर यथास्थिति बनाये रखे।

# कूप निर्माण में खुदाई में निकले बोल्डर का हो रहा प्रयोग

**आक्रोश**

- मामला बैरखड़ ग्राम पंचायत में शम्भू व सिरी के खेत में हो रहे कूप निर्माण का
- जिला खनिज निधि से लघु सिंचाई विभाग करवा रहा कूप निर्माण

जनसंदेश न्यूज



खुदाई में निकले बोल्डर को कूप जोड़ाई के लिए कुएं में ले जाते मजदूर

> कूप निर्माण में अवैध बालू गिराने की सूचना मिली है। टीम भेज कर बालू को सीज कराता हूं, बैरखड़ में खननकर्ताओं की धर पकड़ के लिए टीम गठित करता हूं।
>
> **इमरान खान**
> **विंढमगंज रेंजर**

**दुद्धी।** जिला खनिज निधि से लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे कूप निर्माण में अनियमियता का मामला प्रकाश में आया है। ब्लाक के बैरखड़ ग्राम पंचायत में चार कूप निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें दो कूपों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। शम्भू व सिरी के खेत में चल रहे कूप निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है।

बता दें कि बनाये जा रहे कूप की खुदाई 42 फीट किया जाना है, साथ ही चारों तरफ बोल्डर की चुनाई की जानी है, लेकिन इस जोड़ाई में खुदाई में निकले बोल्डर का ही प्रयोग किया जा रहा है। बस साइट पर दिखावे के लिए अहरौरा स्टोन के कटिंग बोल्डर गिरवा दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बालू में सीमेंट की कम मात्रा डालकर इसकी जोड़ाई किये जाने से मजबूती पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण प्रमोद ने बताया कि यह क्षेत्र मुख्यालय से काफी दूर है, इधर काम पर जेई आते ही नही हैं। इस कारण मनमाना काम करवाया जा रहा है।

ठेकेदार उसी बोल्डर का प्रयोग कर नए कटिंग बोल्डर का भुगतान कराने के फिराक में है। ग्रामीणों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर कूएं से निकले बोल्डर का प्रयोग में लाये जाने पर उसके एमबी में कटौती की मांग की है। वहीं बैरखड़ में कूप निर्माण में अवैध बालू का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिसकी आपूर्ति यहां के लोकल खननकर्ताओं से ट्रैक्टर के माध्यम से ली जा रही है।

# महिलाओं की उन्नति पर राष्ट्र की उन्नति निर्भर: सत्यजीत

**अवसर**

- चतरा ब्लाक सभागार में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



शिविर में महिलाओं को जागरूक करते अतिथि

**रामगढ़।** चतरा ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त रुप से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को साप्ताहिक कार्यक्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश सत्य जीत पाठक जी ने कहा कि महिलायें विश्व में इतिहास रच डाली, जो पुरुषो ने आज तक नहीं किया वो महिलाओं ने कर डाला।

उन्होंने कहा कि लोग बेटी को घर का बोझ समझते हैं जो गलत धारणा है, बेटी बोझ नहीं है, बल्कि वह पीहर में रहकर भी अपना घर रोशन करती है और ससुराल में जाकर भी अपना घर रोशन करती है। बेटी दो घरों को रोशन करने का कार्य करती है। महिलाओं की उन्नति पर ही राष्ट्र की उन्नति निर्भर है। साधना मिश्रा ने अपील किया कि वुमन होल्ड एक महिला आधे आसमान को पकड़ सकती है। मैं उन पुरुषों से डरती हूं जो महिला की शक्ति से डरते हैं। ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि आज भी कई ऐसे मुद्दे हैं जिनसे महिलाये जूझ रही हैं, शिक्षा का न मिल पाना, भेदभाव, रूढ़िवादी सोच, दर्दनाक बढ़ते अपराध आदि जैसे अपराधों से जूझ कर निकल रही हैं, इसमें बदलाव लाने के लिए कानूनों का सख़्ती से पालन किया जाय।

सुरसारी द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान जेंडर के कारण नहीं बल्कि उसकी स्वयं की पहचान के लिए करना होगा। मातृ शक्ति से आह्वान किया कि वे बेटी व बेटे में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करें और बेटे की भांति बेटी को भी समान शिक्षा, खान-पान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवायें। संविधान स्त्री एवं पुरूष दोनों को एक समान अधिकार प्रदान करता है। धन्यवाद ज्ञापन तहसीलदार सुनील कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शशि त्रिपाठी, रामज्ञान यादव, इंदु पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, रवि कुमार, अर्चना सिंह, ममता, आंगनबाड़ी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### 365 दिन टैक्स वसूली करने वाली सरकार ने मरम्मत से मूंदी आंख

**मीरजापुर।** जागने से लेकर सोने तक जनता से टैक्स लेने वाली केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार धरोहर बन चुके बेजोड़ चार मंजिला ओझला के पुल की रखरखाव तक नहीं कर पा रही है। देश में पुल तो बहुत है पर चार मंजिला पुल विश्व में नहीं होगा। मीरजापुर-इलाहाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेढ़ सौ साल पूर्व विंध्याचल में कर्णावती नदी पर बना पत्थर का पुल सरकारी उपेक्षा से खंडहर में तब्दील हो रहा है। जिसे एक दिन की आमदनी बनवाया गया। सरकारें जनता से हर कदम पर टैक्स लेने के बाद भी धरोहर बन चुके पुल का मरम्मत तक नहीं करा पा रही है। विकास दावों के बीच पुल जर्जर बना है। ताज महल से कम नहीं है मीरजापुर में गंगा नदी किनारे नारी सम्मान में बना पक्का घाट। व्यापारी नबालक साव अपनी धर्मपत्नी तुलसी देवी को मिले ताने से इतना व्यथित हुये कि उन्होंने अपने धन से गंगा के तट पर देश के बेजोड़ पक्का घाट का निर्माण 150 वर्ष पूर्व कराया हैं। घाट उपेक्षा के चलते दरक रहा है। सफाई तक की कमी लोगों की भावनाओं को आहत कर रही है। जबकि अपनी आकर्षक कलाकृति और निर्माण शैली के कारण देश का बेजोड़ घाट पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता रखता है।

# चूल्हा गेट बंद करने से रहवासियों में भारी आक्रोश, लगाया जाम

**गुस्सा**

- प्रबंधन से वार्ता कर मामले का हल निकाले जाने के आश्वासन पर माने रहवासी



जाम कर रहे आक्रोशितों से वार्ता करती पुलिस

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर विद्युत विहार कालोनी के चूल्हा गेट को प्रबंधन द्वारा बन्द किए जाने से आक्रोशित लोगों ने प्रधान के नेतृत्व में शनिवार को जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रबंधन से वार्ता कर हल निकालने का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया। बता दें कि कोरोना काल के समय परियोजना प्रबंधन ने आवासीय परिसर के सभी गेट को बन्द कर केवल एक गेट खोला था, जिससे लोगों का एक ही गेट से आवागमन हो रहा था। कोरोना का प्रकोप खत्म होने के बाद धीरे धीरे सभी गेट खोल दिए गए, लेकिन चूल्हा गेट को नहीं खोला गया। जिसकी मांग की जा रही थी, क्योंकि रोडवेज बस स्टैंड एवं बस स्टैंड मार्केट चूल्हा गेट के पास होने के कारण सभी लोगों के आवागमन में सहूलियत रहती थी। लेकिन परियोजना प्रबंधन अपनी हठधर्मिता पर अड़ा रहा। इस बीच फोरलेन सड़क निर्माण के समय आवासीय परिसर की बाउंड्री टूट गई, जिससे लोगों का आवागमन फिर शुरू हो गया। जिसको देखते हुए प्रबंधन ने शनिवार को चूल्हा गेट बन्द करने के लिए सामग्री गिरा दिया। जानकारी होते ही प्रधान हीरालाल के नेतृत्व में व्यवसाइयों सहित दर्जनों की संख्या में लोग गेट बंद करने का विरोध करते हुए जाम लगा दिये। सूचना पर पहुंची पुलिस प्रबंधन से बातचीत की। बाद में तय हुआ कि एक प्रतिनिधिमंडल परियोजना के प्रशासनिक भवन में प्रबंधन से शाम को वार्ता के दौरान हल निकालने का प्रयास किया जाएगा, तब तक गेट बंद करने की योजना स्थगित रहेगी। इस मौके पर पन्नालाल, रंजीत कुशवाहा, संतोष त्यागी, शिवशंकर गुप्ता, अखिलेश जायसवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# ऊर्जा प्रबंधन में हिण्डाल्को टॉप परफॉर्मर अवार्ड से सम्मानित



पुरस्कार के साथ हिण्डालको के अधिकारी

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज रेणुकूट को एक बार फिर ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए टॉप परफॉर्मर ऑफ पैट साइकिल-2 अवार्ड से सम्मानित किया गया। अल्युमिनियम कैटेगरी मे बी.ई.ई. एवं डिकेड ऑफ पैट स्कीम के तहत नई दिल्ली के स्कोप कॉम्पलेक्स के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में हिण्डाल्को को उक्त सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में भारत सरकार के पॉवर एवं न्यू एंड रिन्यूवल एनर्जी मंत्री आर.के. सिंह, बीईई के डायरेक्टर जनरल अजय भाकरे व डिप्टी डायरेक्टर जनरल अशोक कुमार एवं ईईएसएल के सीईओ विशाल कपूर ने बीईई के अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में हिण्डाल्को को ट्राफी एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

हिण्डाल्को के ऊर्जा विभाग के रजनीश सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। हिण्डाल्को रेणुकूट को यह अवार्ड 2016 से 2019 के मध्य ऊर्जा संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के लिए दिया गया। उक्त उपलब्धि पर हिण्डाल्को के सी.ओ.ओ. एन. नागेश, क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह, रेणुपॉवर के यूनिट हेड के.पी. यादव, एन.एन. राय, जे.पी. नायक, विनोद ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी सहकर्मियों को ऊर्जा प्रबंधन एवं संरक्षण में उनके योगदानों की प्रशंसा करते हुए बधाई दे हुए नये पैट साइकिल-3 के लिए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। नागेश ने ऊर्जा विभाग के संजीव गुप्ता, दीना जायसवाल, रजनीश सिंह एवं राजीव सिंह को बधाई दी।

## महिलाओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न खेलों में लिया भाग

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को प्रबंधन अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के क्रम में नगरीय बस्ती के साथ-साथ आस-पास की आबादी के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए सदैव तत्पर है। इसी क्रम में नगरीय बस्ती के चाचा कॉलोनी के सर्वेश्वरी समूह आश्रम प्रांगण में स्थानीय स्वयं सहायता समूह एवं लघु उद्यमी महिलाओं के साथ हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। मुख्य अतिथि हिण्डाल्को क्लस्टर के सी.ओ.ओ. एन. नागेश ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी शुभकामनायें दी। नारी शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि महिलायें शिक्षित होकर ही अपने तथा अपने परिवार का विकास कर सकती है। उन्होंने महिलाओं को अपने परिवार को नशे से दूर रखने की सलाह देते हुए कहा कि नशा करने से किसी का भला नही होता। नशे की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे मृत्यु के करीब ले जाता है और इससे परिवार भी बिखर जाता है। विशिष्ट अतिथि क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने कहा कि आज महिलायें किसी से पीछे नहीं हैं और पुरुषों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वागत गीत, लघु नाटिका का सजीव मंचन किया। इसके बाद महिलाओं ने गोली-चम्मच दौड़, श्रृंगार दौड़ सहित विभिन्न रोचक खेलों में भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। संचालन राजेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में पी.आर. व एडमिन हेड जसवंत सिंह, सजल साहा, अनुनय कुमार, प्रशांत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ रुपयों के साथ जीआरपी ने दो को पकड़ा

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** पीडीडीयू जीआरपी को बडी सफलता हाथ लगी चेकिंग के दौरान पुलिस ने प्लेटफार्म संख्या तीन व चार से दो युवक धर दबोचा जसके पास से एक करोड़ पचास लाख रुपये बरामद किया। जिसका खुलासा शनिवार को सीओ जीआरपी कुँवर प्रभात सिंह ने किया।

इस बाबत कुँवर प्रभात सिंह ने बताया कि रेल मार्गो से हो रही तस्करी के मद्देनजर जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जीआरपी पुलिस व आरपीएफ को डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3/4 स्लोपिंग सीढ़ी के पास से दो ब्यक्ति ट्राली बैग के साथ खड़ा दिखाई दिए। और पुलिस टीम को देखकर घबराने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर जब जीआरपी पुलिस द्वारा व्यक्ति के बैग के तलाशी ली गई तो उसके बैग के नोटो का बंडल मिला पूछताछ किया गया। तो एक ने अपना नाम राजेश दास पुत्र श्री गणेश दास निवासी तरदा बैकपाली कनकी थाना जिला कोरबा


बरामद रुपये के साथ मामले का खुलासा करते सीओ जीआरपी कुँवर प्रभात सिंह

छत्तीसगढ़ बताया है। कहा कि ये रुपये दिल्ली के आशीष अग्रवाल ने दिए है। जिसे दिल्ली से बस द्वारा पहले लखनऊ आए फिर बस द्वारा लखनऊ से प्रयागराज पहुचे। और फिर ट्रेन डीडीयू नगर स्टेशन से हावड़ा जाने के फिराक में थे इसके पास से एक ओपनर भी मिला है। जो रुपये लेनदेन करने का कोड बताता है। जीआरपी आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही कर रही है।

# चंदौली में जल्द होगी लाइब्रेरी व चिल्ड्रेन पार्क

**बोले रमेश जायसवाल**

**डीएम व प्रशासनिक अफसरों संग विधायक ने देखी जमीन**

**चंदौली।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल शनिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के साथ चंदौली नगर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर के सामने खाली पड़े सरकारी जमीन का निरीक्षण किया, जहां बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क व लाइब्रेरी निर्माण के बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही नगर से होकर गुजरे मुख्य नाले का निरीक्षण किया। साथ ही जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए सीवर का बंदोबस्त किए जाने को लेकर जायजा लिया।

विदित हो कि मुगलसराय विधायक ने आमजन की मांग को संज्ञान में लेते हुए बजट सत्र के दौरान विधानसभा में चंदौली नगर स्थित खाली पड़ी जमीन पर चिल्ड्रेन पार्क व लाइब्रेरी निर्माण की आवाज उठाई थी। इसके बाद शनिवार को डीएम चंदौली संग विधायक ने बाजार में खाली पड़ी सरकारी जमीन


चंदौली बाजार का निरीक्षण करते विधायक रमेश जायसवाल व डीएम।

का निरीक्षण किया और डीएम को प्रस्ताव बनाकर बजट के लिए शासन को प्रेषित करने की बात कही। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा विधायक व डीएम को जल निकासी की समस्या से अवगत कराया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य नाले की समुचित सफाई नहीं होने व उसे सकरा कर दिए जाने के कारण बरसात के मौसम में जल निकासी नहीं हो पाती है, जिससे स्थानीय लोग जलजमाव की समस्या का सामना करने को विवश है। नगरवासियों ने समस्या के निजात के लिए सीवर व्यवस्था की मांग की। विधायक व डीएम ने बाजार का भ्रमण कर जल्द सीवर की स्थापना की भरोसा दिया। कहा कि शासन से बजट आवंटित होते ही सीवर स्थापना का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम सदर दिग्विज प्रताप, जिला पंचायत सदस्य दिलीप सोनकर, तहसीलदार सतीश कुमार, लेखपाल हरिशरण प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### आम के बौर पर खर्रा व दहिया रोग लगने की संभावना



**नियामताबाद।** गर्मी का मौसम आते ही आम के पेड़ों पर बौर लगना प्रारंभ हो जाता है। आम को फलों का राजा भी कहा जाता है जिसमें दशहरी, लंगड़ा, चौसा, तोतापुरी का विशेष स्थान है। कृषि विशेषज्ञ एडीओ एजी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि फरवरी-मार्च के महीनों में आम के पेड़ों पर बौर लगने लगते हैं। इस समय कई तरह के कीट रोगों का प्रकोप भी बढ़ जाता है इसलिए समय रहते कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखकर इस नुकसान से बचा जा सकता है। मौसम में बदलाव के कारण कीट पतंगों की संख्या बढ़ जाती है। आम के बौर पर खर्रा या दहिया रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है। इनके साथ ही बाग में भुनगा और बौर का झुलसा रोग भी लग सकता है। क्योंकि तापमान बढ़ने के साथ ही इन्हें भी बढ़ने का वातावरण मिल जाता है। इन सब रोगों का ध्यान रखने पर आम की फसल अच्छी लगती है। जिससे अच्छी पैदावार होने की संभावना बनी रहती है।

### पुलिस ने हत्या के आरोपी को भेजा जेल

शहाबगंज। विशुनपुरा टैक्सी स्टैंड के पास से शनिवार को पुलिस ने परासी खुर्द ईट भट्टा पर बुधवार को मारपीट में हुए हत्या में आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। परासी खुर्द ईट भट्टे पर मारपीट सें गोरख राम की मौत हो गयी। जिसमें आरोपित मोनू कनौजिया पुत्र स्व० राजकुमार निवासी गांव दौलतपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को पुलिस ने विशुनपुरा टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी उप निरीक्षक आनन्द प्रजापति कांस्टेबल निलेश कुमार व नन्द कुमार ने किया।

### दबंग युवको ने दुकानदार के उपर किया हमला

**कंदवा।** थाना क्षेत्र के बहेरा मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात मनबढ़ युवको ने एक दुकानदार के उपर हमला कर दिया। घटना में जब दुकानदार चिल्लाने लगा तो आसपास के लोग मौके पर पहुच गये। वही मौका देख मनबढ़ युवक मौके से फरार हो गये। घर पहुचकर पीडित ने तत्काल घटना की सुचना पुलिस को दी। जानकारी के बाद युवको के निशानदेही पर उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थानाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रोशन बिन्द कोरमी शंकर बिन्द मंजित राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हमलावरो को गिरफ्तार करने की उठाई मांग

**डीडीयू नगर।** वरिष्ठ नागरिक मंच के नेताओं की बैठक स्थानीय शास्त्री पार्क में शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विगत दिनों समाजवादी नेता श्रीमती गार्गी पटेल पर हुए कातिलाना हमले की निंदा करते हुए हमलावर की गिरफ्तारी करने की मांग की गई। बैठक में शमीम मिल्की ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध रोकने की बात करते हैं। दूसरी तरफ अपराधियों द्वारा आए दिन लोगों पर हमले हो रहे हैं। उक्त अवसर पर हरवंश सिंह,इंद्रजीत शर्मा ,लक्ष्मण चौहान ,बाबू लाल यादव, सियाराम तिवारी, सुरेंद्र चौरसिया आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शमीम मिल्की ने किया तथा संचालन प्रोफेसर शिवराम चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र प्रसाद यादव ने किया।

### चिरईगांव में हुआ सुंदरराज महाराज का आगमन

**कंदवा।** क्षेत्र के चिरईगाँव में शनिवार की सुबह मा रेहना भगवती मंदिर पर स्वामी सुंदरराज यति महाराज का आगमन हुआ। वहां उपस्थित गांव व अपने शिष्यों को होली की शुभकामनाएं दी। माता रेहना भगवती का कृपा सदेव इस क्षेत्र पर पड़ती रहे ऐसी कामना माता से किये माता की दिव्यता व तेज का बखान अपने शिष्यो से चर्चा के मध्यम से किया। उनके स्वागत में गांव की महिलाएं पुरुष बच्चे माला लेकर सुबह से ही उत्साहित थे। उनके स्वागत मे संतविलास सिंह, उपेंद्र सिंह, संतोष सिंह, नागेंद्र यादव, बिल्लू सिंह, शिव बच्चन सिंह, विनोद गुप्ता, आकांक्षा सिंह, सीमा सिंह, सोनाली पांडेय, सरिता, पूनम, रीता, वंदना सिंह, वर्षा पलक सिंह आदि शामिल रहे।

### श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ आज

बबुरी । विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राम कथा समिति के तत्वाधान में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 मार्च से 20 मार्च तक किया गया है। कथा यज्ञ में कथावाचक दीदी साध्वी नीलम गायत्री चित्रकूट कथा प्रेमियों को नव दिन तक कथा रस का पान कराएंगी।

# स्वतंत्रता की स्वर्णिम शताब्दी की ओर बढ़ रहा भारत देश

**बोले सूर्यमुनी**

**विकसित भारत के निर्माण कालखंड पर की गयी चर्चा**

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के अभिभाषण पर शनिवार को सकलडीहा विधान सभा के विभिन्न शक्तिकेन्द्रों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत के निर्माण कालखंड पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके की गई।

सकलडीहा विधानसभा के शक्ति केंद्र मनिहरा, रानेपुर,अमडा सहित अन्य केन्द्रों पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन को वक्ताओं ने सम्बोधित किया। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि भाजपा


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी।

विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। मोदी योगी की सरकार में प्रतिदिन जनहित में कार्य किया जा रहा है। जो बजट पेश किया गया वह आजादी के अमृतकाल का स्वर्णिम बजट है। वही जिपंस अभय शंकर पांडेय ने कहा कि अमृत काल का यह 25 वर्ष का कालखंड स्वतंत्रता की स्वर्णिम शताब्दी और विकसित भारत के निर्माण का कालखंड है। यह काल हमारे सामने युग निर्माण का अवसर है। शत प्रतिशत सामर्थ्य के साथ हर क्षण कार्य करना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामसुन्दर चौहान, मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, अरूण मिश्रा, रामभरोश गुप्ता, जैनेंद्र धर दूबे,अभय पाठक, मुसाफिर प्रजापति,सतीश तिवारी, अमित सिंह, तारा प्रसाद सिंह,मनीष प्रजापति, मिंटू चौबे, रामकरण राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### युवती से जबरदस्ती दुराचार के आरोप में युवक गिरफ्तार

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक दलित युवती से दुराचार का आरोप में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपी को विभिन्न धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से खलबली मची है। होलिका के दिन के कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवती अपने घर के दरवाजे पर बैठी हुई थी। घर के परिजन होली की त्योहार को देखते हुए मार्केट में खरीदारी करने के लिये गये हुए थे। इसी बीच एक गांव का शादी सुदा युवक लड़की को घर पर अकेले बैठे देख मुंह दबाकर घर में जबरजस्ती ले गया। जहां उससे दुराचार किया। परिजन जब मार्केट से घर लौटे तो युवती ने आपबीती परिजनों से बताया। घटना को लेकर परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया था। सीओ राजेश कुमार के निर्देश पर आरोपी युवक को कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या क्षेत्रीय दरोगा महफूज अहमद और आरक्षी दिनेश की मदद से बथावर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि पकड़े गये आरोपी सूरज यादव को विभिन्न धारा में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय से जेल भेज दिया गया है।

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार वृद्धा की मौत


पीएम हाउस चंदौली पर परिजनों को ढांढस बंधाते मनोज सिंह काका।

**चंदौली।** जनपद के सकलडीहा थाना क्षेत्र के उकनी समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मां और पुत्र को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार वृद्ध महिला को गंभीर चोटें आई, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि आवाजापुर की किताबी देवी 60 वर्ष अपने पुत्र डब्लू यादव के साथ कहीं जा रही थी। इसी बीच उकनी गांव के समीप रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस घटना में जहां बाइक चला हा युवक बाल-बाल बच गया, वही मां को गंभीर चोट आई आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डा.संजय कुमार ने किताबी देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजकर आगे की कार्यवाही में जुट गयी। दूसरी ओर वृद्धा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी होने पर सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका पोस्टमार्टम हाउस पहुंच परिजनों को ढाढ़स बधाइयां और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान विपिन यादव बिक्कू, विजेंद्र यादव, बल्लू प्रधान, केपी यादव, मनीष यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# निकायों के निर्वाचक नामावलिओं का संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू

जनसंदेश न्यूज

**निर्देश**

**आवेदन कर मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं नगरवासी**

**चंदौली।** राज्य निर्वाचन आयोग के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे ने सभी नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कराए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन तिथि भी निर्धारित कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी. फुंडे के आदेशानुसार जिले में 10 मार्च को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन हुआ। वहीं 11 से 17 मार्च को ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण व दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

जबकि 18 से 22 मार्च को दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 23 से 31 मार्च तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के बाद पूरक सूचियों की पांडुलिपियों की तैयारी और उन्हें पूरक सूची में समाहित किया जाए। इसके अतिरिक्त एक अप्रैल को जनसामान्य के लिए अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता अपना नाम सूची में शामिल कराने के लिए 11 से 17 मार्च तक आयोग के वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दूसरी तरफ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष या अधिक आयु के अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्वाचक नामावली के किसी प्रविष्टि में संशोधन एवं विलोपन के लिए दावे एवं आपत्तियां की जा सकती है। ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली वर्ष 2022 के आधार पर तैयार की गई है।

### नायब तहसीलदार ने नौगढ़ थानाध्यक्ष की एसडीएम व एसपी से की शिकायत

**नौगढ़।** नायब तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ने बिते मंगलवार को एक ओवरलोड गिट्टी लदी ट्रक को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया था। नौगढ़ थानाध्यक्ष ने डेढ लाख रुपये की बिना राजस्व वसुली किये ही वाहन को अवमुक्त कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर नायब तहसीलदार ने उपजिलाधिकारी व एसपी से थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्यवाही करने का मांग किया है। नायब तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ने बताया कि होलिका दहन के दिन क्षेत्र भ्रमण के दौरान नौगढ़ मद्धुपुर मार्ग पर अनियंत्रित गति से आ रही ओवरलोड गिट्टी लदी ट्रक संख्या यू पी 65 बी टी 5480 को रोककर जांच किया गया तो खनिज विभाग से जारी कोई भी कागजात नहीं मिला। साथ ही चालक घनश्याम निवासी चैनपुर कैमूर जो कि शराब के नशे में काफी धूत रहा। वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस को सुपुर्द कर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया लेकिन थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति बिना किसी कार्यवाही के ही वाहन को अवमुक्त कर दिया। नायब तहसीलदार ने थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्यवाही के लिए एसपी चन्दौली व उपजिलाधिकारी नौगढ़ को सूचित किया गया है।

# धूमधाम से मना सैयद हामिद रजा शाह का सालाना उर्स

**सैयदराजा।** नगर के सैय्यद नगर स्थित हजरत सैयद हामिद रजा शाह रहमतुल्लाह अलैह का 157वां सालाना उर्स शुक्रवार की देर शाम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह कुरान ख्वानी हुई। इसके बाद मसलहुद्दीन वारसी के आवास से कव्वालों के साथ चादर उठकर पूरे कस्बे में घूमता हुआ। पुनः उनके आवास पहुंचकर चादर-गागर के साथ कव्वाल दरगाह शरीफ पर पहुंचे। जहां गुसल के पश्चात चादर पेश किया गया। दरगाह शरीफ पर आए हुए अतिथियों को कमेटी के लोगों द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत सैयदराजा सैयद हामिद रजा रहमतुल्लाह अलैह की बसाई हुई बस्ती है उनके नाम से इस कस्बे का नाम पड़ा। हर वर्ष होने वाले उर्स के मौके पर हिंदू मुस्लिम एकता आपसी भाईचारा व प्रेम देखने को मिलता है। जो आज तक कायम है। रात्रि में हाजी ताहिर चिश्ती बरेली शरीफ अलीगढ़ के गुलाम हबीब पेंटर कव्वालों के बीच शानदार मुकाबला


सैयदराजा में उर्स के मौके पर कव्वाली प्रस्तुत करते कव्वाल।

हुआ। जहां दोनों कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। हाजी ताहिर कव्वाल ने कहा कि ऐसी फिजा बनाओ देशवासियों हिंदू का घर जले तो मुसलमान रो पड़े हिंदुस्तान जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद, कलाम को लोगों ने खूब सराहा। कव्वाली का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। पूरी रात दरगाह पर आने वाले जायरीनों का तांता लगा रहा। हबीब पेंटर कव्वाल ने कलाम पेश करते हुए कहा कि दाना दाना मेरे हुसैन का है दिल दीवाना मेरे हुसैन का है। जिसके सदके में कायनात बनी ऐसा नाना मेरे हुसैन का है। जिसके सदके में बक्शे जाएंगे। ऐसा नाना मेरे हुसैन का है यह जो काबा है तुम ना समझोगे घर बुलाना मेरे हुसैन का है। इस कलाम को सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, आनंद बिहारी केशरी, नाग वर्मा, नामवर प्रसाद, विभव कुमार (बिट्टू), ताज अंसारी, सगीर अहमद, नसीम अंसारी, गुलाम गौस, नथुनी राइन, नौशाद सिद्दीकी, अफरोज हाशमी, शेख हमीद, सुशील शर्मा, बाबू सिद्दीकी, मुगल अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# बहादुरपुर में धूमधाम से मना बाबा भोले शहीद का उर्स

जनसंदेश न्यूज

**पड़ाव।** बाबा भोले शहीद का उर्स शुक्रवार की रात धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बहादुरपुर आईसीसी ग्राउंड स्थित बाबा भोले शहीद के दरगाह पर मुस्लिम महिला-पुरुषों के अलावा हिंदू समुदाय के लोगों ने बाबा भोले शहीद की दरगाह पर चादर गागर पेश किया। दरगाह उर्स कमेटी के मिनजानिब नूर मोहम्मद ने बताया कि बाबा भोले शहीद एक सूफी संत के रूप में बनारस जिले से सटे बहादुरपुर गांव में मानवता अमन का पैगाम लेकर आए थे।

बताया कि सूफी संतों का संदेश मानवता पर आधारित होता है। बाबा भोले शहीद इसी मानवता और अमन व चैन के दूत थे। उनका मिशन दुनिया में इंसानियत को बढ़ावा देना था। दुनिया में ईश्वर ने इंसान को बनाया। बाबा भोले शहीद जैसे सूफी संत दुनिया भर में इंसानियत का पैगाम पहुंचाने के लिए कार्य करते आ रहे


बाबा भोले शहीद के उर्स कार्यक्रम में शामिल मुस्लिम बंधु।

हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ह्लउनका जो फर्ज है अहले सियासत जाने, मेरा पैगाम मोहब्बत है जहां तक पहुंचे। उर्स मेले के मौके पर मुख्य अतिथि औसाफ अहमद जेरे सरपरस्त बाबा अबरार अली शाह के देखरेख में किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बहादुरपुर मेराज अहमद, जैनुल आब्दीन, शारिक अख्तर, इरशाद, साजिद, हाजी सुफियान सोहेब, शिबू, उस्मान, टीपू, शिबू हाजी आदि मौजूद रहे। बनारस से आए कव्वाल अनवार अशर्फी एवं लल्लापुरा से आए अजमत साबरी ने बाबा भोले शहीद के सदके में कव्वाली पेश किया।

## केसरवानी वैश्य सभा की बैठक सम्पन्न

**पीडीडीयू नगर।** केशरवानी वैश्य सभा की बैठक संदीप केसरी के प्रतिष्ठान पर शनिवार को संपन्न हुई। जिसमें गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने व समाज का उत्थान कैसे हो इसके लिए विचार विमर्श किया गया।

बैठक में केशरवानी वैश्य सभा के लोगों ने अपना अपना विचार व्यक्त करते हुए सोमवार 3 अप्रैल को मुगलसराय स्थित केसरी नंदन उत्सव वाटिका में होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। इस दौरान अशोक कुमार केसरवानी संदीप केशरी, रामप्रकाश केशरी, मुन्ना साव केशरी, रामनिवास केशरी,नवीन केशरी,शिव प्रसाद केशरी, एडवोकेट सत्य प्रकाश केशरी सत्तू, कोमल केशरी, आशीष केशरी, शिवपूजन केशरी, रामजन्म केशरी आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता श्रीकांत गुप्ता व संचालन अशोक सिद्धार्थ केसरवानी ने किया।

# पक्की पैमाइश के प्रकरण में शिथिलता ना बरतें कर्मचारी

**चंदौली।** जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे व अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना-बबुरी तथा अलीनगर में फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को सुना। साथ ही निर्धारित समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों एवं थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील एवं थाना से शिकायतों को चिन्हित कर टीम गठित करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण हो। जिलाधिकारी ने शिकायत पंजिका का अवलोकन किया।

साथ ही पुराने पंजीकृत प्रार्थना पत्रों की प्रकरणों में गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पक्की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्रों में शिथिलता न बरतें, प्रकरण की गंभीरता व निष्पक्षता से कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें।

साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व कर्मियों द्वारा पक्की पैमाइश करने के बावजूद भी विवाद उत्पन्न हो रहा है तो व्यवधान उत्पन्न करने वाले के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश राजस्व कर्मियों को दिये। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 01 प्रकरण का निस्तारण किया गया साथ ही शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की तत्काल टीम बनाकर निस्तारण हेतु निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान थाना प्रभारी सहित अन्य राजस्व व पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


बबुरी थाने में फरियाद सुनते डीएम व एएसपी।

### पांच प्रार्थना पत्र में दो हुआ निस्तारण

**चंदौली।** सदर कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 5 प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस दौरान सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से हो जाना चाहिए। सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक लोगों का समस्याओं का समाधान किया जा सके इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए, जो भी प्रार्थना पत्र पड़े हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी समय से करें, ताकि जनता को राहत मिल सके। इस दौरान सीओ सदर रामवीर सिंह, सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## फॉरवर्ड नेमार के टखने की सर्जरी रही सफल, कहा- प्रोटोकॉल का करूंगा पालन

**पैरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) फुटबॉल क्लब के ब्राजील फॉरवर्ड नेमार के दाहिने टखने की सर्जरी सफल रही है। पीएसजी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। लीग-1 के इस सीजन में 13 गोल और 11 असिस्ट कर चुके नेमार चोट के कारण पीएसजी के पिछले तीन मैचों से बाहर रहे हैं। बीते माह लिले ओएससी के खिलाफ मैच में नेमार के टखने में चोट लग गई थी और उन्हें मैदान से बाहर स्ट्रेचर पर ले जाया गया था। पिछले मैच में पीएसजी ने लिले एफसी को 4-3 से हराया था। पीएसजी ने अपने बयान में कहा, नेमार जूनियर का आज सुबह दोहा के असपेटर अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। वह अब आराम और उपचार के प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। नेमार के मैदान पर लौटने के संबंध में क्लब ने कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले पीएसजी कह चुका है कि नेमार चोट के कारण पूरे सीजन में नहीं खेल सकेंगे।



# आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे दिन का खेल खत्म, शुभमन गिल का शतक

## चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 289 रन बनाए, विराट कोहली ने जड़ी फिफ्टी

**अहमदाबाद।** भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज (बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ) का चौथा मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 480 रन बनाए।

जवाब में भारतीय टीम ने तीसरे दिन (11 मार्च) बिना विकेट गंवाए 36 रन से आगे खेलना शुरू किया। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की परिपक्वता से भरी शतकीय पारी और विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 289 रन बनाए। सभी प्रारूपों में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे




गिल ने अंतिम एकादश में केएल राहुल पर प्राथमिकता दिए जाने को सही साबित करते हुए 235 गेंदों पर 128 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में दूसरा शतक और सर्वोच्च स्कोर है। गिल ने कप्तान रोहित शर्मा (58 गेंदों पर 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 74, चेतेश्वर पुजारा (121 गेंदों पर 42 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन और विराट कोहली (128 गेंदों पर नाबाद 59 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। भारत अभी ऑस्ट्रेलिया से 191 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 480 रन बनाए थे। कोहली के साथ दूसरे छोर पर रविंद्र जडेजा खड़े हैं जिन्होंने 54 गेंदों पर 16 रन बनाए हैं। इन दोनों ने अब तक 20 से अधिक ओवरों में 44 रन जोड़े हैं।

भारत ने पहले सत्र में 93 रन जोड़े लेकिन दूसरे सत्र में उसने केवल 59 रन बनाए क्योंकि गेंद पुरानी होने के साथ उस पर स्ट्रोक खेलना मुश्किल हो रहा है। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया ने 94 ओवर के बाद नई गेंद ली। भारत ने तीसरे सत्र में 101 रन बनाए लेकिन दिन के अंतिम घंटे में उसने बेहद धीमी बल्लेबाजी की। गिल को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को खेलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। वह 70 रन के पार पहुंचने के बाद जरूर कुछ समय के लिए धीमे पड़ गए थे लेकिन जल्द ही वह अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलने लग गए।

उन्होंने पहले नाथन लियोन पर उनके सिर के ऊपर से चौका जड़ा और फिर पैडल स्कूप से अपना शतक पूरा किया। भारत ने सुबह बिना किसी नुकसान के 36 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में रोहित का विकेट खोया जिन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर बड़ा स्कोर बनाने का सुनहरा मौका गंवाया। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहेनमन ने आउट किया। रोहित अच्छे प्रवाह में बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने मिशेल स्टार्क पर पुल कर-के छक्का भी लगाया था। वह कुहेनमन की जिस गेंद पर आउट हुए वह विकेट लेने वाली गेंद नहीं थी।

यह शॉर्ट पिच गेंद थी जिसे रोहित मैदान के किसी भी भाग में खेल सकते थे लेकिन उन्होंने इसे बैकफुट पर जाकर खेला और शार्ट एक्स्ट्रा कवर पर खड़े मार्नस लाबुशेन को कैच दे दिया। पुजारा भी बड़ी पारी खेलने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन वह फिर से अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पाए। चाय के विश्राम से ठीक पहले टॉड मरफी ने उन्हें पगबाधा आउट करके ऑस्ट्रेलिया को दूसरी सफलता दिलाई। पुजारा ने डीआरएस का सहारा भी लिया लेकिन यह भी उनके काम नहीं आया। गिल ने चाय के विश्राम के बाद अपना चला सर्वश्रेष्ठ स्कोर (110 रन) को पीछे छोड़ा लेकिन इसके बाद वह पांव में ऐंठन से भी परेशान रहे। ऐसे में लियोन की नीची रहती गेंद बैकफुट पर उनके पैड से टकराई और पगबाधा की अपील पर अंपायर ने तुरंत उंगली उठा दी। गिल ने इसके बावजूद तीसरे अंपायर का सहारा लिया लेकिन उन्होंने भी पुजारा की तरह रिव्यू बर्बाद ही किया। ऑस्ट्रेलिया ने भी दो रिव्यू बेकार गंवाए। इनमें से रविंद्र जडेजा के खिलाफ मरफी की पगबाधा की अपील पर साफ लग रहा था कि गेंद ने पैड पर टकराने से पहले बल्ले का किनारा लिया है। कोहली ने स्टार्क पर दो दर्शनीय चौके लगाए लेकिन पुरानी गेंद से स्पिनरों का सामना करते हुए उन्होंने भी रक्षात्मक रवैया अपनाया। कोहली ने 107 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

## बॉलीवुड न्यूज

### डेविड सैंडबर्ग ने 'शजाम' के बाद की शानदार वापसी



**इंदौर।** बिल्कुल नए एपिक एडवेंचर 'शजाम! फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' में जैकरी लिवाय, शजाम के रूप में सुपरचार्ज्ड वापसी कर रहे हैं। शजाम अप्रासंगिक, ईमानदार, बुद्धिमान किशोर अवस्था वाला डीसी सुपर हीरो है, जिसे शजामिली के साथ अपनी असाधारण महाशक्तियों का उपयोग करते हुए एटलस की बेटियों का डटकर सामना करते हुए देखा जाएगा। डेविड सैंडबर्ग ने 'शजाम' के बाद, एक बार फिर कहानी और किरदारों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए शानदार वापसी की है। सीक्वल के बारे में बात करते हुए, सैंडबर्ग कहते हैं, शजाम! के अंत में हमने सुपरहीरो के पूरे परिवार का परिचय देने का प्रयास किया था, लेकिन यह सिर्फ एक झलक थी। मेरे लिए इस फिल्म में सबसे रोमांचक चीजों में से एक यह थी कि किशोरों के रूप में वे कैसे रहते हैं और सुपरहीरोज के रूप में एक मुट्ठी बनकर कैसे काम करते हैं। लेकिन जरुरी नहीं है कि यह सोच हर बार आपकी उम्मीदों पर खरी उतरे। शजाम की तरह ही, वे सब भी एक-दूसरे की तुलना में दिल से युवा हैं, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं उन सभी में बचपना है। शजामिली की डायनेमिक शिफ्टिंग ही एकमात्र नया ट्विस्ट नहीं है। एपिक में ग्रीक गॉड्स को लाना भी बहुत रोमांचक रहा है, जो यह जानना चाहते हैं कि शजाम को अद्भुत शक्तियाँ कहाँ से मिलीं। साथ ही कुछ खतरनाक विरोधी भी हैं, जो इस बात से खुश नहीं हैं कि उसके पास ये अद्भुत शक्तियाँ हैं। यह ट्विस्ट देवताओं और सुपरहीरो के बीच एक बड़ी जंग के लिए काफी सम्भावनाएँ पैदा करता है। जैकरी लिवाय (थोरः रग्नारोक) शाजम के रूप में; एशर एंजल (एंडी मैक) बिली बैट्सन के रूप में; जैक डायलन ग्रेजर (आईटी चैप्टर टू) फ्रेडी फ्रीमैन के रूप में; एडम ब्रॉडी (प्रॉमिसिंग यंग वुमन) सुपर हीरो के रूप में; राहेल जेगलर (वेस्ट साइड स्टोरी); लुसी लियू (कुंग फू पांडा फ्रैंचाइजी) और हेलेन मिरेन (एफ 9ः द फास्ट सागा) अभिनय कर रहे हैं। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स, 'शजाम! फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' को 17 मार्च, 2023 को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में पूरे भारत में रिलीज करने के लिए तैयार है।

# राजस्व से जुड़ी समस्या का समाधान करें अधिकारी



समाधान दिवस पर फरियाद सुनने के लिये बैठ एसडीएम और सीओ।

**सकलडीहा।** शनिवार को एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय के नेतृत्व में राजस्व संबंधी चार प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें एक का ही निस्तारण हो पाया। शेष फरियादी प्रार्थना पत्र देकर लौट गये। शासन की ओर से लगातार राजस्व के मामलों का निपटारा गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश है। इसके बाद भी राजस्व कर्मियों की गोलमटोल रिपोर्ट व कोरमपूर्ति के कारण समस्या बरकरार है। एसडीएम मनोज पाठक ने राजस्व कर्मी और राजस्व निरीक्षकों को हिदायत देते हुए समाधान दिवस पर पड़ने वाली समस्याओं का कोरमपूर्ति करने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया। चार प्रार्थना पत्रों में तत्परता दिखाते हुए राजस्व कर्मियों ने एक शिकायत का निस्तारण किया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या, मोहन प्रसाद, राजस्व निरीक्षक गयासुद्दीन, रश्मि गुप्ता, पूजा राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देश के बावजूद बनवासियों को नही मिला आशियाना

**सकलडीहा।** तत्कालीन जिलाधिकारी ईशा दूहन की निर्देश के बाद भी टिमिलपुर बनवासी बस्ती के ग्रामीणों को पीएम आवास मुहैया नही हो पाया। जिसे लेकर आज भी सड़क के किनारे खाना बदोश की जिंदगी जीने के लिये मजबूर है। जबकि एसडीएम मनोज पाठक और बीडीओ अरूण कुमार पांडेय बनवासी बस्ती पहुंचकर आवास और भूमि आवंटन करने का आश्वासन दिया था।

टिमिलपुर गांव में दर्जनों वनवासी वर्षो से सड़क के किनारे बसे हुए है। पूर्व में कई बनवासियों को इंदिरा आवास मुहैया हुआ था। लेकिन कई परिवार आज भी मिट्टी की रिहायसी झोपड़ी में रहने को मजबूर है। डाला छठ पर्व से पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी ईशा दुहन टिमिलपुर शिव सरोवर का निरीक्षण के दौरान बनवासी महिलाओ को आवास मुहैया कराने का निर्देश दिया था। एसडीएम और बीडीओ बनवासी बस्ती पहुँचकर भूमि आवंटन के साथ आवास दिलाने का भरोशा दिया था।

महीनों बाद भी आवंटन तो दूर आवास मुहैया नही होने पर गरीब परिवार के सामने मुसीबत खड़ा होगया है। वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि ग्राम सभा की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा होने से आवास आवंटन की प्रक्रिया में समस्या खड़ी होगयी है। शिकायत के बाद भी अधिकारी मौन है। उधर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि आवास के लिये लाभार्थियों की जांच करायी गयी है। उचित भूमि उपलब्ध होने पर आवास सूची में नाम डाला जायेगा।

# बुलंदशहर के लिए रवाना हुई मौनी बाबा की पालकी



मौनी बाबा की पालकी के साथ सद्भावना यात्रा में शामिल भक्तगण।

**चंदौली।** मौनी बाबा की पालकी एवं रथ लेकर भक्त शनिवार को रवाना हुए। उक्त रथ मौनी बाबा की जन्मभूमि कोड़रिया से निकलकर चंदौली होते हुए अपने पड़ाव के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सद्भावना यात्रा में शामिल भक्तगण पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ रथ और पालकी को लेकर बुलंदशहर के लिए रवाना हुए। इस बीच जगह-जगह मौनी बाबा के भक्तों ने पालकी व रथयात्रा का स्वागत पुष्प अर्पित कर किया। पालकी एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बुलंदशहर खेड़ा के राकेश शर्मा, साधु संतो व भक्तों के साथ किया। जिसमें रामविर जठपूरा बुलंदशहर, वेद प्रकाश चौबे सूरतापूर खेड़ा बुलंदशहर, दीपेश सूरतापूर खेड़ा बुलंदशहर आदि का योगदान रहा। चन्दौली आश्रम पर स्वागत करन वालों में सदानंद बाबा, ओपी सिंह, अनिल सिंह, मुन्ना सिंह, मुट्ठन सिंहं, केसी सिंह आदि शामिल रहे।

# पुल पर लगा जाम यात्री रहे परेशान



**दोहरीघाट, मऊ।** सरयू नदी के पुल से लेकर इब्राहिमाबाद तक आठ घंटे जाम लगा रहा। पुलिस प्रशासन पूरे दिन जाम छुड़ाने में लगा रहा।

निरंतर जाम लगने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूर-दराज से आने जाने वाले यात्रियों को जाम में फसने से उनकी यात्रा में काफी परेशानी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि फोरलेन पुल का निर्माण जब तक नहीं होगा, तब तक दोहरीघाट में जाम की समस्या बनी रहेगी। उक्त संबंध में जब थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह से वार्ता किया उन्होंने कहा के पुलिस के जवान सरयू नदी पुल से लेकर विक्ट्री इंटर कॉलेज तक लगाए गए हैं। लगन होने से गोरखपुर जाने वाले सभी गाड़ियों को सरयू नदी के पुल को पार करना पड़ता है। कई जनपदों का वाहन इसी पुल से गुजरता है। जब बड़हलगंज देवरिया रोड पर जाम होने से पुल पर भी जाम लग जाता है। जाम को हटाने में पुलिस के जवान लगे रहे।

# रूरल हाट बाजार व खेल मैदान का डीएम ने किया लोकार्पण

**शुभारंभ**

### 9 रूरल हाट बाजारों में से 2 का निर्माण कार्य हुआ पूर्ण, शेष का निर्माण अपने अंतिम चरण में



**मऊ।** षनिवार को डीएम अरुण कुमार द्वारा विकासखंड फतेहपुर मंडाव के अंतर्गत मनरेगा के तहत नवनिर्मित ग्राम पंचायत फूलपुर में रूरल हाट बाजार एवम् ढिलई फिरोजपुर में खेल मैदान का लोकार्पण किया गया। जिला प्रशासन के प्रयासों एवं नवाचार से मनरेगा के तहत जनपद के प्रत्येक विकास खंडों में खेल के मैदान एवं ग्रामीण हाट बाजार का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पहल से मानव दिवस के सृजन के साथ ही स्वरोजगार एवं ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा भी मिलेगा। इस दौरान डीसी मनरेगा ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत विकासखंड फतेहपुर मंडाव के अंतर्गत ग्राम पंचायत फूलपुर में ग्रामीण हाट बाजार का निर्माण कराया गया है, जिसमें दो चबूतरा, एक कार्यालय, एक हैंडपंप सहित अन्य आवश्यक चीजों का निर्माण शामिल है। इस रूरल हाट बाजार के निर्माण की अनुमानित लागत 17.95 लाख रुपए है। इसका निर्माण कार्य 29 जनवरी 2023 को प्रारंभ किया गया था। उन्होंने बताया कि इस ग्रामीण हाट बाजार में चबूतरो को 26 दुकानदारों को आवंटन किया जाएगा, जिससे आसपास के लोगों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा, साथ ही ग्रामीण हाट बाजार के निर्माण से आस-पास के 6 से 7 गांव के लोगों को इसका लाभ होगा। उन्होंने बताया कि सप्ताह के 2 दिन सोमवार एवं शुक्रवार को यहां बाजार लगाई जाएगी। इस वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित 9 रूरल हाट बाजारों के निर्माण के सापेक्ष दो विकास खंडों में रूरल हाट बाजार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष सात विकास खंडों में निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है। सभी 9 रूरल हाट बाजारों के निर्माण से लगभग 13500 मानव दिवस का सृजन भी होगा। डीएम ने दुकानों का आवंटन कर उचित किराया भी निर्धारित करने को कहा जिससे भविष्य में रूरल हॉट बाजार के मरम्मत एवम् अन्य आवश्यक कार्य संपादित किए जा सके। डीएम द्वारा विकासखंड फतेहपुर मंडाव के अंतर्गत ही ग्राम पंचायत ढ़िलई फिरोजपुर में खेल मैदान का भी लोकार्पण किया गया। यहां पर ओपन जिम के अलावा बालीबाल कोर्ट, सेल्फी प्वाइंट, बाउंड्री वॉल के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य के साथ ही अन्य खेलों के लिए खुले मैदान की भी व्यवस्था है। जनपद के गांवों में खेल के मैदान के निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा कुल 32 गांवो में खेल के मैदान का निर्माण कराया जा रहा है, जिनमें 16 खेल के मैदान पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। डीएम ने डीसी मनरेगा को आगामी वित्तीय वर्ष हेतु नए रूरल हाट बाजार एवं खेल के मैदानों के लिए जमीन के चिन्हांकन के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के अलावा उप डीएम मधुबन, डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, खंड विकास अधिकारी फतहपुर मंडाव सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपा, सपा एवं बसपा से कौन होगा प्रत्याशी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** आगामी निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के चयन को लेकर चर्चाएं होने लगी है। हालांकि, अभी राजनीतिक दल आरक्षण का इंतजार कर रहे है। संभावना यह है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह अथवा मई के प्रथम सप्ताह में निकाय चुनाव होगा। 2022 में बलिया नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित था, लेकिन मामला कोर्ट में चले जाने से चुनाव नहीं हो सका। अब लोगों को नये आरक्षण का इंतजार है। वैसे, सबसे अधिक दावेदार भाजपा से है। इसके अलावा सपा एवं बसपा से भी कई दावेदार टिकट की मांग कर रहे है। बलिया नगर पालिका परिषद के अंतर्गत कुल 25 वार्ड है। इन वार्डों में सभासद पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार लोगों से संपर्क साध रहे है। वहीं, चेयरमैन पद के लिए चुनाव लड़ने वाले इच्छुक दावेदार जनसंपर्क कर अपना टेम्पो हाई करने में लगे हुए है। उनका दावा है कि हम आमजन के सुख-दुःख में हमेशा खड़े रहते है। जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से बात करके उसका समाधान कराते है। खैर जो भी हो, लेकिन निकाय चुनाव को लेकर चर्चाएं होने लगी है।

**निकाय चुनाव**

### नये आरक्षण का इंतजार कर रहे राजनीतिक दल

### 25 सालों में नहीं खिला कमल

**बलिया।** बलिया नगर पालिका परिषद में 25 सालों से कमल नहीं खिला है। यहां कभी सपा तो कभी बसपा समर्थित चेयरमैन रहे। 1989 में पहली बार जवाहर प्रसाद भाजपा से चेयरमैन बने। इसके बाद 1995 में हरेराम चौधरी भाजपा से चेयरमैन बने। 2000 में लक्ष्मण गुप्ता, 2007 में संजय उपाध्याय, 2012 में साधना गुप्ता, 2017 में अजय कुमार समाजसेवी चेयरमैन चुने गये। अब देखना यह होगा कि आगामी निकाय चुनाव में किस दल का चेयरमैन होता है।

- ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावा/आपत्तियां प्राप्त करने का समय 11 से 17 मार्च तक
- दावा/आपत्तियों का निस्तारण 18 से 22 मार्च तक।
- दावा/आपत्तियों का निस्तारण के उपरांत 23 से 31 मार्च तक पूरक सूचियों की पांडुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची को एक में समाहित करना।
- एक अप्रैल को अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों को जन सामान्य के लिए प्रकाशन।

### चार चेयरमैनों को जीताना होगी चुनौती

**बलिया।** बांसडीह विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कुल चार नगर पंचायतों में भाजपा का कमल कैसे खिलेगा? इसको लेकर विधायक केतकी सिंह काफी गंभीर है। आगामी निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की तरफ से तैयारियां चल रही है। चर्चा है कि बांसडीह की विधायक केतकी सिंह नगर पंचायत बांसडीह, सहतवार, रेवती एवं मनियर में बेहतर प्रत्याशी उतारने की जुगत में है। वैसे, जिले में कुल सात विधान सभा है। 10 नगर पंचायत एवं दो नगर पालिका है। सबसे ज्यादा नगर पंचायत बांसडीह विधान सभा क्षेत्र में है। बलिया नगर विस में एक, फेफना में दो, सिकंदरपुर में एक, बेल्थरारोड में दो, रसड़ा में एक, बैरिया में एक नगर पंचायत एवं नगर पालिका है। ऐसे में बांसडीह विधान सभा क्षेत्र के चारो नगर पंचायतों में सबकी निगाह टिकी हुई है। भाजपा के अंदरखाने में कार्यकर्ताओं से भी राय ली जा रही है। सभी मंडल प्रभारी, बूथ प्रभारी से भी राय लिया जा रहा है।

# नगर पंचायत की सभी वाटर कूलर मशीनें बंद



**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए नगर के 11 वार्डों में 10 वाटर कूलर मशीन फरवरी 2017 में लगाई गई थीं प्रत्येक मसीन की कीमत 2 लाख 30 हजार थी। आलम यह है कि सभी मशीने बंद हैं। बीते वर्ष से ही भीषण गर्मी ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए है। इस बार भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। शासन द्वारा भीषण गर्मी से को लेकर उपाय किये जा रहे है।

कस्बे में बाजार करने दूरदराज क्षेत्रों से सफर करने वाले राहगीरों के लिए भीषण गर्मी में पानी ना मिलने से लोग इधर-उधर भटकते हैं। गमी के मौसम को देखते हुए अभी तक सभी वाटर कूलरों की मरम्मत कर चालू कर देने चाहिए लेकिन नगर पंचायत दोहरीघाट की विडम्बना है कि अभी तक वाटर कूलर चालू हालत में नही है। कस्बे के श्री प्रकाश सोनकर मनोज जायसवाल नंदलाल मद्धेशिया अमित आदि के बताया की वाटर कूलर मशीने बंद होने से भीषण गर्मी में कस्बे सहित ग्रामीण लोगो पानी पीने की दिक्कत होती हैं लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत की लेकिन अभी तक मशीनें चालू नहीं हुई जब इस संबंध में ईओ संजय कुमार जैसवार ने बताया कि सभी वाटर कूलरों की सूची तैयार कर जल्द ही मरम्मत के बाद चालू करा दिया जाएगा।

**आश्वासन**

### सर्वे करके सभी वाटर कूलरों की मरम्मत कर चालू करा दिया जाएगा- ईओ संजय कुमार

### तीन सूत्री मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों ने अध्यक्ष सुखदेव के नेतृत्व में धनघटा के भाजपा विधायक गणेश चैहान को 3 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा और गगनभेदी नारों के साथ उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार गांव के गरीब, किसान, दलित, शोषित, वंचित, मजदूर और सफाई कर्मियों की हितेषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मैं सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सम्मान दिया उसका विश्व में प्रशंसा हो रहा है। योगी और मोदी सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव कार्य करते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की नीत जन कल्याणकारी योजना आदि की चर्चा किया। उक्त अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू गुप्ता, सुखदेव, रामदेव प्रसाद, रामानंद, अश्वनी कुमार, रामप्रताप, मोहम्मद उमर, अरविंद कुमार, कुसुमलता, लक्ष्मी देवी, शैलेंद्र, रीता देवी, संगीता चैहान, उषा देवी, रामविलास, हरिंदर, अजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं



**मधुबन, मऊ।** रामपुर थाना परिसर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन। शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के सयुक्त नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डुमरी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान सुदामा यादव ने पानी टँकी का निर्माण कार्य जो बंजर भूमि पर कार्य कराया जाने को लेकर नीव खोद दी गई। मटेरियल भी गिर गया। उसके बाद कार्य गांव के ही अजय मिश्र द्वारा कार्य को रोक दिए जाने के मामले को लेकर जिलाधिकारी के सामने प्राथना पत्र दिया गया।

जिसमें जिलाधिकारी ने उसको तिरन्त मौके पर जाकर मामले के निस्तारण के लिये उपजिलाधिकारी मनोज कुमार तिवारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर सीओ अभय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष लालबहादुर प्रसाद, लेखपाल अविनाश चंद, गौतम गुप्ता सहित अन्य राजस्व व अन्य पुलिसकर्मि मौजूद रहे।

# 246 जोड़ों ने लिए सात फेरे, 3 का हुआ निकाह

**नेक कार्य**

### रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



नवविवाहित जोड़े को प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के विवेकानंद इंटर कॉलेज के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को किया गया। जिसमें 251 जोड़ों का विवाह होना था जिसमें 246 जोड़े विवाह बंधन में बंध सके थे। इनमें 3 जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह कराया गया। जबकि बाकी जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज से पंडित शशीधर मिश्र आचार्य पुरोहित समेत तीन ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह बंधन में बांधा गया। सामूहिक विवाह योजना के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य पंडाल में ही मौके पर किया जा रहा था।

नगर के रामलीला मैदान में शनिवार की सुबह से ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तैयारी चल रही थी। सामूहिक विवाह समाज कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मछलीशहर के सांसद बीपी सरोज ने किया। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान तहसील क्षेत्र के इटाएं गांव से मुस्लिम बेटी शहनाज बानो के साथ बसनी वाराणसी से आए वारिस अली एवं मुस्कान मधुपुर मुंगराबादशाहपुर के साथ गुलाम अली पीठपुर जनपद बस्ती एवं मुस्कान सुजानगंज के साथ सोनू खान निवासी बाहरपुर सुजानगंज का निकाह शेख अनवारूल हक ने मुस्लिम रीति रिवाज से कराया। इसके अलावा बरसठी, रामनगर, मड़ियाहूं, रामपुर विकास खंड के दर्जनों गांव के करीब 246 दूल्हा एवं दुल्हन विवाह बंधन में बंधे। विवाह के बाद दुल्हनों को विदाई के रूप में सूटकेस, नाक कील, पायल, बिछिया, चूड़ीकेश, कपड़ा के अलावा 35 हजार खाते में भेजा गया।

टोटल 51 हजार का सामान प्रत्येक जोड़ों में वितरित किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अपना दल एस के विधायक आरके पटेल एवं भाजपा मछलीशहर जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ पप्पू पंडित, राज कृष्ण शर्मा, अजय मिश्रा, भैया राम पटेल के अलावा रामपुर विकास खंड अधिकारी रिचा सिंह, उप जिलाधिकारी लाल बहादुर, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शशि शेखर, परियोजना निदेशक राकेश त्रिपाठी, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार समेत कोतवाली प्रभारी ओम नारायण सिंह मौजूद रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शशि शेखर सिंह ने बताया कि अभी तक 246 लोगों का विवाह संपन्न कराया गया है किन्ही कारणों से 5 जोड़े पहुंच नहीं पाए थे।

# स्वयंसेवक सेविकाओं ने जागरूकता रैली निकालकर किया जागरूक



रैली निकालकर जागरूक करते स्वयं सेवक

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** इस सृष्टि में हर प्राणी के जीवन का आधार जल ही है। यदि समय रहते इस अमृत रूपी जल को संरक्षित नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सृष्टि का विनाश तय है।

उक्त बातें सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय के एनएसएस छात्र छात्राओं के शिविर के द्वितीय दिन बघंद्रा गांव में एनएसएस छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली को संबोधित करते हुए प्राचार्या रूबी राय ने कही। शिविर में कुल 50 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। एक रैली निकालकर जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. रूबी राय, संरक्षक राहुल सिंह, ग्राम प्रधान नीरज यादव तथा छात्र नेहा प्रजापति, रागिनी, सुधीर, संतोष इत्यादि उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री ने जतायी नाराजगी



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते राज्यमंत्री

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने सर्किट हाउस पर जिलाधिकारी अनूज झा की उपस्थिति में जल निगम के अधिकारियों व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के साथ नगर में चल रहे सीवर लाइन व एसटीपी के कार्यों की समीक्षा बैठक कर कड़ी फटकार लगाई।

राज्यमंत्री ने कहाकि जहां-जहां सिवर लाइन व एसटीपी के किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। जहाँ-जहाँ सीवर पड़ गए वहां की सड़कों को ठीक कराया जाए जिससे नगरवासियों को राहत मिल सके। सीवर लाइन डालते समय कभी कभी नगर पालिका पाइप टूट जाती है जिससे पानी की सप्लाई में दिक्कत आ जाती है। इस पर विशेष ध्यान रखा जाए जहाँ भी ऐसा होता है वहा पानी की सप्लाई को शीघ्र ठीक कराया जाय।

# सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के सेंट थामस मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक कुत्ता बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

क्षेत्र के बड़ागांव निवासी 29 वर्षीय दीप नारायन पुत्र बिरथू अपने दोस्त खुटहन थाना क्षेत्र के पूरडला गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र मोतीलाल शुक्रवार की देर रात बाइक से घर जा रहे थे कि नयी आबादी मोहल्ला के सेन्ट थामस मोड़ पर अचानक से कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गयी जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बृजेश कुमार की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# शिविर में दी गयी अनुशासन व कड़ी मेहनत की सीख

जनसंदेश न्यूज



शिविर में स्वयं सेवकों को सम्बोधित करती प्राचार्य

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय प्रयागराज मार्ग पर स्थित प्रो. रामनाथ पाण्डेय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन सरायरुस्तम में छात्राओं द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव प्रकाश पांडेय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रमेश यादव ने सचिव प्रकाश पांडेय का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात सचिव प्रकाश पांडेय ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की प्राचार्य ने छात्राओं को अनुशासन, आज्ञापालन के साथ ही कड़ी मेहनत की सीख दी। कार्यक्रम अधिकारी बिंदू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत वाक्य अर्थात प्रत्य वचन बताया। मुझको नहीं तुमको, आप लोगों का यह उद्देश्य होना चाहिए की आप लोग दैनिक कार्यक्रम में इस वाक्य का प्रदर्शन करे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम भी पेश करने के साथ ही स्लोगन के जरिए संदेश भी दिया। रिया और श्रेया ने आभार जताया। इस दौरान डा. कमलेश पांडे, रविशंकर शुक्ल, रमेश यादव, ज्योति पांडे, संजू मिश्रा, अल्पना सिंह, लक्ष्मी मौर्य, धीरज आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों ने कुल 6 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें सभी राजस्व से सम्बंधित थे। मौके पर एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान कोतवाली अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई वरूणेन्द्र राय, एसआई प्रभूनाथ यादव, प्रशांत पांडे समेत राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य को मातृ शोक

**सुइथाकला।** क्षेत्र के ईशापुर गांव निवासी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कुमार सिंह की 86 वर्षीय माता का निधन शनिवार की भोर में लखनऊ स्थित एक मेडिकल कॉलेज में हो गया। सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि श्री सिंह की माता शान्ति देवी काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी जिनका उपचार लखनऊ में चल रहा था। अंतिम संस्कार इमिलिया घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ पुत्र संतोष सिंह के द्वारा मुखाग्नि देकर किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रबंधक देवेश कुमार सिंह, राणा अजित प्रताप सिंह, पत्रकार डॉ. प्रदीप दूबे, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### समाधान दिवस पर छह मामलों का निस्तारण

**खेतासराय।** थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार अमित सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें छह प्रार्थना पत्र पड़े। डीएसपी चोब सिंह की मौजूदगी में जनसुनवाई करते हुए सभी मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक और हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

### किसान पंचायत आज

**चंदवक।** राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण हेतु भूअधिग्रहण से प्रभावित बीस गांवों के किसानों के मुआवजे के संबंध में विचार विमर्श करने के लिए किसान पंचायत का आयोजन मनियारेपुर गांव स्थित ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में 12 मार्च को आयोजित की गईं है। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह ने बताया कि आयोजित की गईं किसान पंचायत में भूअधिग्रहण से प्रभावित किसानों के मुआवजे के अलावा राजमार्ग के अतिशीघ्र निर्माण, रोडवेज बसों के बढ़े हुए किराये, नहरों में समय से पानी की आपूर्ति, खाद बीज की समय से उपलब्धता सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के रामेष्ट एमवी गर्ल्स पब्लिक स्कूल वेलवार में कक्षा 6, 7, 8 के छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में पर्यावरण, स्वच्छता, आधुनिक तकनीक पर प्रोजेक्ट कार्य तैयार कर जानकारी साझा की गयी, जिसमें जूनियर के बच्चों द्वारा कड़ी मेहनत कर प्रोजेक्ट तैयार कर विद्यालय की विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय के प्रबंधक मनोज मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की सराहना करते हुए बताया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। कड़ी मेहनत करके प्रतिभा को निखारा जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत मिश्रा तथा समस्त स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### जनसेवा की भावना को आत्मसात करें शिविरार्थी :दयाशंकर सिंह

**चंदवक।** मां दुर्गा गर्ल्स डिग्री कॉलेज मूर्खा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने कहा कि शिविरार्थियों को समाज के प्रति अपने दायित्वों का एहसास होना चाहिए। जीवन में जनसेवा की भावना को आत्मसात करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. अशोक राय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविरार्थियों ने आसपास गांवों के मलिन बस्तियों में जाकर साफ सफाई की तथा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप सोनकर, डॉ. गोविंद यादव, डॉ. मयंक सिंह, प्रीति सिंह, शालिनी यादव, उमाशंकर सिंह सहित अन्य लोग थे।

# बच्चा जिस भाषा में स्वप्न देखता है, वही उसकी मातृभाषा होती है : प्रो. ओझा

**आयोजन**

### टीडीपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन

जनसंदेश न्यूज





रैली को रवाना करते अतिथिगण

**जौनपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 युवाओं के लिए बहुत ही लाभप्रद है। इसके माध्यम से युवाओं को अपनी अभिरुचि के अनुसार रोजगार परक शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। पुरानी शिक्षा पद्धति में अनेक खामियां थी जिनको नई शिक्षा नीति में दूर करने का प्रयास किया गया है। उक्त उद्गार तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो. रूद्रनारायण ओझा ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में अध्यापक-विद्यार्थी अनुपात 1:30 होगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक देश में 100% साक्षरता हो। हमारी शिक्षा मातृभाषा में हो जिससे हमें विषय को समझने में आसानी होती है।

बच्चा जिस भाषा में स्वप्न देखता है, वही उसकी मातृभाषा होती है। लगातार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करना सच्चे विद्यार्थी का लक्षण है। उन्होंने कहा कि जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए तब तक हमें चैन से नहीं बैठना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉ. आरएन ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव रतन सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा का कार्य है।

इस शिविर से जाने के बाद आप समाज सेवा में लग जाइये। इससे पूर्व प्रथम सत्र में सभी 300 शिविरार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली तथा शिविर स्थल के आसपास एवं टीडी कॉलेज के एनसीसी ग्राउंड की सफाई की, वृक्षारोपण किया तथा पहले से लगे हुए वृक्षों में थाले बनाकर निराई-गुड़ाई की एवं पानी दिया। साथ ही साथ इसी सत्र में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. हरिओम त्रिपाठी, डॉ. माया सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह और डॉक्टर जितेश कुमार सिंह ने भी शिविरार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. हरिओम त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर रजनीकांत, पूनम निषाद, रोली यादव, संजना कनौजिया, पूजा सोनकर, शिखा यादव, रश्मि आनंद, चांदनी, सत्या गुप्त, आकांक्षा प्रजापति, प्रशांत यादव, वैभव सिंह, विकास कुमार, अमित कुमार, रवि पाल, रवि विश्वकर्मा आदि छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**कार्यक्रम**

### 122 शिक्षकों को भाषा व गणित की विशेष तकनीकों से शिक्षा ग्रहण कराने की दी गई जानकारी

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित प्राथमिक विद्यालयों के भाषा व गणित के शिक्षकों को लर्निंग गैप समाप्त करने के लिए चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ जिसमें प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण में आये भाषा व गणित के शिक्षकों को भाषा व गणित की विशेष शिक्षा देने के लिए विशेष स्किल की जानकारी ट्रेनरों द्वारा दी गई। इस दौरान ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से भी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस प्रशिक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी धमार्पुर अरविंद यादव ने प्रशिक्षण में आये हुए सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी शिक्षण व्यवस्था में छात्रों को सर्वोपरि रखा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बताए गए नए-नए तकनीकों को उन बच्चों में ऐसा ग्रहण करा दीजिये जिससे उनकी लर्निंग गैप की समस्या में सुधार हो जाए तथा उनके याद करने की क्षमता में विकास हो। इस प्रशिक्षण में एआरपी महेंद्र यादव, उमेश मिश्रा, प्रवीण सिंह, राजू सिंह, अखिलेश चंद यादव, वीरेंद्र सिंह व आए हुए सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।



शिक्षकों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक

# सरकारी अधिकारियों के साथ इंटरफेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जनसंदेश न्यूज

**सिकरारा।** ब्लाक परिसर में शनिवार को सदभावना एकता मंच व एक्शन एड लखनऊ द्वारा संचालित सरकारी अधिकारियों के साथ इंटरफेस कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें, एक्शन एड फेलो बीनू सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत परिचय करते हुए कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप शंकर श्रीवास्तव आदि ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में दलित, अतिवंचित समुदाय के लगभग 25 गांवों से कुल 130 महिला पुरुषों की उपस्थिति रही। समुदाय के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिसमें महिलाओं को मनरेगा में काम न मिलना, साथ साथ मनरेगा में काम के दिनों की संख्या और मजदूरी बढ़ाने की मांग करना, मनरेगा में किए गए कार्यों का समय से भुगतान न होना, पेंशन पात्रों को पेंशन न मिलना, साथ साथ मंहगाई को देखते हुए पेंशन की धनराशि में बढ़ोत्तरी की मांग, आवास, शौचालय से वंचित आदि से वंचित लोगों ने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। कार्यक्रम में नीतू, राजकुमारी, शीला, चांदनी, दिव्या आदि लोगों ने अपनी बात रखी।

# ग्राम प्रधान व विधायक ने पंचायत भवन निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

जनसंदेश न्यूज



भूमि पूजन करते विधायक व ग्राम प्रधान

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरारा ब्लाक के ग्रामसभा उतरेजपुर में ग्राम प्रधान पार्वती देवी, मल्हनी विधायक लकी यादव द्वारा पंचायत भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया। विधायक लकी यादव ने लगभग दोपहर 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वहां पर चिन्हित भूमि पर पूजा अर्चना करते हुए फावड़े से नींव की खुदाई कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत उतरेजपुर में पंचायत भवन निर्माण होने से गांव का हर एक बैठक इस भवन में आयोजित किए जा सकते हैं और गांव में हर एक योजना उपलब्ध हो जाए तो गांव का तमाम समस्या खत्म हो जाएगी। सेक्रेटरी कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि पंचायत भवन निर्माण का भूमि पूजन विधायक लकी द्वारा किया गया है भवन निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। इस ग्राम पंचायत में आने वाली हर एक योजना घर घर पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रधान पुत्र बृजेश यादव कल्लू ने कहा कि गांव की हर एक योजना लोगों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य और दायित्व है। इस मौके पर प्रधान पति महेंद्र गौड़, प्रधान शैलेश मौर्या, पूर्व प्रधान शुशील यादव, डॉ. राजमूरत यादव, समर बहादुर यादव, माला शुक्ला, कृपा शंकर यादव, उमेश यादव, मोनू यादव, अभिषेक यादव सहित भारी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त तीन आरोपियों को एटीएस ने दबोचा

**कार्रवाई**

**कब्जे से अवैध टेलीकॉम उपकरण, सिमकार्ड, मोबाइल, लैपटॉप व अन्य सामान बरामद**

**जनसंदेश न्यूज**


कोतवाली परिसर में खड़ी एटीएस की गाड़ियां

**जौनपुर।** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बल्लोच टोला स्थित एक मकान से संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त तीन आरोपियों को एटीएस वाराणसी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की रात छापा मारकर हिरासत में ले लिया। तीनों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार वाराणसी एटीएस को सूचना मिली कि नगर स्थित मोहल्ला बल्लोच टोला में अवैध रूप से टेलीकॉम सम्बन्धित उपकरण के माध्यम से धोखाधड़ी मामले में लिप्त हैं। एटीएस ने स्थानीय पुलिस के साथ उक्त मोहल्ले में छापा मारकर वसीम खान पुत्र स्व. अब्दुल कादिर खान, फहीम खान, सलीम खान पुत्र वसीम खान को हिरासत में ले लिया। इनके कब्जे से पांच अदद सिम बॉक्स, अवैध उपकरण, दो अदद फाइबर केबल, तीन फाइबर चार्जर, स्वीच बोर्ड, दो लैपटॉप, पांच कीपैड मोबाइल, तीन एण्ड्रायड मोबाइल फोन, 349 सिमकार्ड, एण्टिना बरामद हुआ। आरोपियों द्वारा अवैध एक्सचेंज चलाया जा रहा था।

शनिवार को एटीएस ने कार्रवाई करते हुए कोतवाली में इन तीनों के खिलाफ धारा 420, 120बी, 3/6, इंडियन वायरलेस टेलीग्राफी एक्ट 1933 व धारा 4/20/21/25 इंडियन टेलीग्राफी एक्ट 1885 व धारा 66/68 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## फर्जी डिप्टी सीएमओ बन डॉक्टरों से की अवैध वसूली

**खेतासराय।** क्षेत्र के दो निजी चिकित्सकों के यहां शनिवार को पहुंचे लोगों ने डिप्टी सीएमओ का धौंस जमाकर अवैध वसूली की। पता करने पर वसूली करने वाले फर्जी निकले। सोंधी के एमओआईसी डा. रमेश चंदा ने ऐसे लोगों से चिकित्सकों को सतर्क रहने को कहा है।

आजाद नहर और सबरहद में चिकित्सालय चला रहे चिकित्सकों ने बताया कि दोपहर में डाक्टर का लोगो लगाए मारुति कार से दो लोग पहुंचे। कार का चालक चिकित्सकों को बुलाकर कार के पास ले गया कि डिप्टी सीएमओ बुला रहे हैं। दोनों चिकित्सकों को धौंस जमाकर अवैध वसूली की गई। भुक्तभोगी डाक्टरों ने अन्य परिचित डाक्टरों को फोन करके बता दिया कि क्षेत्र में डिप्टी सीएमओ आए हैं। जांच की जानकारी होते ही अन्य निजी डाक्टरों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने पीएचसी सोंधी के प्रभारी चिकित्साधिकारी से संपर्क कर जानकारी लेना चाहा तो पता चला कि आज कोई डिप्टी सीएमओ या विभागीय अधिकारी नहीं आए थे। बाद में पता चला कि धौंस जमाकर अवैध वसूली करने वाले फर्जी थे।

## दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने चलाया व्यायाम व स्वच्छता अभियान

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने प्रार्थना एवं व्यायाम व सूक्ष्म जलपान किया। उसके बाद स्वच्छता कार्य के अंतर्गत मलिन बस्ती जमौली में साफ-सफाई का अभियान चलाया तथा गांववासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।


कालेज परिसर में श्रमदान करते स्वयंसेवक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र सिंह ने अनुशासन एवं आत्मानुशासन पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अवधेश कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की दिनचर्या एवं महत्व के बारे में विस्तार से मनुष्य को मनुष्य कैसे बनना है इसके बारे में और सदाचार तथा नशा मुक्ति के बारे में बताया। इस अवसर पर हिंदी प्राध्यापक जितेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के बारे में प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी डॉ. इन्द्र बहादुर सिंह एवं आभार ज्ञापन डॉ. आलोक प्रताप सिंह विशेन ने किया।

## संक्षेप

### बढ़ती हुई जनसंख्या देश के विकास में बाधक : प्राचार्य

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका विश्व स्वास्थ्य दिवस तथा विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व जनसंख्या दिवस पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य प्रोफेसर एसके पाठक ने विश्व जनसंख्या दिवस पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अतिशय बढ़ती हुई जनसंख्या देश के आर्थिक विकास में बाधक है। हमें जनसंख्या को नियंत्रित करना चाहिए। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मौर्य ने कहा कि देश की जनसंख्या देश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के अनुपात में होनी चाहिए तभी देश का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस अनुकूल अनुपात से जनसंख्या का कम या अधिक देश के आर्थिक विकास में बाधक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपाचार्य प्रोफेसर अंजनेय पांडे, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉक्टर त्रिपुरारी उपाध्याय, डॉक्टर पवन मिश्रा, डॉक्टर दुर्गेश्वरी पांडे, डॉक्टर देवेंद्र उपाध्याय, डॉक्टर दया सिंधु एवं अन्य महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**गौराबादशाहपुर।** करंजाकला ब्लाक के तियरी प्रेमापुर स्थित आरके आदर्श हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मेधावी बच्चों को मेडल व अवार्ड देकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। छात्राओं ने



सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव व संचालन प्रधानाचार्य मायाकांत यादव ने किया। प्रबंधक रामकरन यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राहुल त्रिपाठी, घनश्याम यादव, विजय प्रताप यादव, संतोष यादव, धर्मेन्द्र सेठ, रामआसरे विश्वकर्मा, आरपी पाल, मनोज, कृष्णकांत, अच्छेलाल, लक्ष्मीकांत आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधान समेत तीन पर मारपीट का मुकदमा

**खेतासराय।** मानीकला बाजार में शुक्रवार की रात एक युवक को मारने पीटने और चाकू मारने के मामले में पुलिस ने समदहां गांव के पूर्व प्रधान समेत तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। सरायख्वजा थाना क्षेत्र के समदहां गांव निवासी मनोज यादव पुत्र अमरनाथ यादव का आरोप है कि शुक्रवार की देर शाम वह मानीकला बाजार से बाइक से घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने रंजिशन उसे रोककर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपित भाग लिए। लोगों की मदद से पीएचसी सोंधी में उपचार कराने के बाद घायल मनोज ने समदहा गांव के पूर्व प्रधान समेत तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।

### पुलिस से उलझना पड़ा भारी, हुआ चालान

**लालानगर।** गोपीगंज नगर के उत्त मोहाल में होली के दूसरे दिन मनबढ़ युवक का पुलिस से उलझना भारी पड़ गया। पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया। बताया जाता है कि होली के दूसरे दिन खरहट्टी मोहाल में डीजे बजा कर आने जाने वाले लोगों के ऊपर रंग अबीर फेकना लोगों के साथ अभद्रता करने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने जब डीजे बंद कराना चाहा तो उत्त मोहाल निवासी एक युवक पुलिस से उलझ गया और नाजायज दबाव बनाने लगा थोड़ी देर बाद फिर पुलिस पहुंची लेकिन वह घर से बाहर नहीं निकला ऐसे में कोतवाल सदानंद सिंह के निर्देश पर युवक को पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया और शांति भंग में चालान कर दिया। बताते है कि युवक की पैरवी करने कई लोग कोतवाली पहुचे लेकिन कोतवाल ने कहां की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी ।

### लोन देने के नाम पर खाते से ट्रांसफर कराए 81674 रुपये

**गोपीगंज।** कोतवालली गोपीगंज में शनिवार को तहरीर देकर विजय कुमार यादव पुत्र धनई ग्राम नथईपुर ने कहा की मेरे पुत्र राजकुमार यादव को पांच लाख रुपए लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके दिनांक 3 जनवरी 2023 से लेकर दिनांक 5 जनवरी 2023 तक पार्वती नामक अकाउंट में 40,000 तथा राजवीर करू के नाम पर बाकी रुपए कुल टोटल 81674 रुपये ट्रांसफर करवा लिए और लोन के नाम पर आनाकानी करता रहा, जब मुझे इस बात का आभास हुआ कि मेरे साथ धोखाधड़ी की है। रुपए की मांग की गई परंतु वह वापस नहीं किया। थाना गोपीगंज में तहरीर देकर धोखाधड़ी के आरोप में खाताधारक पार्वती, राजवीर करू पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया। पुलिस मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### टाइम एंड मोशन का पालन न करने पर बीएसए ने सात अध्यापकों का रोका वेतन

**ज्ञानपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते रहते हैं। इसी क्रम में शनिवार को प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव व कंपोजिट विद्यालय भरतपुर का औचक निरीक्षण किया। बीएसए के निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर में दो अध्यापक अनुपस्थित पाए गए। कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव में फर्नीचर स्टोर रूम में रखा हुआ पाया गया जिसे बीएसए ने एक सप्ताह के अंदर सही कराने का निर्देश दिया। नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति कम पाए जाने पर प्रधानाध्यापक को चेतावनी दी। बीएसए ने कंपोजिट विद्यालय भरतपुर का निरीक्षण किया जहां पर सात अध्यापक हस्ताक्षर करके चले गए थे। टाइम एंड मोशन का पालन न करने पर बीएसए ने सभी अध्यापकों का एक दिन का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा, साथ ही सभी शिक्षकों को चेतावनी दी कि टाइम एंड मोशन का पालन करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## युवा देश के भविष्य हैं : डॉ. ममता


मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत करती छात्रा

**शिविर**

**मोहम्मद हसन कॉलेज में शिविर का दूसरा दिन**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. ममता सिंह उपस्थित रही। डा. ममता सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा देश के भविष्य हैं जो हर वक्त देश की सेवा में अपना योगदान देते रहते हैं। आए हुए अतिथियों का स्वागत अहमद अब्बास खान ने किया। सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रवीण यादव ने किया। इस बीच डा. राकेश कुमार बिंद, डा. विवेक विक्रम सिंह, डा. नीलेश सिंह, डा. दयानंद उपाध्याय, आंचल मौर्य, राजन पांडेय सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित सिंह ने किया।

# डीएम व एसपी की मौजूदगी में समाधान दिवस आयोजित


समाधान दिवस में फरियादियों को सुनते डीएम व एसपी

**आयोजन**

**थाना जफराबाद में जनता की समस्याओं का किया गया निस्तारण**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा द्वारा थाना जफराबाद में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी कानूनगो और लेखपालों को अवैध कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं और निर्देशित किया कि थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण संवेदना पूर्वक और गुणवत्तापूर्ण शतप्रतिशत निस्तारण शीघ्र करे। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में पुलिस की टीम के द्वारा अकेले जांच की गई थी उन शिकायतों को राजस्व की टीम भी भेजकर निस्तारण कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा थाना समाधान दिवस रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया जिसमें उन्होंने पाया कि टीम के द्वारा प्राप्त शिकायतों का सही प्रकार से निस्तारण किया गया है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी गरीब, असहाय के पट्टे तथा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने दें और अवैध रूप से कब्जा करने तथा प्रताड़ित करने वाले भूमाफियों के खिलाफ एंटी भूमाफिया एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाई करें।

## समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी गयी समस्यायें

**पवांरा।** थाना प्रांगण में शनिवार को तहसीलदार मूसा राम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल तीन प्रार्थना-पत्र आये और तीनों राजस्व से सम्बन्धित थे। तहसीलदार ने मामले को निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित हल्के के लेखपाल को दे दिया। कोतवाली मछलीशहर में क्षेत्राधिकारी अतर सिंह के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 4 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 1 का निस्तारण मौके पर कर दिया। प्रार्थना पत्रो में राजस्व से संबंधित की संख्या अधिक थी। समाधान दिवस पर प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, हेड कांस्टेबल धनंजय पाठक, संदीप यादव समेत लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे।

## सगे भाई ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

**दबंगई**

**जमीन के विवाद में धारदार हथियार से की हत्या**

**सुरियावां क्षेत्र के पकरी कला गाँव का मामला**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के पकरी कला वारी गाँव में सगे भाई द्वारा खून के रिश्ते को कलंकित करते हुए धारदार हथियार से अपने बड़े भाई की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि सुरियावां के पकरी कला वारी गांव में जगदंबा प्रसाद यादव के दो पुत्रों के बीच काफी लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात भी राजनाथ यादव उम्र 75 वर्षी व उनके छोटे भाई के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि छोटे भाई ने आवेश में आकर राजनाथ के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए राजनाथ को आनन-फानन में नजदीकी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया।

घटना की जानकारी होते ही मौके पर सीओ अजय कुमार चौहान व सुरियावां पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी की तलाश में जुटी है। परिजनों के मुताबिक आरोपी नशे का आदि था।

### कांशीराम जयंती मनाने को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी

**भदोही।** बहुजन समाज पार्टी की अतिमहत्वपूर्ण जिला स्तरीय समीक्षा एवं कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमरेन्द्र बहादुर भारतीय मुख्य जोन इन्चार्ज प्रयागराज मंडल एवं मीरजापुर मण्डल साहब रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलाल पाल मंडल जोन इंचार्ज मीरजापुर मंडल, साहब ने किया। 15 मार्च को कांशीराम जयंती मनाने और मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जोन इंचार्ज एवं जिला कमेटी एवं विधानसभा कमेटी के लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसमें उपस्थित शिवबोध राम पूर्व विधान पारिषद सदस्य व मंडल जोन इन्चार्ज मीरजापुर मंडल, व बैजनाथ गौतम, जयशंकर यादव, राम जियावन कश्यप, आजाद मौर्य, सादाब अंसारी, रतनलाल यादव, लल्लू प्रसाद गौतम, हलधर गौतम, सुनील कुमार गौतम, राजेश प्रसाद भास्कर, राकेश प्रजापति, राजेश कुमार गौतम, राकेश कुमार गौतम, वीएफ संयोजक, महेन्द्र कुमार गौतम, राजनारायण गुप्ता सहित उदयभान पाल सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शासनादेश को ताक पर रखकर लेखपाल को मिली गृह विकास खंड में तैनाती

**जनसंदेश न्यूज**

**मनमानी**

**तहसील प्रशासन एक लेखपाल पर दिख रहा मेहरबान**

**ज्ञानपुर।** तहसील प्रशासन भदोही इस समय एक लेखपाल पर काफी मेहरबान दिख रहा है। मेहरबानी इतनी की उस लेखपाल को दूसरे विकास खंड से स्थानांतरण कर उनके गृह ब्लाक क्षेत्र के एक राजस्व ग्रामसभा में तैनात कर दिया गया जो नियम और शासनादेश दोनों के ही विरुद्ध है। लेखपाल की तैनाती किस नियम, कानून एवं शासनादेश पर किया गया। यह सभी के समझ से परे की बात है।

जी हां तहसील भदोही में कुछ ऐसा ही हुआ है और हम जिस लेखपाल की बात कर रहे वह अमरेश दुबे है। जो पहले भदोही तहसील क्षेत्र के सुरियावां विकास खंड के सुपजे सिंह, पट्टीबेजाव व बिहियापुर गांव को देखते थे। उस गांव में वह लेखपाल के पद पर तैनात रहे। लेकिन अचानक तहसील प्रशासन का उनके प्रति इतना प्रेम जागृत हो गया कि उनके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर दिया गया। लेखपाल अमरेश दुबे को वहां से स्थानांतरित कर भदोही विकास खंड के राजस्व ग्रामसभा पिपरीस की जिम्मेदारी दे दी गई। जबकि लेखपाल अमरेश दुबे भदोही विकास खंड के भगवानपुर कनेहरी गांव के मूल निवासी हैं। हालांकि लेखपालों की तैनाती एवं स्थानांतरण शासनादेश को देखा जाए तो उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि लेखापाल की साधारणतया गृह निवास के विकास खंड को छोड़कर गृह तहसील में भी आवश्यकतानुसार स्थानांतरित किया जा सकता है। वैसे सुरियावां विकास खंड में भी उनकी तैनाती नियम के अनुसार तो सही नहीं था। लेखपाल अमरेश दुबे की यह तैनाती तहसील भदोही में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी भदोही से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नही उठाया।

शासनादेश के बावजूद भी तहसील प्रशासन द्वारा किस आधार, किस नियम व कानून के तहत लेखपाल अमरेश दुबे को उनके गृह विकास खंड में तैनात कर दिया गया। लेखपाल अमरेश दुबे की यह तैनाती तहसील भदोही में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 35 शिकायतों का मौके पर ही किया निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**


कोतवाली भदोही में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एसडीएम व कोतवाल

**ज्ञानपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर ₹थाना समाधान दिवस₹ का आयोजन किया गया।

जनपद के समस्त पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा राजस्व कर्मियों के साथ थानों पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती एसडीएम औराई द्वारा संयुक्त रूप से द्वारा थाना औराई पर एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा संबंधित थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-91 प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 35 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। साथ ही 31 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया एवं शेष 25 प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

**समाधान दिवस**

**31 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया**

**25 प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिए गए व्यापक निर्देश**

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## धूमधाम से मना महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव, मेधावी पुरस्कृत

**समारोह**

**डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**


वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो ब्रह्मदेव, निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्यगण डॉ. श्याम गुप्त, डॉ. अजय गोस्वामी, डॉ. शिवनरेश मिश्र, डॉ. सत्येंद्र प्रसाद के साथ डॉ. ब्रजेश सिंह, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुसाफिर खाना, अमेठी, डॉ. वर्षा रानी, हिंदी विभाग, डॉ. हरीराम यादव, जंतु विज्ञान विभाग राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुसाफिरखाना उपस्थित थे। प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम ने अतिथियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना अर्चना विश्वकर्मा ने, डिंपल ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। नैक प्रभारी अनुराग सिंह ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति की आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम के कुशल नेतृत्व में आईआईसी रैंकिंग में थ्री स्टार प्राप्त करने, महाविद्यालय में पीजी कोर्स प्रारंभ होने, रोवर्स रेंजर्स एनएसएस की गतिविधियों के साथ-साथ महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों में बढ़ोतरी को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि प्रो. ब्रह्मदेव ने शिक्षा में तकनीकी और मोबाइल के बढ़ते प्रयोग के साथ शिक्षण अधिगम विधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रुस्तम अली और डॉ शिखा तिवारी ने किया।

# पीएम आवास योजना से बने मकानों की बीएसए ने की जांच

**जनसंदेश न्यूज**

**जायजा**

**तीसरी किश्त के लाभ से वंचित लाभार्थियों की बनाई सूची**

**भदोही।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों की जांच करने के लिए शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह नगर में पहुंचे। उन्होंने नगर के जलालपुर मोहल्ले में पहुंचकर पीएम आवास योजना के तहत बने लाभार्थियों के मकानों की जांच की और तीसरे किस्त के लाभ से वंचित लाभार्थियों की सूची बनाई।

इस दौरान बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के जो भी लाभार्थी है। पात्र मिलने पर लाभार्थी को नींव के लिए पहली किस्त 50 हजार रुपए दिए जाते हैं। दूसरी किस्त में छत तक के लिए डेढ़ लाख रुपए दिए जाते हैं। इसके साथ ही छत पूरा होने के बाद एक बार फिर तीसरे किस्त के रुप में उनको 50 हजार रुपए मिलता है।

उन्होंने वहां पर पहुंचकर इस योजना के लाभार्थियों से पूछताछ किया कि उनको योजना की पूरी किस्त मिला गया है की नहीं। कुछ लोगों ने बताया कि अभी विभाग द्वारा अंतिम किस्त जारी नहीं किया गया। बीएसए ने उनका नाम नोट कराया और कहा कि उनका अंतिम किस्त के रुप में विभाग द्वारा 50 हजार रुपया जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने योजना के तीनों किस्त का लाभ ले चुके लाभार्थियों के मकानों को भी देखा और कहा कि जो लाभार्थी इस योजना के दो किस्तों का लाभ ले चुके हैं और मकान नहीं बनवाएं है। वह अपने मकान को जल्द से जल्द बनवा लें। इस मौके पर विभाग के एआरपी विनोद कुमार सिंह व एमडीएम सेल के अरविंद मौर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।


पीएम आवास योजना से बने मकानों की जांच करते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

# राग मारवाह में बंदिश और सुरमंडल ने बांधा समा

वाराणसी। माहौल में सर्वत्र हरी भरी वादियां। विशालकाय उद्यान में पेड़ों पर चहचहाती चिड़ियों का झुंड। मयूर भी अपनी मधुर आवाज से सभी को लुभा रहे थे। उद्यान में कुर्सियों के अलावा हरी-हरी घासों पर गद्दा लगा कर उस पर सफेद चांदनी भी बिछायी गई थी। उद्यान में कुर्सियों पर पहले से ही गायन के लिए इंतजार करते सुधि श्रोताजन। सामने गायन के लिए गेंदा व गुलाब के फूलों से भव्य सजा मंच। उद्यान में चारों तरफ तरह-तरह के फूलों के पौधे अपनी सुंदरता के साथ ही सुगंध भी बिखेर रहे थे। परिसर में चारों तरफ छोटे-ठोटे मिट्टी के पात्रों में पानी भर कर उसमें गुलाब व डहेलिया के फूलों से की गई सजावट यहां की भव्यता और भी बढ़ा रहे थे। वातावरण में इत्र-गुलाब-खस व केवड़े की खूशबू फिजां भी फैली हुई थी जो हर किसी को आकर्षित करने के लिए काफी था। परिसर के बगल में पतित पावनी मां गंगा का तट सुरम्य वातावरण को और भी चौगुना कर रहा था। अवसर था शनिवार को सायंकाल सामनेघाट स्थित ज्ञान प्रवाह एवं संगीत परिषद काशी के संयुक्त तत्वावधान में वार-ंतिकी कार्यक्रम का। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे दिग्गज गायक कलाकार पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान।





भरी महफिल से पूछा, आप सब से इजाजत चाहता हूं

ज्ञान प्रवाह व संगीत परिषद की ओर से वासंतिकी का आयोजन

पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान की गायकी पर झूमते रहे श्रोता





## इन विशिष्टजनों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में वैसे तो भारी संख्या में लोग मौजूद थे। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती विमला पोद्दार, प्रो. युगल किशोर मिश्र, प्रो. अंजन चक्रवर्ती, मंजू सुंदरम, शशांक सिंह, प्रो. विदुला जायसवाल, प्रो. कमल गिरी, अशोक कपूर, राजेश जैन, प्रो. सुशीला सिंह, विनोद अग्निहोत्री, विनय जैन, डा. रूबी शाह, गोकुल शर्मा समेत काफी लोग मौजूद थे।

## उस्ताद के आने के पूर्व ही भरा कार्यक्रम स्थल

उस्ताद राशिद खान निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक सायंकाल पांच बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। लेकिन मंच पर सायंकाल 5.30 बजे पहुंचे। उस्ताद के आने के पूर्व ही कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से खचाखच भर गया था। इनमें सुधिजन संगीत रसिकों के अलावा महिलाएं भी थीं। इनमें काफी संख्या में विदेशी भी रहे। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व न्यासी युगल किशोर मिश्र व हर्षवर्धन नेवटिया ने गंगा पूजन किया। यह संगीत का आयोजन राधा-कृष्ण के सानिध्य में किया गया था। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष हर्षवर्धन नेवटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें बहुत ही खुशी हो रही है कि आज ज्ञान प्रवाह 25 वर्ष पूरे कर रहा है। यहां पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। जिसमें संगोष्ठी, राष्ट्रीय संगोष्ठी, वर्कशाप व संगीत के आयोजन होते हैं। यहां पर अपना संग्रहालय भी है। मेरे ताऊजी सुरेश बाबू का यह सपना था। उन्होंने भारतीय इतिहास का अध्ययन किया। इसका संकलन यहां पर है जो कि गौरव का विषय है। मेरी बड़ी मां श्रीमती विमला पोद्दार कहती हैं कि सब मां गंगा की कृपा है। इस मौके पर न्यासी विक्रम नेवटिया ने पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान समेत अन्य कलाकारों को अंगवस्त्रम ओढ़ा कर सम्मान किया। इसके बाद उस्ताद राशिद खान का गायन प्रारंभ हुआ। उस्ताद ने गायन के पूर्व सुरमंडल को संवारा सजाया और संगत कलाकारों को इशारा किया। श्रोताओं की ओर मुखातिब होकर बोले- आप सब से इजाजत चाहता हूं। कहा कि राग मारवाह में बंदिश सुना रहा हूं। सुरमंडल से राग के स्केल का रिहर्स जैसे किया और फिर राग मारवा में बंदिश सुनायी। बंदिश के बोल थे- पिया मोरे आये। इसके बाद उन्होंने ख्याल गायकी के अलावा ठुमरी, भजन और तराना गायकी से सुर-ताल व लय की मंजुल सरिता बहा कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। उनके साथ अरमान खान व नागनाथ अडगांवकर (गायन) डा. विनय कुमार मिश्र (हारमोनियम), पं. रामकुमार मिश्र (तबला) व मुराद अली खान (सारंगी) पर बखूबी संगत कर रहे थे। इस अवसर पर ज्ञान प्रवाह के गौरवपूर्ण 25वें वर्ष पर रजत जयंती स्मारिका का लोकार्पण किया गया। स्वागत संबोधन संस्था के अध्यक्ष हर्षवर्धन नेवटिया तथा मुख्य कलाकारों का परिचय न्यासी प्रो. अंजन चक्रवर्ती ने दिया। संचालन सहायक निदेशक डा. नीरज कुमार पांडेय कर रहे थे। धन्यवाद ज्ञापन संगीत परिषद के अध्यक्ष विनय जैन ने दिया।

# क्रिकेटर बनना चाहते थे उस्ताद राशिद खान

### बेहद खास है उस्ताद की गायकी का अंदाज

### परिवार की परम्परा से दूर नहीं जा सके उस्ताद

राधेश्याम कमल



वाराणसी। उस्ताद राशिद खान ने वैसे तो महज ग्यारह साल की उम्र में दिल्ली में अपना पहला प्रोग्राम दिया था लेकिन वह संगीतकार नहीं बनना चाहते थे। दरअसल वे एक क्रिकेटर बनना चाहते थे। लेकिन अपने परिवार की परम्परा से वह दूर नहीं रह पाये। वहीं गजल और कुछ प्रोग्राम देखने के बाद संगीत के प्रति उनकी दिलचस्पी बढ़ गई। पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान इनायत हुसैन खान के परपोते और गुलाम मुस्तफा खान के भतीजे हैं। हालांकि संगीत की शिक्षा उन्होंने अपने मामा निसार हुसैन खान से ली थी। इसके अलावा उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान से भी गायन के गुर सीखे। यह शिक्षा-दीक्षा उस समय ही शुरू हो गई थी जब राशिद खान महज छह वर्ष के थे।

### महज 11 वर्ष की उम्र में की करियर की शुरुआत

एक जुलाई 1966 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में जन्मे उस्ताद राशिद खान की करियर की शुरुआत महज 11 वर्ष की उम्र से की। रामपुर सहास्वन घराने के उस्ताद राशिद हुसैन भारतीय शास्त्रीय संगीत के एक दिग्गज कलाकार हैं। उन्होंने अपना पहला कार्यक्रम महज 11 वर्ष की उम्र में दिया था। वह तराना में पूर्ण रूप से पारंगत है। वे हमेशा संगीत के साथ नये-नये प्रयोग करते रहते हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में बेहतरीन गानों में अपनी आवाज दी जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। उस्ताद राशिद खान जब सुर छेड़ते हैं तो हर कोई दीवाना हो जाता है। वह संगीत की साधना कुछ इस तरह करते हैं कि श्रोता अपना सुधबुद खो देते हैं। वैसे तो उन्हें हिंदुस्तानी संगीत में ख्याल गायकी के लिए जाना जाता है लेकिन ठुमरी, भजन और तराना में उनके जैसे कम ही हुए हैं।

### यूपी के बदायूं में जन्म हुआ था राशिद खान का

अपनी आवाज का लोहा मनवा चुके उस्ताद राशिद खान का जन्म उ.प्र. के बदाऊं जिले में हुआ। बाद में मुंबई और फिर कोलकाता चले गये। उस्ताद ने शुद्ध भारतीय संगीत को हल्की संगीत शैलियों के साथ संयोजित करने का भी प्रयोग किया। इनसे नीना पिया (अमीर खुसरो के गाने) के साथ सूफी फ्यूजन रिकार्ड करने से लेकर पश्चिमी वाद्य यंत्र लुई बैंक्स के साथ प्रयोगात्मक संगीत कार्यक्रम शामिल है। इसके अलावा वह सितारवादक शाहिद परवेज और अन्य के साथ भी अपने संगीत के करतब दिखा चुके हैं। उस्ताद राशिद खान बालीवुड फिल्मों में भी अपनी आवाज का जादू दिखा चुके हैं। हम दिल दे चुके सनम का अलबेलो साजन आयो रे और वी मेट का आयोगे जब तुम हो साजना उनके हुनर के चंद नगीनों में शामिल है।

### पं. भीमसेन जोशी ने की थी उस्ताद की तारीफ

वर्तमान में कोलकाता में रहने वाले उस्ताद राशिद खान की तारीफ दिग्गज कलाकार पं. भीमसेन जोशी ने की। उन्होंने राशिद खान को भारतीय संगीत का भविष्य बताया था। उनकी गायकी रामपुर सहमवान गायकी (गायन की शैली) ग्वालियर घराने से ताल्लुक रखती है। इसमें मध्यम गति, पूर्ण कंठ स्वर और जटिल लयबद्ध गायकी शामिल है। राशिद खान धीरे-धीरे अपने चाचा गुलाम मुस्तफा खान की शैलियों में अपने बिलंब विचारों में स्पष्टता जोड़ दी है। वह आमिर खान व पं. भीमसेन जोशी की शैली से प्रभावित है। वैसे उनके गायन का अंदाज कुछ अलग ही है। कई पुरस्कारों से नवाजा गया। उस्ताद राशिद खान को कई पुरस्कार मिले। महज 14 वर्ष की उम्र में आईटीसी में शामिल हो गये। उन्हें स्कालरशिप भी मिला। राशिद खान पद्मश्री व पद्मभूषण जैसे पद्म पुरस्कार से नवाजे जा चुके हैं। इसके अलावा उन्हें संगीत नाटक अकादमी, भारतीय संगीत अकादमी और महान संगीतकार आदि समेत न जाने कितने ही अनगिनत अवार्ड मिले हैं।

# मोदी-योगी सरकार के विकास कार्य विपक्षी दलों की समझ से बाहर

जनसंदेश न्यूज

पत्रकार-वार्ता

### प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप बोले



वाराणसी। सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आरोप लगाया है कि विपक्षी दलों को मोदी-योगी सरकार का नारा 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' और इस दिशा में व्यापक स्तर पर किए जा रहे कार्य समझ में नहीं आ रहे हैं। उन दलों के लिए इसे समझना मुश्किल-सा भी लग रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पेश बजट में ओबीसी तथा दिव्यांगजनों के हित में सैकड़ों हजार रुपये की मंजूरी दी है। सर्किट हाउस सभागार में शनिवार की शाम श्री कश्यप ने पत्रकार वार्ता में यह कहा। उन्होंने बताया कि बीते फरवरी में लखनऊ में हुए ग्लोबल इनवेस्टर समिट में दुनिया के तमाम देशों के उद्योगपतियों ने 34 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश का प्रस्ताव दिया। फलस्वरूप उत्तर प्रदेश आगामी छह माह में उत्तम प्रदेश के रूप में दिखेगा। उन्होंने कहा कि गरीब व कमजोर पिछड़ी जाति के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में अब धनाभाव बाधक नहीं बनेगा। कारण, सीएम द्वारा पेश बजट के तहत सभी पात्रों को छात्रवृत्ति समय से उनके खातों में भेजी जा रही है। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए भी राज्य सरकार ने भारी-भरकम बजट उपलब्ध कराया है। श्री कश्यप ने कहा कि योगी सरकार ने सड़क, बिजली, पानी, आवागमन के साधन, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए जहां सशक्त ढंग से कार्य किया वहीं अपराधियों के खिलाफ मजबूती के साथ कड़े कदम उठाए हैं।

# मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा विराम

### सूर्य की राशि परिवर्तन के साथ शुरू होगा खरमास

### मई तक नहीं मिलेंगे वैवाहिक मुहूर्त, बृहस्पति भी होंगे अस्त

### चार राशियों का होगा भाग्योदय



वाराणसी। सूर्य की राशि परिवर्तन के साथ 15 मार्च से खरमास की शुरूआत होगी। इसके साथ ही 14 अप्रैल तक मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा, लेकिन धार्मिक कृत्य विधि-विधान से संपन्न होंगे। सूर्य का कुंभ से मीन राशि में आगमन चार राशि वालों का भाग्योदय करेगा जबकि बाकी राशियों के लिए मिलाजुला प्रभाव रहेगा। खरमास के कारण 14 अप्रैल तक और बृहस्पति के अस्त होने के कारण मई तक विवाह के मुहूर्त नहीं मिलेंगे। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक भगवान भास्कर कुंभ से मीन राशि में 15 मार्च को प्रातः 6.34 बजे प्रवेश करेंगे और 14 अप्रैल तक दिन में 2.52 बजे तक रहेंगे। 15 मार्च को प्रातः 7.34 मिनट तक ज्येष्ठा नक्षत्र तथा दिन में 12.52 बजे तक सिद्धियोग रहेगा। मीन राशि में सूर्य के प्रवेश से मीन संक्रांति का पुण्यकाल सूर्योदय से दिन में 12.58 बजे तक रहेगा। इस अवधि में स्नान-दान और जप कर-के पुण्यलाभ प्राप्त करना चाहिए। मीन संक्रांति के प्रारंभ में चंद्रमा वृश्चिक राशि में, सूर्य व गुरु मीन राशि, मंगल मिथुन राशि, बुध व शनि कुंभ राशि, शुक्र व राहु मेष राशि तथा केतु तुला राशि में विराजमान रहेंगे।

### नये राजनीतिक समीकरण बनेंगे

ग्रहयोगों के कारण अनहोनी घटनाओं से जनमानस को रूबरू होना पड़ेगा। संपूर्ण विश्व में नवीन राजनीतिक समीकरण बनेंगे, दैवीय आपदा, जल-थल वायुयान दुर्घटनाओं का प्रकोप तथा कहीं-कहीं पर आगजनी की आशंका रहेगी। मंत्रिमंडल में परिवर्तन का भी योग बना रहेगा। सूर्य के राशि परिवर्तन से वृषभ, मिथुन, तुला व मकर राशि वालों का भाग्योदय होगा। जिन व्यक्तियों को सूर्य ग्रह का शुभफल प्राप्त न हो रहा हो, शनिग्रह की अढ़ैया या साढ़ेसाती का कुप्रभाव हो, उन्हें अपने हर कार्य में सजगता बरतनी चाहिए और जोखिम के कार्यों से बचना चाहिए।सूर्य के राशि परिवर्तन से मांगलिक कार्यों विवाह, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नव प्रतिष्ठान, वधू प्रवेश, मुंडन, उपनयन संस्कार, देव प्रतिमा प्रतिष्ठा आदि कार्य खरमास तक स्थगित रहेंगे।

# पं. छन्नू लाल मिश्र को अब नहीं सतायेगा कमर का दर्द

मिला उपहार

### कुसुम मोहले स्मृति सनातन न्यास ने भेंट की लिफ्ट चेयर



वाराणसी। पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने कुसुम मोहले स्मृति सनातन न्यास की ओर से प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पद्मविभूषण पं छन्नूलाल मिश्र को ₹ लिफ्ट चेयर ₹ प्रदान किया । श्री मोहले ने शनिवार को उनके विरदोपुर स्थित आवास पर जाकर लिफ्ट चेयर भेंट की। इस मौके पर उनकी पुत्री डॉ नम्रता मिश्रा और सुबह- ए- बनारस के अजय गुप्ता मौजूद रहे । गौरतलब है कि पं छन्नू लाल मिश्र पिछले कुछ दिनों से कमर की समस्या से पीड़ित हैं जिसके चलते उन्हें उठने बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । चिकित्सकों ने उन्हें लिफ्ट चेयर का इस्तेमाल करने की सलाह दी थी । इसके मद्देनजर रामगोपाल मोहले ने सनातन न्यास की ओर से उन्हें लिफ्ट चेयर प्रदान किया। रिमोट आधारित इस चेयर से उन्हें उठने बैठने और लेटने में असुविधा का सामना नहीं करना होगा। साथ ही एक विशेष प्रकार की फिजियोथेरेपी भी हो सकेगी। पं छन्नू लाल मिश्र ने इस मौके पर रामगोपाल मोहले और कुसुम मोहले स्मृति न्यास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन न्यास धर्म व सँस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही शास्त्रीय संगीत व उसके साधकों के लिए भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने न्यास की ओर से आगामी नवसंवत्सर का स्वागत व अभिनंदन करने के लिए उस दिन उदित होने वाले सूर्य को गंगा तट पर अर्घ्य देने के अभियान में शामिल होने की अपील काशीवासियों से की तथा उस दिन स्वयं भी उस कार्यक्रम में शामिल होने का संकल्प लिया ।